सूर्योदय 6:02 सूर्यास्त 6:43

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 21.5 अधि |
| धर्मशाला | 15.2 न्यू | 26.6 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74248.22 |
| निफ्टी | 22513.70 |
| सोना | 69,980 |
| चांदी | 81,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 8 अप्रैल, 2024 | 26 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 110, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



आज के अंक में

- बागी विधायकों को उकसा कर प्रतिभा व विक्रमादित्य ने लिया यू-टर्न: जयराम
- जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश में कांग्रेस, ऐलान को अभी इंतजार

पृष्ठ 3 पर पढ़ें





- नादौन में प्रवासियों की झोपड़ियां राख
- पौणाहारी के जयकारों से गूंजा बाबा जी का दरबार

पृष्ठ 5 पर पढ़ें





- आचार संहिता तोड़ने पर सोलर लाइट पोल और सामान जब्त
- उपचुनावों के लिए गगरेट में कांग्रेस जल्दबाजी में नहीं लेगी कोई निर्णय

पृष्ठ 7 पर पढ़ें





- कृति सेनन बोलीं-बॉलीवुड में न तो एकता है और न ही समर्थन
- मुंबई ने चखा पहली जीत का 'स्वाद'

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




## आज का मैच



चेन्नई सुपर किंग्स vs कोलकाता नाइट राइडर्स



स्थान: चेन्नई, समय : रात 7:30 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने करवाई भुप्पी गैंग के मेंबर की हत्या

**नई दिल्ली।** भारत के मोस्टवांटेड आतंकवादी गोल्डी बराड़ ने रूस में गैंगस्टर भुप्पी राणा गैंग के एक मेंबर की हत्या करवा दी। गोल्डी बराड़ ने पोस्ट कर मर्डर की जानकारी ली है। गोल्डी बराड़ ने दावा किया है कि कुख्यात गैंगस्टर भुप्पी राणा जो उसका धुर विरोधी है, उसने अपने गैंग के मेंबर को मुखबिर बनाकर गोल्डी के गैंग में एंट्री करवाई थी। अजय राणा नाम का शख्स गोल्डी के करीबियों के साथ घुल मिल गया और गोल्डी बराड़ समेत उसके गैंग के मेंबर्स की लोकेशन और एक्टिविटी को ट्रैक करने लगा। गोल्डी ने सोशल मीडिया पर हत्या के बाद अजय राणा की फोटो भी जारी की है। बता दें कि गोल्डी बराड़ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य है। गोल्डी बराड़ अमेरिका में पनाह लेकर बैठा है।

### 54 साल बाद आज लगेगा दुर्लभ सूर्य ग्रहण, भारत में नहीं दिखेगा



**नई दिल्ली।** चैत्र अमावस्या पर साल का पहला सूर्य ग्रहण आठ अप्रैल को लगेगा। अमावस्या पर सूर्य ग्रहण रात 9:12 बजे शुरू होगा, जो 5 घंटे और 25 मिनट का होगा। साल के पहले सूर्य ग्रहण पर कई तरह के दुर्लभ योग भी बनेगा। भारत में इस सूर्य ग्रहण को नहीं देखा जा सकेगा। इस सूर्य ग्रहण को पश्चिमी यूरोप, अटलांटिक, आर्कटिक मेक्सिको, उत्तरी अमेरिका, कनाडा, मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में और आयरलैंड में दिखाई देगा।

### केजरीवाल को पद से हटाने की याचिका पर सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में एक और याचिका दायर की गई है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच इस याचिका पर आठ अप्रैल को सुनवाई करेगी। यह याचिका 'आप' के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने दायर की है। गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में काम करने में सक्षम नहीं हैं।

### महबूबा मुफ्ती अनंतनाग राजौरी से लड़ेंगी चुनाव



**जम्मू।** लोकसभा चुनाव में अनंतनाग-राजौरी सीट से महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ेंगी। पीडीपी ने रविवार को इसकी घोषणा की। इसके साथ ही पीडीपी ने श्रीनगर सीट से वहीद उर रहमान पर्रा और बारामुला सीट से फैयाज अहमद मीर को मैदान में उतारा है। महबूबा ने कहा कि उनकी पार्टी पिछले कुछ वर्षों में हमलों की एक श्रृंखला का शिकार हुई है।

### कारगिल व अंडमान-निकोबार में भूकंप से कांपी धरती





**नई दिल्ली।** लद्दाख और अंडमान में शनिवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, लद्दाख में आए भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.4 मापी गई है। वहीं, अंडमान निकोबार में आए भूकंप की तीव्रता 4.3 रही। वहीं, अफगानिस्तान में भी 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

# कांग्रेस को जेएंडके से अनुच्छेद 370 हटने का दुख : प्रधानमंत्री

## बोले- कश्मीर की चर्चा उसे पसंद नहीं; टीएमसी करवा रही एजेंसियों पर हमले

**एजेंसी, नवादा/जलपाईगुड़ी**

**पीएम** नरेंद्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा में रैली करने के बाद पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचे। उन्होंने वहां जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी, कांग्रेस और भ्रष्टाचारियों पर निशाना साधा। मोदी ने खड़गे के कश्मीर को लेकर दिए बयान का भी जवाब दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने शनिवार को कहा था मोदी दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करते हैं। उनके लिए कश्मीर कुछ नहीं है, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए कश्मीर मां भारती के मस्तक समान है। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 की दीवार को हटा दिया, तो कांग्रेस को दुख हो रहा है। कश्मीर की चर्चा उसे पसंद नहीं हैं। पीएम ने टीएमसी को कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी बताया। यहां जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती हैं, तो टीमएसी उन पर हमले करती है और लोगों से करवाती है। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरा देश जान चुका है।

### जबलपुर में मोदी का रोड शो



जबलपुर। पीएम मोदी ने रविवार देर शाम जबलपुर में रोड शो निकाला। इस दौरान पीएम ने एक हाथ में भाजपा का चुनाव चिन्ह लेकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया।

### संदेशखाली के अपराधियों को मिलेगी कड़ी सजा

**संदेशखाली** के अपराधियों को कड़ी सजा मिलेगी। बंगाल की धरती से गारंटी देता हूं, जिन लोगों ने भ्रष्टाचार कर पैसा जमा किया है, उस पैसे को मैं गरीबों को लौटाऊंगा। कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए विपक्षी गठबंधन बनाया है, मैं कहता हूं भ्रष्टाचार मिटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचार बचाओ।

### विपक्षी गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना

**प्रधानमंत्री** ने बिहार के नवादा में विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना। विपक्षी गठबंधन यानी देशविरोधी नफरती ताकतों का ठिकाना। विपक्षी गठबंधन के पास न कोई विजन है, न विश्वविसनीयता। बिहार में विपक्षी गठबंधन एक उम्मीदवार खड़ा करता है, तो दूसरा नेता कहता है कि वह असली नेता है। यहां तो घमासान मचा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग दक्षिण भारत अलग करने की बात कहते हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग के विचार हैं। यह घोषणा पत्र नहीं तुष्टिकरण का पत्र है। भ्रष्टाचारियों को छुड़ाने के लिए विपक्षी गठबंधन बना है।

# मोदी सरकार ने देश के युवाओं को ठगा : खड़गे

## बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भाजपा की ओर से थोपी गई बेरोजगारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है। खड़गे ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत के प्रमुख संस्थानों- आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रही है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अब तक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। भाजपा ने हमारे युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। बेरोजगारी की दर तीन गुना हो गई है।

आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। दो करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है।

25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्रीधारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। इससे काम और सीखने को अलग करने वाली बाधाएं दूर होंगी, जिससे करियर में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। पीएम मोदी की तरह उनकी पार्टी झूठे वादे नहीं करती है। हमने वादा किया है कि अगर हमारी पार्टी सत्ता में आती है तो हम 25 गारंटी पूरी करेंगे। पीएम मोदी के विपरीत हम झूठ नहीं बोलते।

तिब्बतियन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स एंड डेमोक्रेसी की रिपोर्ट में खुलासा

# तिब्बतियों की अभिव्यक्ति व धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा रहा चीन

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

- तिब्बतियों को हिरासत में लेकर दी जा रहीं यातनाएं
- जबरन थोपी जा रही नीतियां

**तिब्बत** में रह रहे तिब्बतियों पर विचारों की अभिव्यक्ति और धर्म की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। चीन की ओर से तिब्बतियों पर अपनी नीतियों को जबरन थोपा जा रहा है। इसे रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के आह्वान के बावजूद चीन ने तिब्बती स्कूलों में चीनी माध्यम की शिक्षा लागू कर दी है और तिब्बती नियमों को भी संशोधित कर दिया है।

यह खुलासा तिब्बतियन सेंटर फॉर ह्यूमन राइटस एंड डेमोक्रेसी की रिपोर्ट में हुआ है। चीन की ओर से तिब्बतियों को स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित रखने के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से भी अपनी अभिव्यक्ति से रोका जा रहा है। सामाजिक स्थिरता बनाए रखने की आड़ में चीनी अधिकारी सभी ऑनलाइन प्लेटफार्म पर प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण और सेंसरशिप का प्रयोग कर रहे हैं। तिब्बतियों को तिब्बत में धर्म व अध्यात्म की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ रहा है। तिब्बत के अंदर तिब्बती बंदियों को लगातार मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना करना पड़ रहा है। मनमाने ढंग से तिब्बतियों को हिरासत में लिया जा रहा है और उन्हें यातनाएं दी जा रही हैं, जिससे चीन की हिरासत में कई मौतें हो चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक उपवास

## दिल्ली के जंतर-मंतर पर 'आप' नेताओं ने बोला हल्ला, मुख्यमंत्री को जल्द किया जाए रिहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास शुरू किया। पार्टी के बड़े नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर सुबह उपवास के लिए पहुंचे।

'आप' की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। 'आप' सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को गहरी साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। मैं गहरी साजिश इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि सीबीआई और ईडी ने 456 गवाह बनाए हैं और 50 हजार पन्नों की चार्जशीट में चार बार अरविंद केजरीवाल का नाम लिया। जंतर-मंतर की ऐतिहासिक धरती से मैं कहना चाहता हूं अरविंद केजरीवाल ईमानदार थे, ईमानदार हैं और ईमानदार रहेंगे।

उन्होंने कहा कि शराब घोटाला भाजपा ने किया है। राज्यपाल वीके सक्सेना को घेरते हुए संजय सिंह ने कहा कि अगर उन्हें अपने पद की जरा सी नैतिकता है, अगर संविधान में जरा सा भी भरोसा है तो आज ही चिट्ठी लिखकर ईडी, आईटी और सीबीआई की जांच करवाएं। भाजपा के नेताओं की कॉलर पकड़कर जेल भेजो।

### केजरीवाल ईमानदार थे, हैं और रहेंगे : संजय सिंह





जंतर-मंतर पर केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक उपवास शुरू करते 'आप' नेता

### गिरफ्तारी से देशभर में आक्रोश : गोपाल

**दिल्ली** के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है। तब से पूरे देश में इसके खिलाफ आक्रोश है। 21 मार्च गिरफ्तारी वाले दिन से लेकर अभी तक लोग सड़कों पर हैं, अपनी गिरफ्तारियां दे रहे हैं। आज भी देश और पूरी दुनिया में लोग अरविंद केजरीवाल के लिए सामूहिक उपवास रख रहे हैं।

भाजपा के पास 55 करोड़ की मनी ट्रेल मिली है। हम सब को मिलकर इसकी जांच की मांग देश की सरकार, उपराज्यपाल और राष्ट्रपति से करनी चाहिए।

# नड्डा की पत्नी की चोरी हुई कार वाराणसी में मिली

- दिल्ली पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा की चोरी हुई टोयोटा फॉर्च्यूनर कार वाराणसी में बरामद हुई है। दिल्ली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी शाहिद और शिवांग ने बताया कि उन्होंने कार की पहले नंबर प्लेट बदली और उसके बाद उसे अलीगढ़, लखीमपुर खीरी, बरेली, सीतापुर होते हुए बनारस ले गए।

दोनों आरोपी कार को नगालैंड लेकर जाने वाले थे। आरोपी क्रेटा कार से जेपी नड्डा की कार चोरी करने आए थे। उन्होंने 19 मार्च को कार चोरी की थी। नड्डा का ड्राइवर कार को लेकर गोविंदपुरी सर्विस सेंटर गया, वहां सर्विसिंग के लिए देकर घर खाना खाने आ गया। इसके बाद जब वहां पहुंचा तो कार गायब थी।

# सोनिया गांधी से मिले प्रतिभा और विक्रमादित्य



कई मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने अपने बेटे और हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ रविवार को नई दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

# सत्य की होगी जीत, कांग्रेस के साथ खड़ी हिमाचल की जनता : प्रियंका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



- कहा- एजेंसियों का दुरुपयोग कर सत्ता हासिल करना चाहती है भाजपा

**प्रदेश** में एक साथ होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि हिमाचल के लोग उनकी पार्टी का समर्थन करेंगे और सत्य की जीत होगी। पैसे और एजेंसियों का उपयोग करके भाजपा सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि मैंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की है। मुझे उनकी एकता, कड़ी मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के साहस और लोगों के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है। मुझे पूरा विश्वास है कि जनता हमारा साथ देगी और सच्चाई की जीत होगी।

प्रियंका ने 'एक्स' पर लिखा कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मैं मिली और उनकी एकजुटता, मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के जज्बे और जनता के प्रति उनके समर्पण पर मुझे गर्व है। एक तरफ भाजपा का भय, लालच और झूठ का साम्राज्य है।

**उम्मीद** एमआरपी के बजाए एमएसपी से बिक्री होने से शराब पीने वालों के लिए सिरदर्द बनी नई शराब नीति

# प्रतिस्पर्धा बढ़ने पर कम होंगे शराब के रेट

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**प्रदेश** की नई शराब नीति शराब पीने वालों के लिए बेशक सिरदर्द बनी है, लेकिन उनके लिए खुशखबरी यह है कि प्रतिस्पर्धा बढ़ने पर शराब सस्ती भी हो जाएगी। यह दावा आबकारी एवं कराधान विभाग ने किया है।

विभाग के आलाधिकारियों की मानें तो यह स्थिति फिलहाल है और बाद में प्रतिस्पर्धा होने के साथ ही शराब के दामों में कमी हो जाएगी। दरअसल, प्रदेश सरकार ने पड़ोसी राज्यों से मुकाबले और अवैध शराब की निगरानी के लिए आबकारी नीति में बदलाव किया है। प्रदेश में अब मेक्सिमम रिटेल प्राइज (एमआरपी) की बजाए शराब की बिक्री मिनिमम सपोर्ट प्राइज (एमएसपी) के आधार पर हो रही है, जिससे प्रदेशभर में शराब के दामों में बढ़ोतरी हुई है। कुछ साल पहले भी एमएसपी वाली नीति से ही प्रदेश में शराब बेची जाती थी। अब विभाग ने मुनाफा कमाने के लिए दोबारा से इसी नीति को लागू कर दिया है। नई नीति के तहत ठेकेदारों को हर महीने लेने वाले कोटे की शर्त भी खत्म कर दी है। हालांकि, कारोबारियों को राहत मिली है। विभाग ने इस साल 2800 करोड़ कमाने का लक्ष्य रखा है। (अनंत ज्ञान)



### प्रदेश के 2100 से ज्यादा ठेकों में महंगी हुई शराब

### ठेकों से रेट लिस्ट गायब

**शराब** के ठेकों में लगी रेट लिस्ट भी गायब नजर आ रही है। इस बारे में जब कांगड़ा जिले के एक ठेके पर रेट लिस्ट न होने के बारे में कर्मचारी से पूछा तो उसका कहना था कि जब लाभांश ठेके के मालिक को खुद ही तय करना है तो वे अपने तरीके से मूल्य ले सकते हैं। ऐसे में रेट लिस्ट लगाने की कोई जरूरत नहीं है। वहीं, एक्साईज एंड टैक्स विभाग के एडिशनल कमिश्नर राजीव डोगरा का कहना है कि ठेकेदार को बिक्री के लिए विभाग की ओर से कोई मेक्सिमम प्राइज नहीं दिया गया है, उसे खुद ही तय करना होगा कि कितना लाभांश रखते हुए शराब बेचनी है। यदि किसी ठेके पर शराब महंगी बेची जा रही होगी तो ग्राहक दूसरे ठेके पर जाकर रेट पता कर लेगा और उसे सस्ती शराब खरीदने का विकल्प भी मिल जाएगा। आने वाले दिनों में प्रतिस्पर्धा होने के कारण शराब के दामों में कमी जरूर आएगी। इस बार विभाग ने शराब पर प्राकृतिक खेती का सेस भी लगाया है।



**प्रदेश** में कुल 13 राजस्व जिलों में करीब 2100 शराब के ठेके हैं। सोलन जिले में 128, शिमला में 248, ऊना में 126, बद्दी में 109, मंडी में 348, हमीरपुर में 144, कुल्लू में 130, कांगड़ा में 350, नूरपुर में 108, चंबा में 137, बिलासपुर में 137, सिरमौर में 91 और किन्नौर में 17 शराब के ठेके हैं।

# राजेंद्र राणा ने सीएम सुक्खू को भेजा लीगल नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



**सुजानपुर** से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह को लीगल नोटिस भेजा है। उन्होंने दो दिन के भीतर इसका जवाब देने और माफी मांगने की बात कही है। नोटिस में कहा कि उन्होंने 15-15 करोड़ के जो आरोप लगाए हैं उसके लिए सार्वजनिक रूप में माफी मांगे।

उन्होंने 15 पेजों के लंबे चौड़े लीगल नोटिस में कई तरह का जिक्र किया है। सिलसिलेबार मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए आरोपों का विवरण दिया है। किस-किस न्यूज पेपर में उन्हें प्रकाशित किया गया और क्या-क्या कहा गया।

### सीएम के खिलाफ सुधीर शर्मा ने की शिकायत



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ कांग्रेस के बागी एवं धर्मशाला से पूर्व विधायक सुधीर शर्मा ने एसपी कांगड़ा को पत्र लिखा है। इसकी कॉपी पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू को भी भेजी है। उन्होंने शिकायत में मुख्यमंत्री के खिलाफ आपराधिक मानहानि एवं जनता को गुमराह करने की प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। सुधीर शर्मा ने अपनी प्राथमिकी में मुख्यमंत्री की ओर से उनके साथ अन्य पांच विधायकों पर दिए गए 15-15 करोड़ में बिकने के बयान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाने की मांग की है।

# बिलिंग में महिला पायलट की मौत

**बैजनाथ।** बिलिंग में महिला पायलट की मौत हो गई। मृतक रीतू चोपड़ा (54) नोएडा दिल्ली की रहने वाली है। रीतू के पति आशुतोष चावला भी एयरफोर्स में विंग कमांडर कार्यरत हैं। रविवार सुबह दोनों ने बिलिंग से उड़ान भरी, लेकिन महिला पायलट ग्लाइडर सहित अचानक संसाल की पहाड़ी के पीछे गिर गई। कुछ पायलट मौके पर पहुंचे। रीतू चावला गंभीर रूप में घायल हुई थी। विंग कमांडर आशुतोष ने तुरंत रेस्क्यू के लिए एयर फोर्स के हेलिकॉप्टर की व्यवस्था कर दी। एयर फोर्स की टीम ने रेस्क्यू किया। इसके बाद बैजनाथ अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर पति को सौंप दिया।

# दाड़ी में प्लॉट आवंटन को लेकर हंगामा

- व्यापारी और जिला प्रशासन आमने-सामने
- प्लॉट आवंटन बोलियों से करने पर फूटा गुस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दाड़ी मेला मैदान में दुकानों के आवंटन को लेकर रविवार को जिला प्रशासन और व्यापारियों के बीच तनातनी का माहौल पैदा हो गया। माहौल गर्माने का सबसे बड़ा कारण दुकानों के प्लॉट की बोलियों के माध्यम से आवंटन करना था। व्यापारियों का कहना था कि पूर्व में प्लॉट का आवंटन करीब पांच हजार रुपए प्रति प्लॉट आवंटित होते रहे हैं, लेकिन इस बार आवंटन बोली के माध्यम से हो रहा है। बोली का न्यूनतम मूल्य सात हजार रुपए रखा गया है और इसमें जीएसटी शामिल नहीं है। मुनाफे की आस में दाड़ी मेला में व्यापार करने बाहरी राज्यों से आने वाले मनोज मेहरा, कैलाश, मस्त राम, दूला राम, गुरदेव सिंह व हरनाम सिंह ने बताया कि पूर्व में पांच से छह हजार रुपए में आसानी से दुकान के लिए जगह मिल जाती थी , लेकिन इस बार प्लॉट के लिए बोलियां लगने से छह हजार का प्लॉट 15 से 20 हजार रुपए में मिल रहा हैं जिससे मुनाफा तो दूर मेले की शुरूआत में ही नुकसान हो गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के खिलाफ रविवार को प्लॉट आवंटन के लिए की जा रही बोलियों के खिलाफ प्रदर्शन किया लेकिन जिला प्रशासन ने उनकी मांग को नहीं माना।

> हाई कोर्ट के आदेशानुसार मेलों को रेगुलेट करने के आदेश हैं। इससे पूर्व मेला कमेटी द्वारा आवंटन किया जाता था जिसमें पारदर्शिता की कमी थी। प्लॉट पारदर्शिता के साथ आवंटित किए जो रहे हैं ताकि सब को दुकान लगाने का मौका मिल सके। इसके लिए ही प्लॉट की बोलियां लगाई जा रही हैं, साथ ही प्लॉटों के आवंटन की वीडियाग्राफी भी की जा रही है। मेले में जो भी दुकानदार दुकान लगा कर बैठे थे, उन्हें प्लॉट आवंटन ही नहीं हुआ था।
>
> **-एसके मौट, एसडीएम, धर्मशाला।**

## मुंदला-मंझग्रा में जब्बर मेला शुरू



**कांगड़ा।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत रैत ब्लॉक की मुंदला-मंझग्रा पंचायत में ऐतिहासिक जब्बर मेला शनिवार को विधि विधान से शुरू हो गया। गौरतलब है की सबसे आखिर में इस मेले का आयोजन किया जाता है इसलिए इसे जब्बर छिंज मेला कहा जाता है। मंझग्रा पंचायत के उपप्रधान योगराज ने बताया कि सात अप्रैल को छोटे व आठ अप्रैल को बड़े मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुंदला पंचायत के प्रधान राकेश चौधरी, मंझग्रा पंचायत के उपप्रधान योगराज, कर्म चंद, मास्टर चंदु लाल, मोना, अनमोल मौजूद थे।

# मां बज्रेश्वरी मंदिर के पिछले दरवाजे पर लगाया सीसीटीवी

## मंदिर ट्रस्टियों ने बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था, सभी कैमरों को भी जांचा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

मां बज्रेश्वरी मंदिर नगरकोट धाम कांगड़ा के ट्रस्टी पंडित अशोक हिमाचली व पंडित उमाकांत शर्मा ने रविवार को मंदिर के अंदर लगे सभी कैमरों को जांचा और जहां उनकी डायरेक्शन खराब हुई थी उसको ठीक किया गया। जनता का जो सुझाव आया था की मंदिर के पिछले दरवाजे के पास जहां पर कई लोग आते जाते हैं तो मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए वहां पर नया कैमरा लगाया गया है।

मंदिर के पीछे दरवाजे से कोई भी सामान न जाए या कोई संदिग्ध व्यक्ति अंदर बाहर न हो तो मंदिर की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए प्रशासन को विश्वास में लेते हुए नवनियुक्त ट्रस्टियों ने तुरंत प्रभाव से कैमरे वाले को बुलाया और वहां पीछे रास्ते में एक नया कैमरा लगा दिया गया। इस कैमरे के लगाने से मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से या कोई अनहोनी घटना न घटे या कोई मंदिर का सामान अंदर या बाहर न हो तो यह तीसरी आंख जो है वह पहरा देगी। समय अनुसार और जनता के सुझाव के चलते जहां-जहां मंदिर के अंदर कमी नजर आएगी प्रशासन और कर्मचारियों को विश्वास में लेकर उस कमी को दुरुस्त किया जाएगा। सफाई व्यवस्था करने के बाद, लंगर की व्यवस्था को दुरुस्त किया और उसके बाद अब कैमरे की जो दिशा इधर-उधर भटक गई थी उसको दुरुस्त किया और एक नया कैमरा मंदिर के पिछले दरवाजे पर लगा दिया गया है। कई बार देखा गया है की जो प्रदेश के बाहर से आई हुई महिलाएं और बच्चे पिछले चोर दरवाजे से आते हैं और यात्रियों का मोबाइल, उनका पर्स, घड़ी ,गले की चेन लेकर पिछले दरवाजे की तरफ भाग जाते हैं और उन्हें ढूंढना मुश्किल होता था। इस कैमरे के लगने से अब चोरी की घटनाओं पर भी लगाम लगेगी और मंदिर की आय बढ़ेगी।



श्री माता बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में सुरक्षा की दृष्टि से पिछले द्वार पर लगाया गया सीसीटीवी कैमरा।

### सेवा भाव से करें काम: अशोक

अशोक हिमाचली ने कहा कि मैं अपील करता हूं की मां के दरबार में सेवा भाव से काम करें और पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने कर्म और धर्म को निभाएं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नवनियुक्त मंदिर के ट्रस्टी पंडित अशोक हिमाचली ने बताया है की मंदिर की सारी विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कैबिनेट रैंक मंत्री रघुवीर सिंह बाली के समक्ष रखी जाएगी।

मंदिर के ट्रस्टी अशोक हिमाचली और उमाकांत ने बताया है की यदि कोई भी व्यक्ति चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो अगर कोई भी कैमरे के साथ छेड़छाड़ करता पाया गया तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। पंडित अशोक हिमाचली ने बताया है कि इससे पहले भी मंदिर के पिछले गेट में कैमरा लगा था जिसकी तार लटकी हुई है यह कैमरा किसने हटाया इसकी पूरी जानकारी मांगी गई है और यह प्रशासन के ध्यान में लाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस को विकास दिलाएगा जीत: किशोरी



कांग्रेस पार्टी के ओबीसी वर्ग के कार्यकर्ताओं के साथ विधायक किशोरी लाल।

**बैजनाथ।** मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने कहा की लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के झूठे वादों पर नहीं बल्कि कांग्रेस सरकार द्वारा धरातल में किए गए कार्यों पर मोहर लगाएगी। यह बात किशोरी लाल ने रविवार को कांग्रेस पार्टी के ओबीसी वर्ग के कार्यकर्ताओं तथा महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हर महिला को 1500 रुपए की पेंशन का लाभ देकर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने जहां महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम बढ़ाया है वहीं पर महिलाओं के मान सम्मान में भी वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की वजह से आज छह विधानसभा हलकों की जनता को 15 महीने के अंदर ही पुनः चुनाव में झोक दिया गया है। इसके लिए प्रदेश की जनता उन्हें कभी भी माफ नहीं करेगी। किशोरी लाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे भारी मतों से बढ़त हासिल करेगा।

### तल माता मंदिर मनेई में किया हवन-यज्ञ



प्राचीन तल माता मंदिर में पूजा-अर्चना करते विधायक केवल सिंह पठानिया।

**जवाली।** शाहपुर विधानसभा के चंगर क्षेत्र में मनेई में स्थित प्राचीन तल माता मंदिर में रविवार को हवन-यज्ञ के साथ भंडारे व माता की चौकी का आयोजन हुआ। जिसमें शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने हवन में आहुति डाली। भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विधायक केवल पठानिया ने बताया कि कल लोकसभा चुनावों के मध्यनजर लपियाना की कांग्रेस पार्टी की बैठक भगवान नृसिंह मंदिर परिसर लपियाणा में रखी गई है। इसमें कांगड़ा चंबा लोकसभा के प्रभारी एवं कृषि पशुपालन विभाग मंत्री प्रोफेसर चौधरी चंद्र कुमार मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से 35 करोड़ की पेयजल स्कीम लेकर आया था जिसका 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। सिंचाई की सुखाहर योजना का कार्य भी जल्द शुरू होगा। चंगर की सभी पंचायतों में पानी की दिक्कत दूर होगी।

### नरेंद्र गौड़ बने मुक्केबाजी संघ के प्रधान

**धर्मशाला।** जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की बैठक जिया के एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में जिला कांगड़ा के एसोसिएशन के करीब 30 सदस्यों ने भाग लिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र गौड़ ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी वर्ष 2024 से 2028 तक के लिए कांगड़ा मुक्केबाजी संघ की नई कार्यकारिणी का क्षेत्रीय संतुलन का ध्यान रखते हुए नए संघ का गठन किया गया। इसमें प्रधान नरेंद्र गौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनीष सूद, उपाध्यक्ष नरेंद्र सपहिया, राजेश धीमान, अजय राणा, महासचिव कैलाश शर्मा, कोषाध्यक्ष यशपाल राणा, प्रबंधक सचिव नवीन चंद राणा, भीम चंद, राजीव शर्मा, सहसचिव अंजली कटोच, संतोष ठाकुर, रमन कपूर, प्रवीण कुमार के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई। बैठक में कार्यकारिणी द्वारा वरिष्ठ सलाहकार के पद पर डीसी चौहान व अनिल भंडारी का प्रस्ताव पारित किया गया।

### बैसाखी मेले के लिए किए पुख्ता इंतजाम

**रक्कड़।** कालेश्वर महादेव में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय बैसाखी मेले के दौरान यहां नहाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला कमेटी ने लगभग तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेला कमेटी प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा ने कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए तमाम पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा के दिशा निर्देशों अनुसार उपरोक्त मेले की तैयारियों को लेकर मेला कमेटी प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुजा शर्मा ने बताया कि मेले के दौरान यहां पंचतीर्थी के पवित्र स्नान सरोवर मे नहाने वाले भक्तों के लिए मेला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए है। जिसमें महिलाओं और पुरुषों को अलग-अलग नहाने के लिए प्रबंध किया गया है ताकि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो।

# ज्वालामुखी में दर्शन को आए श्रद्धालु के सीने में उठा दर्द, मौत

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में रविवार को दर्शन के लिए पहुंचे पटियाला के एक श्रद्धालु की अचानक सीने में दर्द होने के कारण ज्वालामुखी अस्पताल में मौत हो गई। ज्वालामुखी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी देहरा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस थाना ज्वालामुखी को सिविल अस्पताल ज्वालामुखी से सूचना प्राप्त हुई कि अस्पताल में पंजाब के एक श्रद्धालु को लाया गया था जो कि मृत अवस्था में है। इस सूचना पर थाना ज्वालामुखी से पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची व पूछताछ के दौरान श्रद्धालु कि पहचान चरणजीत शर्मा पुत्र राम लाल, उम्र 73 वर्ष निवासी मकान नंबर 356 वार्ड नंबर 4, हीरा मेहल भगत सिंह मार्ग, तहसील व थाना नाभा, जिला पटियाला पंजाब के रूप में हुई। श्रद्धालु ज्वालामुखी में दर्शन के लिए आया हुआ था। अचानक उसे छाती में तेज दर्द हुआ, इसके कारण उसे जल्द सिविल अस्पताल ज्वालामुखी लाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना है। पुलिस द्वारा धारा 174 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। थाना प्रभारी विजय कुमार शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज

**पंचरूखी।** पुलिस थाना पंचरूखी के तहत संजय कुमार निवासी बनूरी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा ने अपने पड़ोसी अविनाश का रास्ता रोक कर गाली-गलौज व मारपीट की, साथ ही जान से मारने की धमकियां दी। पुलिस ने इस मामले को भारतीय दंड सहिंता की धारा 323, 341, 504 व 506 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भागसूनाग में पर्यटन सीजन में तैनात होगी अतिरिक्त पुलिस

**अनंत ज्ञान , मैक्लोडगंज**

पर्यटन सीजन के दौरान भागसूनाग एरिया में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा, जिससे कोई समस्या न हो। पर्यटन सीजन के लिए पुलिस तैयार है तथा किस तरह से व्यवस्था बनाई जाएगी, इसकी प्लानिंग की जा रही है। पर्यटकों की आमद को लेकर पुलिस द्वारा होटल एसोसिएशन और होटलियर्स से बुकिंग की जानकारी ली जाती है, जिससे कि पर्यटकों की संख्या के लिहाज से व्यवस्थाएं की जा सकें। पिछले टूरिस्ट सीजन आईपीएल और वर्ल्ड कप मैचों के दौरान प्रयोग किया था। इस वनवे प्लान को और इंप्रूव करने की योजना बनाई जा रही है।

टूरिस्ट सीजन के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। भागसूनाग के लोगों द्वारा भागसू में टूरिस्ट हेल्प सेंटर स्थापित करने व पुलिस तैनाती का आग्रह किया है, जिस पर पुलिस ने उचित स्थान उपलब्ध करवाने की बात कही गई है। गौरतलब है कि पिछले माह भागसूनाग में स्थानीय लोगों व पर्यटकों की बीच हुए झगड़े में एक युवक की मौत हो गई थी। जिसके चलते भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से व्यवस्थाएं करने का आग्रह किया है।



### पुलिस तैयार: एसपी

एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री का कहना है कि टूरिस्ट सीजन में भागसूनाग एरिया में अतिरिक्त पुलिस तैनात की जाएगी, जिससे कि लड़ाई-झगड़े, ट्रैफिक समस्या या फिर जो पर्यटक घूमने आते हैं, उन्हें जानकारी उपलब्ध करवाने और माहौल अच्छा बना रहे, उस दिशा में कार्य किया जाएगा। पर्यटन सीजन के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

## केवल पठानिया को सौंपा ज्ञापन

**जवाली।** पहली कक्षा में प्रवेश की आयु सीमा छह वर्ष निर्धारित करने की अधिसूचना के विरोध में अभिभावकों ने रविवार को विधानसभा उप मुख्य सचेतक केवल पठानिया को ज्ञापन सौंपा है। अभिवावक शालिनी, अभिषेक, अनुराधा, पारुल मंजू, शिखा अमित आदि ने बताया कि सरकार ने 24 नवंबर 2023 को अधिसूचना जारी कर पहली कक्षा में प्रवेश की आयु सीमा छह वर्ष निर्धारित कर दी है। अधिसूचना से दो वर्ष से लगातार नर्सरी व केजी पढ़ रहे बच्चों के भविष्य पर तलवार लटक गई है। उन बच्चों को इस वर्ष भी उसी कक्षा में बैठना होगा, जिस कक्षा में वे पिछले एक वर्ष से थे। नई अधिसूचना को उनके लिए लागू किया जाए जो बच्चे इस वर्ष नर्सरी में प्रवेश लेंगे।

# मनेई के नमिश ने नेपाल में जीता गोल्ड

## अंडर-19 के 65 किलोग्राम भार वर्ग में हासिल किया मेडल

**अनंत ज्ञान, जवाली**

इंटरनेशनल स्तर पर कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतने के बाद चंगर क्षेत्र के युवा खिलाड़ी नमिश धीमान रविवार को अपने घर मनेई पहुंचे। जहां स्थानीय लोगों द्वारा ढोल की थाप पर नमिश का भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने युवा खिलाड़ी को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर पहुंचे विधायक केवल सिंह पठानिया ने भी युवा खिलाड़ी को हार पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। आपको बता दें कि नमिश धीमान पुत्र शम्मी धीमान गांव रजियाल पंचायत मनेई के रहने वाले है। नमिश ने बताया कि उन्होंने दसवीं तक की पढ़ाई एसआरएम स्कूल हारचक्कियां से की उसके उपरांत बारहवीं तक पढ़ाई हारचक्कियां सरकारी स्कूल से की है। उन्होंने बताया कि अंडर-19 में 65 किलोग्राम भार वर्ग में नेपाल के पहलवान को हराकर गोल्ड मेडल जीता है। वहीं नमिश के स्कूल के शारीरिक शिक्षक नरेश कुमार ने उन्हें बधाई दी है। वहीं विधायक केवल पठानिया ने चंगर क्षेत्र के युवा नमिश धीमान व माता-पिता को बधाई दी है। इस मौके पर स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधि, परिजन व ग्रामीण मौजूद रहे।



युवा खिलाड़ी नमिश धीमान का स्वागत करते ग्रामीण।

## चैतड़ू में कार्यकर्ताओं ने अबकी बार मोदी 400 पार का लिया संकल्प

**धर्मशाला।** चैतड़ू स्थित कांगड़ा-चंबा भाजपा संसदीय कार्यालय में कांगड़ा-चंबा भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई। इसमें प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर जरूरी दिशानिर्देश दिए गए। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व कांगड़ा के विधायक पवन काजल, कांगड़ा-चंबा लोकसभा संयोजक चंद्र भूषण नाग, संगठनात्मक कांगड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी मीडिया के सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, जिला कांगड़ा मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, जिला कांगड़ा सह-मीडिया प्रभारी अंकुश वर्मा, भाजपा नेता सुनील मनोचा, विनय शर्मा, आनंद शर्मा, अरविंद शर्मा, भानु रैना, डॉक्टर विजय शर्मा, विजय शर्मा, वरिंदर चौधरी, अनिल चौधरी, रजनी ठाकुर, सर्वजीत घलोटिया, प्रदीप शर्मा, कमल शर्मा, शीला देवी, मोनिका समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अबकी बार मोदी 400 पार का संकल्प लिया व भाजपा के कांगड़ा-चंबा के लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज को भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया।

# लाका ग्लेशियर से ब्रिटिश नागरिक रेस्क्यू

- चार अप्रैल को निकला था ट्रैकिंग पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एसडीआरएफ कांगड़ा ने लाका ग्लेशियर से पेटेंगेल नामक 37 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक को रेस्क्यू किया। वीरवार को अपर धर्मकोट के ईगल क्रेस्ट गेस्ट हाउस के मालिक ने अधिकारियों को सूचित किया कि उक्त ब्रिटिश नागरिक चार अप्रैल को ट्रैकिंग पर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

इसके बाद जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा ने पांच अप्रैल को एसडीआरएफ कांगड़ा को लापता व्यक्ति के लिए खोज अभियान शुरू करने के लिए सूचित किया। एसडीआरएफ कांगड़ा की 16 सदस्यों के साथ पुलिस के तीन जवानों तथा स्थानीय पांच गाइड की टीम के आधे सदस्य इसके बाद गलू मंदिर से त्रियुंड को गए तथा बाकि सदस्य गुना माता मंदिर की ओर निकले। इन टीमों ने क्षेत्र की गहन तलाशी ली तथा शनिवार को सुबह सात बजे त्रिउंड से स्नोलाइन की ओर अपनी खोज शुरू की और करेरी ट्रैक की ओर जाने वाली बर्फ में पैरों के निशान पाए। दोपहर लगभग 2:30 बजे टीम एक ने कड़ी ट्रैकिंग की और खोज के बाद कैमल पीक और लाका ग्लेशियर के बीच एक गुफा से हल्की सी आवाज सुनी। उन्होंने जल्दी से आवाज का पीछा किया और पीड़ित को गुफा के अंदर बैठा पाया। पेटेंगेल सुरक्षित था लेकिन काफी थका हुआ था। उसने बताया कि उसका इरादा करेरी झील तक ट्रैकिंग करने का था, लेकिन प्रतिकूल मौसम की स्थिति और थकावट के कारण उन्होंने गुफा में शरण ली थी।

इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे पीड़ित की धीमी गति, बारिश और बर्फबारी के कारण परिस्थितियां जटिल हो गई थीं। रात 8:30 बजे तक टीम को एहसास हुआ कि वे अपना रास्ता खो चुके हैं।

स्थानीय गाइडों की मौजूदगी के बावजूद, उन्हें अंधेरे और जंगली जानवरों के बढ़ते खतरे के बीच अपना रास्ता खोजने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम दो ने गुना माता मंदिर से ट्रैकिंग शुरू की और रात 11:30 बजे के आसपास टीम एक से मिलने में कामयाब रही। साथ में वे बाहर निकले और रविवार को सुबह चार बजे गुना माता मंदिर पहुंचे। फिर पीड़ित को तुरंत चिकित्सा देखभाल में स्थानांतरित कर दिया गया।

### टीम प्रशंसा की पात्र

एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि एसडीआरएफ, पुलिस तथा स्थानीय गाइड की टीम ने विपरित परिस्थितियों तथा सैलानी के थके होने के बावजूद बहुत ही धैर्य के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया जिसके लिए पूरी टीम प्रशंसा की पात्र है। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह सैलानी को सुरक्षित लाया गया।

# संजय टंडन ने किया वर्कर्स का मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

चामुंडा हाल बैजनाथ में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते संजय टंडन।



कांग्रेस कार्यकाल के 2004 से 2014 तक किस तरह लूट खसूट थी, भ्रष्टाचार फैला हुआ था, जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक स्कैम ही स्कैम थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 से 2024 तक मात्र 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की जनता के विकास व आत्मनिर्भरता के लिए स्कीम ही स्कीम हैं। यह बात प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चामुंडा हाल बैजनाथ में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्येय अब केवल ज्ञान पर है, जिस में ग का अर्थ गरीब, य का अर्थ युवा, अ का अर्थ अन्नदाता व न का अर्थ नारी शक्ति है, जिस पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में इन वर्गों के लिए आगे भी गति से कार्य करना है। टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुद्रा योजना के अंतर्गत बिना गारंटी आठ करोड़ युवा साथियों ने ऋण लिया। इस कारण देश की जीडीपी बढ़ी। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं का संगठन को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम से पूर्व प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने शिव मंदिर बैजनाथ व गुरुद्वारा साहिब बैजनाथ में भी दर्शन किए। बैठक में जिला भाजपा प्रभारी पंकज जम्वाल, संगठनात्मक जिला पालमपुर भाजपा अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा, पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी, कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के सह प्रभारी व पूर्व विधायक विशाल नेहरिया, जिला भाजपा प्रवक्ता संजय सोनी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविता भारद्वाज, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य शीला देवी, प्रदेश युवा मोर्चा सह मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार व अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

**सम्मेलन** जोरावर स्टेडियम सिद्धबाड़ी में गद्दी यूनियन ने भरी चुनावी हुंकार

# मात्र वोट बैंक बनी गद्दी समुदाय की उपजातियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के सबसे प्राचीन व समृद्ध गद्दी समुदाय की छह उपजातियों के समूह हिमालयन गद्दी यूनियन ने अपनी वर्षों पुरानी मांग को अब तक पूरा न होने पर रविवार को प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला में महासम्मेलन से बड़ी हुंकार भरी है। धर्मशाला सिद्धबाड़ी के जोरावर सिंह मैदान में गद्दी समुदाय की छह उपजातियों के लोगों ने हजारों की संख्या में पारंपरिक पहनावे नुआचड़ी-चोलु में एकत्रित होकर अपनी आवाज बुलंद की। यूनियन के पदाधिकारियों ने एक मंच में आवाज बुलंद करते हुए कहा कि 75 वर्षों से उन्हें उपेक्षा का शिकार बनाया जा रहा है। गद्दी समुदाय की छह उपजातियों में सिप्पी, धोगरी, रिहाड़े, वाड़ी, हाली व लौहार को गद्दी शब्द से वंचित रखा जा रहा है, जो कि मात्र राजस्व त्रुटि है।

उन्होंने कहा कि मात्र राजनीतिक लाभ के लिए बड़ी जनसंख्या व वोट बैंक के लिए गद्दी समुदाय की उपजातियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। हिमालयन गद्दी यूनियन के राज्य अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह ने कहा कि गद्दी समुदाय की छह वंचित उपजातियों के साथ राजस्व अभिलेख में गद्दी शब्द जुड़ा है, जोकि बाद में हटाया गया है। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि पिछली सरकार से 19 बार मिले है, जबकि इस बार की वर्तमान सरकार से चार बार मिल चुके हैं। ऐसे में लगातार यूनियन की मांग को बार-बार अनसुना कर दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि इस बार उपजातियों से उम्मीदवार विधानसभा के उपचुनावों में उतरने के लिए तैयार हैं।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद यूनियन के पदाधिकारी और सदस्य।

### कांग्रेस के पास मौका

गद्दी यूनियन की हुंकार से भाजपा की चिंताएं बढ़ गई हैं। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने गद्दी नेता, पूर्व मंत्री एवं निर्वमान सांसद किशन कपूर की टिकट काट दी गई है। साथ ही धर्मशाला उपचुनाव में भी गद्दी समुदाय को टिकट से वंचित रखा है। गत विधानसभा चुनावों में भी पूर्व विधायक एवं गद्दी नेता विशाल नैहरिया की टिकट काट दी गई थी। ऐसे में भाजपा में गद्दी समुदाय को इग्नोर करना मंहगा पड़ सकता है। कांग्रेस की बात की जाए तो अभी पार्टी ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। टिकट आवंटन से पूर्व कांग्रेस इन जातीय समीकरणों पर गौर कर सकती है।

## हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर

| 2019 में पंजीकृत मतदाता | |
|---|---|
| पुरुष | 28,54,945 |
| महिला | 27,37,845 |
| थर्ड जेंडर | 38 |

| उम्मीदवार | |
|---|---|
| पुरुष | 388 |
| महिला | 24 |
| कुल | 412 |

| मतदान केंद्र | |
|---|---|
| शहरी क्षेत्र | 646 |
| ग्रामीण इलाके | 7,235 |
| कुल | 7,881 |



जोगिंद्रनगर में मतदाता जागरूकता के लिए लगाए सेल्फी प्वाइंट में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

## चुनावी चुटकी

### बिकने को तैयार



**बिकने** के लिए तो हम तैयार बैठे हैं, लेकिन कोई खरीददार नहीं मिल रहा है, अभी इंतजार में बैठे हैं। भाव भी कम कर लिया है, लेकिन बिक नहीं पा रहे हैं। समझ नहीं आ रही कि खरीदने वाले डर गए हैं या पैसे कहीं और धर गए हैं। लिखने को तो हम सबकुछ तैयार बैठे हैं, मुसीबत सिर्फ एक है रेट लिस्ट लेकर दूसरे भी तैयार बैठे हैं। पत्रकारिता और पत्रकार को बदनाम करने वाले लोग भी मीडिया की खाल डाले बैठे हैं, कुछ तो सोशल मीडिया को हो अपनी ढाल बना बैठे हैं। चाटुकारिता में लेखनी उनकी बड़ी गज़ब है, चुनाव की आड़ में चाटुकार की डिमांड बढ़ना अजब है। भाखड़े वाले रैनकी ताऊ की कलम भी तैयार है, चुनाव में चाटुकार बनकर लिखने वालों की इन दिनों भरमार है। ताऊ कुछ परेशान भी है, जमीर की कीमत होती थी कभी, लेकिन लगता है कीमत लगाने वाले नहीं बचे हैं। जमीर बेचकर सेठ बनने का भले सपना था, लेकिन ताऊ की जमीर तो कीमती निकली ये तो उनका निकला एक बुरा सपना था। लिखने को लिख सकते थे वे किसी की नकल कहानी, लेकिन जमीर नहीं मानी ये होगी खुद से ही बेमानी।

-राजेश शर्मा

### चनाव का दंगल



**बज** रहे हैं, बजने लगे हैं भोंपू, चुनाव के इस दंगल में... ! रंग बिरंगे परचम पोस्टर उठाए बेकार हाथों ने जोर- जोर से लगाते नारे घूमते गली-कूचे बाजारों में ! बज रहे हैं, बजने लगे हैं भोंपू चुनाव के इस दंगल में... ! खिल उठे हैं चेहरे, काम मिला है, आया चुनाव, खुशी खिली है मौसम में... ! बज रहे हैं, बजने लगे हैं भोंपू चुनाव के इस दंगल में... ! भारी भरकम मोटे ताजे, झोटे भिड़ेंगे, भिड़ते रहे गे... भेड़ू-बकरू मुर्गे उड़ेंगे, बे मौत बेचारे खूब मरेंगे, चुनाव के इस मौसम में... ! बज रहे हैं, बजने लगे हैं भोंपू चुनाव के इस दंगल में... ! वोट की खातिर कारगुजरी, झूठे वादे नोट उड़ेंगे, रुके अटके जुगाड़ बनेंगे, जोड़-तोड़ खूब चलेंगे... इस चुनाव के दंगल में... ! बज रहे हैं, बजने लगे है भोंपू, चुनाव के इस दंगल में... ! नई सुर्खियां कुछ अखबारों में, कुछ चिपकाई जाएंगी दीवारों में, टीका टिपनियां और वादे भी... ! खूब छपेंगे और रचेंगे भी चटकीले छैल छबीले रंगों में... ! बज रहे हैं, बजने लगे हैं भोंपू, चुनाव के इस दंगल में... ! जागो उठो वक्त आया है, वरना फिर ठगे जाओ गे, चाटुकारी इनकी बातों से, यकीन नहीं, नहीं बच पाओगे, इनकी लीपा-पौती से... ! बज रहे हैं, बजने लगे हैं भोंपू, चुनाव के इस दंगल में... !

-डॉ. कमल के. प्यासा।

# जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश में कांग्रेस, ऐलान को अभी इंतजार

## सुजानपुर, बड़सर में टीमें बनाईं, 10 तारीख को सीएम को सौंपेंगी ग्राउंड रिपोर्ट

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों सुजानपुर और बड़सर में कांग्रेस को 'जिताऊ' उम्मीदवारों की तलाश में अच्छी खासी माथापच्ची करनी पड़ रही है। उम्मीदवारी के लिए उसके पास लाइन तो लंबी हो रही है, लेकिन अब ग्राउंड रियलिटी 'सूंघने' के लिए पार्टी ने चार-चार सदस्यों पर आधारित इंटरनल टीमें गठित की हैं।

जो 10 तारीख तक रिपोर्ट तैयार करके मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सौंपेंगी। इसके अलावा पार्टी 10 अप्रैल को अलग से एक और सैंपल सर्वे भी करवाने का दम भर चुकी है, जिसमें कुटलैहड़ सहित सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के संभावित प्रत्याशियों पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। दरअसल में कांग्रेस उम्मीदवारों के ऐलान को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। यह उपचुनाव प्रदेश सरकार के भविष्य को लेकर बेहद जरूरी हैं। खास कर, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत पड़ने वाले चार विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की 'साख' सीधे जुड़ी हुई है। सूत्रों के मुताबिक सुजानपुर में कुलदीप पठानिया के अलावा अरुण ठाकुर और डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा के नाम की तो चर्चा हो ही रही है पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की पार्टी प्रत्याशी रहे रंजीत ठाकुर भी 'रेस' में बताए जा रहे हैं। हालांकि जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नाम की भी चर्चा हो रही है, लेकिन सुजानपुर में कांग्रेस का कुनबा पार्टी लाइन से बाहर जाने को लेकर अभी असमंजस में है। उधर, बड़सर में संजय शर्मा को नया ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है, यहां अजय शर्मा के नेतृत्व वाली टीम एक-दो दिनों में बैठक करने वाली है। यहां पर पार्टी के भीतर प्रत्याशियों के नाम की चर्चा तो खूब हो रही है, लेकिन तप्पा ढटवाल से किसी राजपूत चेहरे को उतारने के लिए भी पार्टी के अंदर हलचल है। पूर्व विधायक मनजीत डोगरा भी तामझाम के साथ बीते रोज मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं। इस क्षेत्र से अलग-अलग डेपुटेशन और भी मिले हैं।

अब निर्णायक भूमिका दो अलग-अलग रिपोर्ट के आधार पर होगी, ऐसी पार्टी के भीतर हलचल है। (अनंत ज्ञान)

### सुजानपुर में तेजनाथ, बड़सर में अजय शर्मा चेयरमैन

**पार्टी** के इंटरनल सर्वे के लिए सुजानपुर के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तेजनाथ को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा को यह जिम्मेदारी दी गई है। इनके साथ चार-चार सदस्यों की टीम भी गठित की गई है, जिसमें संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष भी शामिल हैं। यह दोनों अलग-अलग टीम में 10 तारीख तक अपनी रिपोर्ट तैयार करके मुख्यमंत्री और संगठन को सौंपेंगी।

### सीएम सुक्खू आज से नादौन और हमीरपुर की लेंगे टोह



**आठ** अप्रैल को नादौन होने वाली ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू खुद शिरकत करेंगे। उसके बाद दो-दो दिन हमीरपुर जिला मुख्यालय और नादौन के लिए अलग-अलग पार्टी गतिविधियों के लिए लगाएंगे। दोनों विधानसभा क्षेत्र और लोकसभा चुनाव के लिए भी इसी दौरान रणनीति पर भी वर्कर और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ सलाह मशविरा करेंगे।

### राणा बोले-फाइव स्टार होटल में रुकने का राज बताएं सीएम



**हमीरपुर।** सुजानपुर से जीत की हैट्रिक जमाने वाले और अब उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने कहा है कि व्यवस्था परिवर्तन का राग आए दिन अलापने वाले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि वह चंडीगढ़ के अपने आधिकारिक दौरे के दौरान हिमाचल भवन स्थित सीएम सूट में रुकने की बजाय अपने सुरक्षा कर्मियों को दाएं-बाएं करके रात को हमेशा फाइव स्टार होटल में क्यों रुकते थे। इस सवाल का जवाब भी उन्हें देना चाहिए अलग रहकर किस तरह की डील वहां हुआ करती थी। राणा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो के बारे में मुख्यमंत्री ने जिस तरह की भाषा इस्तेमाल की है, वह हिमाचल की गौरवपूर्ण संस्कृति और शालीनता से तो मेल नहीं खाती।

## नाहन में 'आप' के कार्यकर्ता उपवास पर

**नाहन।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन में रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नाहन में उपवास रखकर अपना रोष जाहिर किया है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि आज देश में लोकतंत्र खतरे में है देश हित की बात करने वाले नेताओं एवं अब तो मुख्यमंत्री तक को जेल में डाला जा रहा है। आम आदमी पार्टी के नेता नाथूराम चौहान ने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार में सम्मिलित है। भाजपा को करोड़ों का चंदा दे रहे हैं, वह आज खुलेआम घूम रहे हैं, जो आवाज उठा रहे हैं उन्हें सरकारी एजेंसियों के माध्यम से जेल में डाला जा रहा है।

## लाहौल-स्पीति की जनता जानती है मेरे साथ अन्याय हुआ: रवि ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने कहा कि लाहौल-स्पीति की जनता जानती है कि उनके साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सब घटनाक्रम अचानक हुए हैं। कांग्रेस के सभी छह विधायकों को सूक्खु सरकार ने इतना निराश व हताश किया कि उन्हें भाजपा का दामन थामना पड़ा।

लाहौल-स्पीति की जनता ने भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजा, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उनकी अनदेखी की। रवि ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने उनके साथ अन्याय किया है, लेकिन जनता अब उनके साथ न्याय करेगी। रवि ठाकुर रविवार को सुबह अपने गृह क्षेत्र खंगसर, जिस्पा, दारचा, योचे, छिका रारिक, समदो के ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह जनता के सेवक हैं और हमेशा जनता की सेवा करते रहेंगे। रवि ठाकुर ने जिस्पा गोंपा में माथा टेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने अपने समर्थकों को भरोसा दिलाया कि उनका कुनबा धीरे धीरे बढ़ने लगा है।

## रैली अब 11 को, भाजपा कर रही बड़ी तैयारी

### जायजा लेने पहुंचे बिंदल, प्रदेश के सभी बड़े नेता करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सोमवार यानी आज हमीरपुर में होने वाली भाजपा की बड़ी रैली अब 11 अप्रैल को होगी। इस रैली की तैयारियों के लिए भाजपा के नेताओं ने जोरदार तैयारी शुरू कर दी है। कारण यह है कि इसमें प्रदेश भर के कई वरिष्ठ नेता इसमें शिरकत करेंगे।

शहर के गांधी चौक में आयोजित होने वाली इस रैली में भीड़ जुटाने को लेकर पार्टी संगठन जुट गया है। रविवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल भी हमीरपुर पहुंचे हुए थे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ इस बाबत एक बैठक भी की, जिसमें यह तय किया गया कि कहां-कहां से कितने लोग इस बैठक में पहुंच जाएंगे।



बैठक में मौजूद पार्टी के पदाधिकारी।

गौरतलब यह है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिला मुख्यालय पर होने वाली इस रैली में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के अलावा पार्टी के प्रत्याशी भी इसमें शामिल होंगे। क्योंकि जिला मुख्यमंत्री का है। इसलिए भाजपा इस रैली को बड़ा आकार देने की सोच भिड़ाए हुए है। भाजपा इस रैली के माध्यम से न केवल लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पर करारा हमला करेगी, बल्कि विधानसभा उपचुनाव के लिए बड़सर और सुजानपुर के पार्टी प्रत्याशियों कि इस रैली में मौजूदगी पर विरोधियों को जोरदार जवाब देगी। बैठक में जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी भी मौजूद रहीं।

## 'भाजपा को धनबल का घमंड' जनता देगी जवाब: अनिरुद्ध सिंह

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि भाजपा का धन-बल का घमंड सिर चढ़कर बोल रहा है और भाजपा नेताओं के अहंकार को प्रदेश की जनता देख रही है। धनबल के जरिए भाजपा नेता हिमाचल प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। हॉर्स ट्रेडिंग कर भाजपा ने राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में छह कांग्रेस विधायकों से क्रॉस वोटिंग करवाई और फिर लोकप्रिय सरकार को गिराने की साजिश रची। यह बात घर-घर पहुंच गई है कि भाजपा ही इस पूरे षड्यंत्र के पीछे थी। हमें इस बात का पूर्ण विश्वास है कि आगामी लोकसभा चुनाव और छह विधानसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। पिछले सवा साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारा। उन्होंने कहा कि अपनी पार्टी से गद्दारी करने वाले बागियों को प्रदेश की जनता सबक सीखाएगी।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सत्ता के लालच में हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को अपमानित करने में लगे हैं। हिमाचल प्रदेश के लोग बिकाऊ नहीं हैं, जबकि जयराम ठाकुर नोटों के दम पर जनमत की कीमत तय कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## प्रचार में जुटे टिकट के चाहवान



सुजानपुर क्षेत्र में कांग्रेस की नुक्कड़ सभा।



बड़सर में आईडी लखनपाल कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिताऊ उम्मीदवार के चयन में हो रही लेट लतीफी पर वर्कर्स और टिकट के चाहवान भले ही असमंजस में हों, लेकिन संभावितों ने अब नुक्कड़ सभाओं के जरिए माहौल को गरमाने का प्रयास शुरू कर ही दिया है।

हमीरपुर जिले के सुजानपुर और बड़सर में होने वाले उपचुनाव में भाजपा के मुकाबले में कांग्रेस का प्रचार अभी दिख नहीं रहा। भाजपा के झंडे बैनर अब जगह-जगह दिखने लगे हैं। वहीं, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां अपने-अपने स्तर पर सक्रिय होने लगी हैं। सुजानपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले टिकट के चाहवान चुनाव प्रचार में निकल गए हैं। बड़सर में ब्लॉक कांग्रेस में संजय शर्मा की नियुक्ति के बाद कुछ हरकत होने लगी है। खुद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी संभावितों को निर्देश दिए हैं कि जब तक पार्टी प्रत्याशी का ऐलान नहीं हो जाता, वे जुट जाएं। इसीलिए रोजाना आधा दर्जन के करीब नुक्कड़ सभाएं ब्लॉक कांग्रेस के बैनर तले शुरू हो चुकी हैं। बड़सर में भाजपा का चुनाव प्रचार इसलिए रफ्तार पकड़ चुका है, क्योंकि वहां कांग्रेस को नए चेहरे की तलाश है।

भाजपा के पूर्व विधायक इंद्र दत्त लखनपाल चुनाव में उतर चुके हैं। वहीं, 10 अप्रैल को समैला में बड़सर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का महासम्मेलन है। भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल का गांव भी समैला में ही है, इसलिए वहीं पर इसे रखा गया है।

## एक परिवार को लांच करने के लिए विपक्षी पार्टियों का सहारा ले रही कांग्रेस: काजल



**धर्मशाला ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस पार्टी आज लोकतंत्र में अच्छे विपक्ष की भूमिका में भी खरा नहीं उतर पा रही है। आखिर कांग्रेस एक गांधी-नेहरू परिवार व राहुल गांधी को लांच करने में अपनी सारी एनर्जी लगा रही है। इसके लिए देश की सभी पार्टियों का सहारा लिया जा रहा है। यह स्वतंत्र लोकतंत्र के लिए खतरा है, जिसमें एक गांधी परिवार की साख बचाने के लिए राष्ट्रीय सहित स्वतंत्र क्षेत्रीय पार्टियों तक से देश को गिरवी रखने वाली शर्तों के साथ गठबंधन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले प्रदेश कांग्रेस ने राज्य की भोली-भाली जनता को दस झूठी गारंटियों में फंसाया और प्रदेश में सत्ता हासिल कर ली, लेकिन जनता अब इनको पहचान चुकी है। आगामी लोकसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश की चार की चार लोकसभा सीटें हिमाचल की जनता भाजपा की झोली में डालेगी।

**सियासत** मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर साधा निशाना

# बागी विधायकों को उकसा कर विक्रमादित्य व प्रतिभा ने लिया यू-टर्न: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह का नाम अब पलटू राम नहीं रह गया है, बल्कि पल-पल पलटू हो गया है। यह तंज नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने रविवार को मंडी में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कसा। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए मंडी में मीडिया संवाद कक्ष का रिबन काटकर शुभारंभ भी किया।

जयराम ठाकुर ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह को नया नाम देते हुए कहा कि पहले विक्रमादित्य सिंह और उनकी माता प्रतिभा सिंह ने प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया था, लेकिन अब उन्होंने अपने बयान को पलट कर यह सिद्ध कर दिया है कि वे पलटू राम नहीं पल-पल पलटू राम हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के बीच अपना बहुमत खो चुकी है और आज नहीं तो कल इस सरकार का जाना निश्चित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कुछ करने की आवश्यकता नहीं है और आने वाले समय अपने ही बोझ के कारण प्रदेश सरकार दब जाएगी। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के बागी विधायकों को उकसाने में विक्रमादित्य और प्रतिभा सिंह की भूमिका अहम रही है। प्रतिभा सिंह प्रदेश सरकार के खिलाफ बयानबाजी करती रही और विक्रमादित्य सिंह ने त्यागपत्र दे दिया। इससे कांग्रेस से नाराज चल रहे विधायकों को उन्होंने उत्साह देकर रखा, लेकिन खुद यू-टर्न लेकर अपना हाथ पीछे खींच लिया।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सीपीएस का मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है और इस पर फैसला आने के बाद सरकार पलट जाएगी। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने विक्रमादित्य द्वारा अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर गोमांस का सेवन करने को लेकर की गई विवादित टिप्पणी पर कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने पहले ही साफ कर दिया है कि उन्होंने गोमांस नहीं खाया है। इसको लेकर सभी आरोपों को कंगना रनौत ने सिरे से पहले ही खारिज किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर इस प्रकार की टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

केंद्रीय नेतृत्व ने हर बात को ध्यान में रखकर मंडी संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार को घोषित किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मामले संवेदनशील होते हैं, यदि इसके बाद भी इस तरह की बयानबाजी की जाती है तो इसकी शिकायत चुनाव आयोग को सौंपी जाएगी।

### कहा- पलटू नहीं अब पल-पल पलटू राम हुआ विक्रमादित्य सिंह का नाम

## युवा मतदाता



**युवा** मतदाता महक का कहना है कि किसी भी समाज के लिए महिला सुरक्षा की गारंटी होना बहुत जरूरी है। आज के दौर में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है। ऐसे में महिलाओं से अत्याचार करने वालों के लिए कठोर कानून बनाया जाना चाहिए।

**महक, सोलन।**



**मतदान** महत्वपूर्ण होता है। सोच-समझकर जनता से किए वादों को पूरा करने वाले उम्मीदवार को ही वोट दूंगी। साथ ही क्षेत्र के विकास को जो प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास करे और जनता की समस्याओं को दूर करे ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगी।

**पायल, डलहौजी।**

## महिला मतदाता



**लटवाला** की रहने वाली थिथो देवी, जिनकी उम्र 110 साल के करीब है । आज भी चुनाव से संबंधी पूरी जानकारी रखती हैं। उनका मानना है कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर हम एक अच्छी सरकार चुन सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं खासकर युवा वोटर से अपील की है कि लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लेकर अपने मत का.

**थिथो देवी, नगरोटा बगवां।**



**नेता** विधायक का चुनाव जन सेवा के नाम पर लड़ते हैं, जो अच्छी बात है, लेकिन जब वे अपनी इच्छा से निर्धारित अवधि से पहले ही त्यागपत्र दे देते हैं तो उन्हें त्यागपत्र के साथ-साथ यह भी लिखित रूप में देना चाहिए कि उन्होंने समाज सेवा के लिए दिए गए समय को पूरा नहीं किया है। इसलिए उन्हें मिलने वाली पेंशन भी न दी जाए। सरकार को भी चाहिए कि विधायकों को मिलने वाली पेंशन में बदलाव किया जाए।

**शकुंतला देवी, रिटायर्ड वीपीएम ।**



**गद्दी** जाति की 6 उपजातियों को गद्दी समुदाय के साथ जोड़ने की उनकी मांग को पूरा किया जाए। अपनी मांग को पूरा करवाने के लिए उनका समुदाय अपने प्रत्याशी उतारेगा। नेताओं से आश्वासन तो कई बार मिले, लेकिन मांग को अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। वे इस बार अपने समुदाय के प्रत्याशी को वोट करेंगे।

**रीता देवी, जिया**

## पुरुष मतदाता



**उम्मीदवार** की छवि स्वच्छ और ईमानदार होनी चाहिए। उम्मीदवार ऐसा होना चाहिए जो नौजवान हो, पढ़ा-लिखा हो और राजनीति में अच्छी खासी पकड़ रखने वाला हो । क्योंकि लोकसभा उम्मीदवार सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र को रिप्रेजेंट नहीं करता है, बल्कि एक संसदीय क्षेत्र को रिप्रेजेंट करता है।

**सुरेश शर्मा, अध्यक्ष फल उत्पादक संघ, भरमौर।**



**इस** बार के लोकसभा चुनाव में उन नेताओं को टिकट मिलनी चाहिए, जो बिकाऊ न हो। एक दल बदलकर दूसरे दल में आने वाले नेताओं को लोगों को सिरे से नकार देना चाहिए। आज के जमाने में युवा ईमानदार, पढ़ा-लिखा उम्मीदवार राजनीति में आना चाहिए।

**शशि बलवीर ठाकुर, भरमौर।**



**दल** बदल तथा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए खतरा है। नेता अपने स्वार्थ के लिए यह कर रहे हैं, जो गलत तथा गैर कानूनी है तथा जनता के हितों की अनदेखी हो रही है। विधायकों के कारण प्रदेश में सरकार की अस्थिरता का माहौल बना हुआ है ।

**संजय भारद्वाज, धर्मशाला**



**मंडी** संसदीय क्षेत्र में बहुत समस्याएं हैं। दिल्ली में इनकी आवाज बुलंद करने के लिए प्रखर सांसद की आवश्यकता है। द्रंग में नमक की खान से अभी भी लोगों को नमक नहीं मिल पा रहा है। , लोग समुद्री नमक से हाई व लो ब्लड प्रैसर का शिकार हो रहे हैं। हमारे क्षेत्र में जब प्राकृतिक नमक है, तो इसे किसके दबाव में चलने नहीं दिया जा रहा है। **दीपन ठाकुर, जोगिंद्रनगर (मंडी)।**



**मोदी** को लोग इसलिए वोट देते हैं, क्योंकि इंटरनेशनल पॉलिसी में कोई भी पार्टी खरी नहीं उतर पाई है और मोदी ने यह करके दिखाया है। बाहरी देशों में मोदी का काफी दबदबा है। चीन और पाकिस्तान की अगर बात करें तो जब जब भी विवाद होता है तो मोदी के डर से हिल जाते हैं। **सुभाष वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता।**

## हैप्पी बर्थडे



जसौर की कोमल को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## अनंत ज्ञान
### अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


# 24 घंटे में पकड़ी तीन लाख रुपए की शराब

## पुलिस ने गगल, कांगड़ा, धर्मशाला और जयसिंहपुर में पकड़ी खेप

- लोकसभा चुनावों को लेकर सतर्क हुई पुलिस
- वाहनों की तलाशी के दौरान मिली कामयाबी
- जिले भर में सामने आए छह मामले

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

लोकसभा चुनावों को लेकर कांगड़ा पुलिस सतर्क हो गई है। आचार संहिता होने के चलते शराब तथा कैश आदि से चुनावों को प्रभावित करने के लिए दिन के अलावा रात को भी नाकाबंदी की जा रही है। भारी संख्या में तैनात पुलिस बल नाकाबंदी कर रहा है। जिला पुलिस के आलाधिकारी भी इन नाकों का निरीक्षण कर रहे हैं।

पुलिस ने 24 घंटे के अंदर जिले भर में तीन लाख रुपए की शराब पकड़ी है। इस दौरान क्षेत्र में आवागमन कर रहे वाहनों की तलाशी के बाद ही उन्हें आने-जाने दिया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार रात को जिला भर में छह मामलों में तीन लाख रुपए की शराब पकड़ी गई है।

पुलिस को गगल, कांगड़ा, धर्मशाला तथा जयसिंहपुर में शराब तस्करों से 1716 बोतल शराब तथा 32 कैन बीयर के बरामद करने में सफलता मिली है। गगल थाने के तहत भडियाड़ा में विशाल कुमार के घर से वीआरवी संतरा शराब की 1236 बोतलें बरामद की गई हैं जिनका मूल्य 247200 रुपए है।

पुलिस थाना कांगड़ा के तहत घुरकड़ी में बब्बू नामक व्यक्ति की दुकान से सात बोतल संतरा शराब बरामद की गई है जिसका मूल्य करीब 1400 रुपए है। इसके अलावा कच्छियारी में आरोपी साहिल की दुकान से आठ बोतल संतरा मार्का शराब बरामद की गई है जिसका मूल्य 1600 रुपए है। पंचरूखी में रमेश चंद की कैलाशपुर स्थित दुकान से 24 बोतल ऊना नंबर वन शराब बरामद की गई है जिसका मूल्य 4800 रुपए है। पुलिस थाना धर्मशाला के तहत दाड़ी में करतार चंद की दुकान से 240 बोतल संतरा मार्का शराब बरामद की गई है जिसका मूल्य 48000 रुपए है।

दाड़ी में ही तारिक अख्तर के रेस्टोरेंट से 32 कैन बीयर बरामद की गई है जिसका मूल्य 6400 रुपए है।





शनिवार रात को नाकेबंदी के दौरान गाड़ियों की चेकिंग करते पुलिस कर्मी।

### तस्करों पर पैनी नजर

उधर, इन मामलों की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस की शराब तस्करों पर कड़ी नजर है। जिला के तहत सभी थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में लगातार नाकाबंदी की जा रही है।

## महाराणा प्रताप स्कूल में हुई फेयरवेल पार्टी

**कांगड़ा।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सिहुंवा में शनिवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के बच्चों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में बच्चों ने कई तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नौवी और ग्यारहवीं कक्षा के बच्चों और अध्यापकों ने मिलकर गेम्स और प्रश्नों के उत्तरों के आधार पर दसवीं की सारिका शर्मा को मिस एमपीपीएस और दसवीं के ही हर्षित राणा को मिस्टर एमपीपीस जबकि बारहवीं की तान्या शर्मा को मिस परफेक्ट एमपीपीएस के खिताब से नवाजा गया। इस दौरान बच्चों ने खूब मनोरंजन किया और सभी स्टाफ और स्कूल प्रबंधक कर्नल एसएस राणा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## धर्मशाला शहर और साथ लगते क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-1 धर्मशाला रमन भरमौरिया ने बताया कि धर्मशाला नगर और साथ लगते क्षेत्रों में 33,11 केवी सब स्टेशन कालापुल के रख-रखाव के चलते आठ अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक अथवा कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान कोतवाली बाजार, आईपीएच कॉम्पलेक्स, नगर निगम कार्यालय, यात्री निवास, जोनल अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी ऑफिस, डीसी ऑफिस, डिपो बाजार, सिविल लाइन, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लीनिक शामनगर, पुलिस लाइन, एकजोत कॉलोनी, चीलगाड़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, फॉरेंसिक लैब, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट, कोतवाली पेट्रोल पंप, गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चीलगाड़ी, मैकलोडगंज बाजार, मैकलोडगंज बौद्ध मंदिर, जोगीवाड़ा, हेरू गांव, टिप्पा रोड, आकाशवाणी, डिग्री कॉलेज, बीएड कॉलेज, सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर, संजय मार्ग और इसके साथ लगते क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## बलाहरा स्कूल में एडमिशन पर मिलेगा 1100 रुपए का इनाम

### सरकारी स्कूल में दाखिला बढ़ाने के लिए अध्यापकों की पहल

**अनंत ज्ञान, डरोह**

सरकारी स्कूल में दाखिला बढ़ाने के लिए शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा के अध्यापक घर-घर जाकर अभिभावकों को हिमाचल सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इस मुहिम के तहत अध्यापकों ने पंफ्लेट भी छपवा रखे हैं। विद्यालय के अध्यापक राकेश राणा ने कहा कि हमारे विद्यालय में हिंदी मीडियम के साथ इंग्लिश मीडियम में भी पढ़ाई करवाई जाती है। वार्षिक परीक्षाओं में भी हमारे विद्यालय का परिणाम शतप्रतिशत रहता है। इसी मुहिम के तहत उन्होंने कहा कि अगर कोई अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से निकालकर हमारे विद्यालय में दाखिल करवाता है तो अभिभावकों को अपनी जेब से 1100 का इनाम भी देंगें। यदि कोई अभिभावक अपने बच्चों की किताबें और फीस देने में असमर्थ होगा तो उनके बच्चे की पढ़ाई का खर्चा खुद उठाएंगे। विद्यालय प्रशासन द्वारा ऐसा कदम उठाने पर अभिभावकों ने तारीफ की है।



शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा के अध्यापक सामूहिक चित्र में।

## न्यूज ब्रीफ

### चामुंडा धाम में नवरात्र पर कार्यक्रम कल से

**चामुंडा।** विश्व प्रसिद्ध शिव शक्तिपीठ श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में नौ से 17 अप्रैल तक नवरात्र का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 31 विद्वान एवं 15 सहायक विद्वान भाग लेंगे। इस महायज्ञ में शतचंडी दुर्गा पाठ, रुद्राभिषेक, सवा लक्ष गायत्री जाप, रामायण पाठ, देवी भागवत पुराण पाठ, दुर्गा बीज मंत्र जाप, प्रतिदिन गणपति ,दुर्गा, नवग्रह, कलश एवं मंडप में स्थापित देवों का पूजन किया जाएगा। 15 अप्रैल को निशीथ पूजन किया जाएगा जिसमें मां चामुंडा को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। इस दिन शास्त्रीय संगीत एवं भजन कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति समर्पित की जाएगी। यह महायज्ञ जनमानस के सहयोग से विश्व कल्याण हेतु आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी श्री चामुंडा मंदिर अधिकारी श्री गिरिराज ठाकुर ने दी।

### बागडू महादेव में भागवत कथा संपन्न



बागडू महादेव में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

**डरोह।** बागडू महादेव में पूर्व विद्यार्थी संघ द्वारा पहली से सात अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें पुरोहित संजीव शर्मा भवारना वाले ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व समझाया। हवन-यज्ञ में पूर्ण आहुति के उपरांत कथा को विराम दिया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थी संघ के प्रधान रमेश मिश्रा, उपप्रधान ओपी धीमान, सचिव कैप्टन देशराज शर्मा एवं समस्त सदस्य मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर खूब लाभ लिया।

### घडेला चौक में बाइक स्किड, चालक जख्मी

**धर्मशाला।** पुलिस थाना भवारना के तहत घडेला चौक में मोटरसाइकिल नं. डीएल 35 सीएच-3156 के चालक सचिन निवासी घडेला, डाकघर बछवाई, तहसील थुरल जिला कांगड़ा ने अपने वाहन को लापरवाही व तेज रफ्तारी से चलाकर सड़क से नीचे गिरा दिया व स्वंय घायल हो गया। इस बारे में पुलिस ने भारतीय दंड सहिंता की धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक बेहद तेज गति से बाइक चला रहा था जिसके कारण वह बाइक से नियंत्रण खो बैठा और दुर्घटना का शिकार हो गया।

## व्यवसाय बढ़ाने में धन का अभाव नहीं बनेगा रोड़ा

### उद्यमी उठाएं मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना का लाभ

- कौशल-आधारित श्रमिकों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने शुरू की यह योजना

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

यदि आप छोटे अथवा मध्यम वर्ग के उद्यमी या दुकानदार हैं और धन के अभाव में अपने व्यवसाय को नहीं बढ़ा पा रहे हैं तो मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना का लाभ उठा कर अपने व्यवसाय को एक नई दिशा दे सकते हैं।

लघु उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने और कौशल-आधारित श्रमिकों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 50 हजार रुपए तक के ऋण पर 50 प्रतिशत ब्याज उपदान प्रदान किया जाएगा। प्रदेश सरकार की यह पहल राज्य के छोटे व मध्यम उद्यमियों के लिए वरदान साबित होगी। छोटे और मध्यम उद्यमी धन के अभाव के कारण अपने व्यवसाय का विस्तार नहीं कर पाते और व्यावसायिक रूप से उनके लिए तरक्की की राह बंद हो जाती है।

सरकार ने उनकी इस समस्या का समाधान करने और समाज के इस वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से बिना सुरक्षा जमानत के ऋण की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। यह योजना छोटे उद्यमों और कौशल-आधारित श्रमिकों जैसे मोची, दर्जी, बार्बर, मोबाइल रिपेयरिंग विक्रेता, सब्जी व फल विक्रेता और ग्रामीण क्षेत्रों में अपना व्यवसाय संचालित करने वाले छोटे उद्यमियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। योजना के प्रारंभिक चरण में 18-55 वर्ष के आयु वर्ग के 75,000 व्यक्तियों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महाप्रबंधक जिला उद्योग विभाग जिला कांगड़ा राजेश कुमार ने बताया कि इस योजना का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने करीब 40 करोड़ रुपए के पर्याप्त बजट का प्रावधान किया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रणाली तैयार की जा रही है, जिसके माध्यम से संपूर्ण ऋण अनुमोदन प्रक्रिया के लिए आवेदन किया जा सकेगा। यह पहल छोटे उद्यमियों के सशक्तिकरण और राज्य की अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना छोटे उद्यमियों को वित्तीय संसाधनों के अभाव के कारण आर्थिक उन्नति में आ रही बाधाओं का समाधान करेगी। (अनंत ज्ञान)

## लोकतंत्र के महापर्व में चौथे स्तंभ की अहम भूमिका: बेक्टा

**अनंत ज्ञान, देहरा**

आदर्श आचार संहिता के सफल संचालन में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की अहम भूमिका है। यह बात सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने रविवार को देहरा में मतदाता सेल्फी प्वाइंट के शुभारंभ पर कही। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया। एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि मतदाताओं को मत के प्रयोग के लिए प्रेरित करने में मीडिया अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि देहरा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस उपलक्ष्य पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रक्षपाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरजीत धीमान, महासचिव रोहित, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव कमलजीत,कोषाध्यक्ष विनायक ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष आनंद सूद, गगन, सुशील, हरभजन भाटिया , जतिन और विनायक ठाकुर उपस्थित थे।



## जय मां शक्ति दरबार में भक्तों ने खेली फूलों की होली



**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

जय मां शक्ति दरबार कटोच कॉलोनी कांगड़ मोकी में रविवार को मंदिर के संजोजक बाबा विक्रम सिंह द्वारा विशाल शोभायात्रा वा भंडारे का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। सुबह पंज पीर मंदिर घंडरा से कांगड़ मोकी तक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर परम पूज्य श्रीश्री 1008 महंत शतीश वत्स जी महाराज सिब्बोथान भरमाड वाले विशेष रूप से पधारे। सतीश वत्स ने सत्संग करते हुए कहा कि सत्संग सुनने से आदमी पवित्र हो जाता है। सत्संग में सफाई की सेवा, जोड़ो की सेवा, लंगर की सेवा करनी चाहिए। अंत में मंदिर के संस्थापक बाबा विक्रम सिंह ने सभी भक्तों के साथ फूलों की होली खेली।

### जागोरी संस्था ने करवाया आयोजन, नौ पंचायतों की महिलाओं ने लिया हिस्सा

## निविया पैलेस इच्छी में सजा मां-बेटी मेला

**अनंत ज्ञान, गगल**

जागोरी संस्था द्वारा विकास खंड कांगड़ा के निविया पैलेस इच्छी में मां-बेटी मेले का आयोजन किया गया। यह जानकारी जागोरी संस्था की प्रवक्ता सरिता व आजाद ने दी। उन्होंने बताया कि विकास खंड धर्मशाला और कांगड़ा की नौ पंचायतों की 131 मां-बेटियों ने इस मेले में भाग लिया।

मां-बेटी मेले का मुख्य उद्देश्य मां और बेटी के रिश्ते को मजबूत बनाना रहा। मेले में अलग-अलग स्टॉल और गतिविधियों के माध्यम से मां-बेटी के रिश्ते में गहराई लाई गई। इसके उपरांत बेटियों और माताओं ने अपने रिश्ते को मजबूत करते हुए नृत्य, कविता और गानों के माध्यम से एक-दूसरे को प्यार का संदेश दिया और मेले का भरपूर आनंद उठाया। जागोरी संस्था की प्रवक्ता आशा ने माताओं और बेटियों को संबोधित करते हुए माताओं को बेटियों को सशक्त करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जागोरी संस्था की ओर से ममता धीमान रेखा शर्मा, अभिषेक, अजय, अंजू ठाकुर, सुरेष्ठा, सुनीता देवी आदि समारोह में उपस्थित रहे।



जागोरी संस्था की ओर से रविवार को इच्छी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

## फतेहपुर के रोहित चौहान बने करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जवाली**

उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर से संबंधित रोहित चौहान को करणी सेना का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति करणी सेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने मोच स्थित एक निजी होटल में बैठक के दौरान की। रविवार को करणी सेना की बैठक मोच स्थित एक निजी होटल में हुई। इसमें करणी सेना के विस्तार की चर्चा करने के साथ ही फतेहपुर के युवा रोहित चौहान को हिमाचल प्रदेश की कमान सौंपी गई। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तरफ से पहुंचे युवा एवं खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बादल तंबर ने बताया कि करणी सेना का राजनीति से दूर-दूर तक का रिश्ता नहीं है। उन्होंने कहा यह एक सामाजिक संगठन है जोकि समाज की बेहतरी के लिए कार्य करता है। उन्होंने कहा कि बैठक में फतेहपुर निवासी रोहित चौहान को हिमाचल प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व में रहे प्रदेशाध्यक्ष स्वर्गीय राहुल चौहान की याद में करणी सेना फतेहपुर से उनके नाम की खेलकूद प्रतियोगिता करवाने जा रही है ताकि उनके द्वारा कोरोना काल में किए गए बेहतर कार्यों को याद किया जा सके। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री किसान मोर्चा अमित राणा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अरविंद भाटी, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा दीपक ,पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष बेनी मिन्हास व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



मोच में बैठक के दौरान करणी सेना के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष व अन्य।

**कैंप** सिविल अस्पताल देहरा में आयोजित शिविर के दौरान बोलीं एसडीएम

## चुनाव लोकतंत्र का महापर्व, सभी लें भाग: शिल्पी

- पत्रकारों के लिए लगाया फ्री मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, गरली/ डाडासीबा**

सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा की अध्यक्षता में रविवार को सिविल अस्पताल देहरा में उपमंडल के पत्रकारों के लिए एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर पहुचे जसवां परागपुर के तमाम पत्रकारों का डाक्टरों की टीम द्वारा फ्री चेकअप करके उन्हें दवाईयां भी दी गई।

इस दौरान आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान की प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से एसडीएम मैडम शिल्पी बेक्टा के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब जसवां परागपुर के तमाम पदाधिकारियों के अलावा चुनाव डिपार्टमेंट देहरा के कानूनगो रोशन लाल, एसडीएम ऑफिस के सीनियर कर्मचारी संजीव कुमार, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, अरुण कुमार सहित सिविल अस्पताल देहरा के एसएमओ डॉक्टर दिलशांत मुहम्मद, डॉ. निखिल सूद आदि गणमान्य लोगों ने हस्ताक्षर कर इस अभियान को आगे बढ़ाया। इस दौरान शिल्पी बेक्टा ने जहां मतदान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनाने का भी आह्वान किया गया तो वहीं उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। इसमें सभी बढ़-चढ़कर भाग लें। पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करें। एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है। इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और अधिक मजबूत बनाना चाहिए।

इस दौरान इन्होंने मेरा वोट मेरी ताकत, चुनाव का पर्व देश का गर्व विषयों पर भी जागरूक किया गया। इस दौरान इन्होंने लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का सही प्रयोग करने को कहा।



सिविल अस्पताल देहरा में स्वास्थ्य शिविर के दौरान मौजूद एसडीएम व अन्य।

# नादौन में प्रवासियों की झोपड़ियां राख

## जानी नुकसान से हुआ बचाव, सामान जलकर हुआ राख




वार्ड नंबर एक में ब्यास नदी के पास निजी भूमि पर बनी झोपड़ियां आग से जली हुईं तथा घटनास्थल का जायजा लेते हुए तहसीलदार रोहित कंवर।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन शहर के वार्ड नंबर एक में ब्यास नदी के पास निजी भूमि पर झोपड़ियों में रह रहे प्रवासी मजदूरों की झोपड़ियों में रविवार सायं अचानक आग लग गई, जिससे इन प्रवासी मजदूरों का काफी नुकसान हुआ है। प्रवासी मजदूरों की चार झुगी-झोपड़ियों सहित इनमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है।

गनीमत यह रही कि इस आग की घटना में किसी को जान का नुकसान नहीं पहुंचा है। आग लगने की खबर मिलते ही प्रवासी मजदूरों ने हालांकि आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक झोपड़ियां जल चुकी थी। खबर मिलते हैं तहसीलदार रोहित कंवर व पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। तहसीलदार ने बताया कि हुए नुकसान का जायजा लिया जा रहा है जिन चार प्रवासी परिवारों का नुकसान हुआ है उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। फिलहाल इन पीड़ित परिवारों के रहने व खाना आदि का इंतजाम भी कर दिया है। स्थानीय गुरुद्वारा गुरु गोबिंद सिंह द्वारा पीड़ित परिवारों को खाना उपलब्ध करवाया जाएगा।

# एनआईटी हमीरपुर में तीन दिवसीय प्रौद्योगिकी-2024 टेकफेस्ट संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर में आईएसटीई द्वारा तीन दिवसीय प्रौद्योगिकी-2024 टेक फेस्ट आयोजित किया गया। जिसमें टीम आईएसटीई द्वारा वार्षिक कार्यक्रम में कुल 10 प्रतियोगिताओं में 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में इंजीनियरिंग की सभी क्षेत्रों से संबंधित प्रतियोगिताएं करवाई गई। पहले दिन के कार्यक्रम स्टेलर स्केप हैकाथॉन, केमिस्ट्री, बाइनरी ब्लिट्ज और फ्लोट-यो-बोट के प्रथम चरण की शुरुआत से हुई, जबकि दूसरे दिन भी प्रतिभागियों का उत्साह कम नहीं हुआ।

इस कार्यक्रम के अंतिम दिन की शुरुआत लॉजिक लेब्रिंथ से हई जिसमें प्रतिभागियों ने अपने दिमाग के घोड़े दौड़ा, जिसमे उन्हें गणित पर आधारित 10 पहेलियां सुलझानी थी। इसके बाद फ्लोट यो बोट के द्वितीय चरण में प्रतिभागियों नें एक बोट रेस की प्रतिस्पर्धा करवाई और उसके साथ ही साथ ही स्टार टेक ऑक्शन के दूसरे चरण का समापन भी हुआ। लॉजिक लेबीरिंथ के द्वितीय चरण और हैकथॉन का तीसरे चेक प्वॉइंट के साथ तृतीय दिवस के सभी का प्रतियोगिताओं समापन किया गया।

फिर प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए हैकाथॉन के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को प्राप्त होने वाले मूल्यों का निर्णय प्राध्यापकों ने किया। रविवार को समापन समारोह में टीम आईएसटीई द्वारा तीन दिन के इस टेकफेस्ट का सार बताया गया। इस दौरान डायरेक्टर डॉ. एचएम सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना नानोटी, डीन छात्र कल्याण डॉ. अशोक कुमार, आईएसटीई के संकाय प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार और अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे।

कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और साथ ही प्रतिभागियों और टीम आईएसटीई की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### जाहू मेवा उत्सव 24 से 31 अप्रैल तक

**जाहू।** तीन जिलों की संगम स्थली जाहू में मेवा उत्सव की तैयारियां पंचायत ने शुरू कर दी हैं। इसके लिए पंचायत के द्वारा कमेटियों का गठन कर लिया गया है। जाहू मेवा उत्सव 24 अप्रैल से शुरू होगा, जिसका शुभारंभ भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप करेंगे और विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुरेश कुमार रहेंगे। जाहू मेवा उत्सव 24 से लेकर 31 अप्रैल तक चलेगा। पंचायत के द्वारा नलवाड़ मेले का नाम बदलकर मेवा उत्सव कर दिया गया। पिछले वर्ष मेवा उत्सव पहली बार अप्रैल महीने में हुआ था और तीन दिन तक प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम भी रही थी। इस बार भी जाहू पंचायत के द्वारा मेवा उत्सव सात दिन तक चलाने का फैसला लिया है। जाहू पंचायत की प्रधान अनुराधा शर्मा ने बताया कि मेवा उत्सव जाहू के खेल मैदान में होगा वहां पर व्यापारयों के लिए प्लॉट आवंटित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जो व्यापारी मेवा उत्सव में दुकानें लगाना चाहते हैं वे पंचायत घर में आकर दुकान के लिए प्लॉट बुक करवा सकते हैं।

### नादौन ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज

**नादौन।** नादौन ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक 8 अप्रैल को प्रातः 11 बजे गीता भवन नादौन में होगी, जिसमें अगामी लोकसभा चुनावों बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिरकत करेंगे। कार्यालय सचिव नानक चंद ने बताया कि बैठक में ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, कांग्रेस विचारधारा के पंचायत प्रतिनिधि, नादौन नगर पंचायत पार्षद हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंच कर बैठक में हिस्सा लें तथा मुख्यमंत्री के विचार सुनें।

### ब्लॉक कांग्रेस बड़सर की बैठक कल

**बिझड़ी।** जिला महासचिव पवन कालिया ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस बड़सर की चुनावों से संबंधित बैठक 9 अप्रैल मंगलवार दोपहर दो बजे को बिझड़ी के कुआं चौक मंदिर के सामने हॉल में आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी, सह-प्रभारी विधायक संजय रत्न, जिला अध्यक्ष सुमन भारती भी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा की अगुआई में बड़सर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश व जिला से संबंधित पदाधिकारी सभी संगठनों के ब्लॉक अध्यक्ष पदाधिकारी, कार्यकर्ता व कांग्रेस पार्टी से इच्छुक टिकटार्थी उपस्थित रहेंगे। बैठक मे कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कांग्रेस पदाधिकारी सुझाव भी रख सकते हैं। इच्छुक टिकट के दावेदार बड़सर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा के पास अपने अपने बायोडाटा सहित आवेदन भी कर सकते हैं ताकि समय रहते प्रदेश कांग्रेस इन आवेदनकर्ताओं पर सर्वे करवा सके।

### बिझड़ी में क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम 14 को

**बिझड़ी।** संत निरंकारी मिशन की शाखा बिझड़ी के श्रद्धालु भक्तों द्वारा 14 अप्रैल रविवार को एक विशाल क्षेत्रीय संत समागम का आयोजन बिझड़ी के ताल स्टेडियम में किया जा रहा है। यह जानकारी ब्रांच बिझड़ी के मुखिया निर्मल ठाकुर एवं सेवा दल के संचालक प्रकाश चंद व अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस संत समागम में जिला बिलासपुर, उना और हमीरपुर ब्रांचों से हजारों की संख्या में संत महात्मा पधारेंगे। मिशन के अनुयायियों द्वारा बताया गया कि संत निरंकारी मिशन सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के नेतृत्व में एक आध्यात्मिक विचारधारा के रूप में विश्व भर में मानव एकता और भाईचारे का पैगाम दे रहा है। माता सुदीक्षा महाराज आदिकाल से संत महात्माओं द्वारा दिए गए सनातन सत्य संदेश को ही जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। इस कड़ी में आगामी 24 अप्रैल को जिला हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना में विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है।

### ढो-कंज्याण में बाइक स्किड, चालक की मौत

**जाहू।** पुलिस थाना भोरंज के तहत सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रितिक (21) पुत्र रमेश चंद गांव लल्यार डाकघर बगवाड़ा तहसील टौणी देवी जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रितिक और उसी के गांव का दिनेश कुमार शनिवार को आधी रात को करीब 11-12 बजे बाइक पर सवार होकर ढो-कंज्याण सड़क पर जा रहे थे कि बाइक स्किड हो गई और दोनों घायल हो गए। दोनों को घायल अवस्था में भोरंज अस्पताल के जाया गया जहां रितिक की नाजुक हालत को देखते ही चिकित्सकों ने उसे हमीरपुर रेफर कर दिया। हमीरपुर से पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया, लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। रविवार को लल्यार गांव में दंगल का आयोजन किया जाना था, लेकिन इस दुखद घटना के कारण वह भी स्थगित कर दिया गया।

### श्रीमद् भागवत कथा में समझाया स्त्री शब्द का अर्थ



हमीरपुर के टाउन हाल में प्रवचन देतीं कथा ब्यास साध्वी भद्रा भारती।

**हमीरपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से 5 से 11 अप्रैल तक टाउन हॉल हमीरपुर में सात दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ विजय बजाज एवं संजीव बजाज ने ज्योति प्रज्वलित करके किया। कथा के तीसरे दिन आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी भद्रा भारती ने स्त्री शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि स्त्री स्तु धातु से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है विस्तार, फैलाव। यह विस्तार प्रेम, स्नेह, ममता आदि का है। इसलिए स्त्री को सामाजिक माता का दर्जा दिया गया है। हमारे इतिहास में हुई झांसी की रानी, ताराबाई आदि जैसी वीर वीरांगनाओं ने अपने राष्ट्र का स्वाभिमान भंग नहीं होने दिया। कथा में साध्वी चित्रा भारती एवं साध्वी पुष्पभद्रा भारती ने सुमधुर भजनों का गायन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कथा को विराम मां की पावन आरती द्वारा दिया गया। सभी भक्तजनों को प्रसाद का वितरण किया गया।

### मंडी की टीम ने पहली पारी में बनाए 441 रन

**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अंमतर में खेली जा रही अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-19 का मैच रविवार को मंडी व किन्नौर की टीम मैं खेला गया। किन्नौर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मंडी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 77.3 ओवर में 441 रन बनाए। बल्लेबाज दिव्यांश ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 93 रन बनाए, जबकि शुभम ठाकुर ने 77, विशारद सिंह ने 34, मंथन गुरुंग ने 75, सात्विक ठाकुर ने 50 रन बनाए। प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि किन्नौर की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज सत्यम ने एक, आशु नेगी ने एक, तेजविंद्र ने पांच, जबकि अमरिंद्र ने तीन विकेट झटके। जीत के लिए 442 रनों का पीछा करते हुए किन्नौर की टीम ने पहले दिन का मैच समाप्त होने तक आठ रन बना लिए थे।

# रविवार को होली मेले में उमड़ी लोगों की भीड़



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राष्ट्र स्तरीय होली मेला यूं तो आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया है, लेकिन अभी तक यह मेला बदस्तूर जारी है। मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को मेले में दूर-दूर से लोग पहुंचे तथा जमकर खरीददारी की।

राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव यूं तो 28 मार्च को आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया है, लेकिन लोगों का मेले में आना जारी है। सुजानपुर के साथ लगते आसपास के गांवों के अलावा मंडी, कांगड़ा तथा अन्य जिलों से भी लोग मेले में पहुंचकर मेले का आनंद उठा रहे हैं। गर्मी का मौसम बढ़ते ही मेला ग्राउंड चौगान में सूरज आग बरसा रहा है। डोम में लगी दुकानों में लोग पहुंचकर जमकर खरीदारी कर रहे हैं। लोगों को जिससे कड़ी धूप से निजात मिल रही है।

मेले में पहुंचकर लोग अपनी मनपसंद की चीजों की खरीदारी कर रहे हैं। मेले में शाम को लोग झूलों का आनंद उठा रहे हैं। एसडीएम व मेला अधिकारी डॉक्टर रोहित शर्मा ने कहा कि 20 अप्रैल के बाद मेला ग्राउंड को खाली करवा दिया जाएगा।

# विकास कार्यों में नहीं होगी किसी प्रकार की राजनीति : सुरेश कुमार

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



धसमाई में विधायक सुरेश कुमार गांववासियों के साथ।

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के धसमाईं व लठवान गांव में रविवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बतौर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में 15 माह से कार्यकाल में प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। इससे भोरंज विधानसभा क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा है।

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के 15 माह के कार्यकाल में हुए करोड़ों रुपए के विकास कार्य और भाजपा के 35 वर्षों के कार्यों को तुलना करने का समय अब आ गया है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लोगों की पीने के पानी, स्वास्थ्य शिक्षा और सड़क-परिवहन समस्या को दूर करने की ओर काई ध्यान नहीं दिया गया है। इससे आज भी लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं।

विधायक ने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव से एक समान विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का हाथ मजबूत करने के लिए हमीरपुर जिले के लोगों को कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए देने का कार्य किया, लेकिन भाजपा ने इसे रोकने का कार्य करने महिला विरोधी होने का परिचय प्रदेशवासियों को दिया है। कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, राजीव लाल मैहर, नरेश ठाकुर, चंदन ठाकुर, महिला कांग्रेस पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

### सतपाल रायजादा ने बाबा बालक नाथ जी का लिया आशीर्वाद

**बिझड़ी।** लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों के कांग्रेस के उम्मीदवारों की घोषणा अभी नहीं की है, लेकिन चुनावों में नेताओं का नाम आगे चलने से ईष्ट देवताओं के दर्शन कर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं। शनिवार देर शाम हमीरपुर लोकसभा से कांग्रेस पार्टी के संभावित उम्मीदवार सतपाल रायजादा बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में हाजिरी लगाने पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने बाबा की गुफा में शीश नवाज कर बाबा जी का आशीर्वाद लिया। मंदिर ट्रस्ट द्वारा उन्हें बाबा जी का प्रसाद रोट और पटका देखकर सम्मानित किया गया।

### डॉ. डोगरा को प्रत्याशी बनाने की लोगों ने रखी थी सीएम के समक्ष बात

**सुजानपुर।** ग्राम पंचायत बीड़ बगेहड़ा प्रधान रजनी बाला, ग्राम पंचायत जंदडू प्रधान सुरेश आदि ने कहा है कि डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा स्वच्छ और साथ-साथ सुथरी छवि के व्यक्ति हैं। डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा इलाके के समाज सेवक हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवियों के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को अपनी बात रखी थी कि सुजानपुर से डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा को प्रत्याशी के रूप में उतारा जाए। यह यहां की जनता का अपना भावनात्मक पक्ष था, जबकि डॉ. डोगरा अपनी शिष्टाचार भेंट के लिए वहां पर पहले से ही मौजूद थे जिसके लिए उन्होंने कभी भी राजनीतिक बात नहीं की। जन प्रतिनिधियों ने कहा कि डॉक्टर डोगरा की स्वच्छ छवि के चलते वह राजनीतिक विरोधियों की आंखों में खटकते रहते हैं। इसलिए उनका कभी ट्रांसफर, कभी उन्हें डेपुटेशन पर लगा दिया जाता है।

### मेडिकल चेकअप कैंप में 203 रोगियों का स्वास्थ्य जांचा

**बिझड़ी।** विकास खंड बिझड़ी के गांव बाड़ा में रोटरी क्लब हमीरपुर के सौजन्य से स्व. मास्टर रामनाथ शर्मा याद में निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 203 रोगियों की जांच की और मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। रोटरी क्लब हमीरपुर ने यह कैंप वर्ल्ड हेल्थ-डे के उपलक्ष्य में आयोजित किया। चिकित्सा शिविर को सफल बनाने वाली डॉक्टर्स टीम में स्पेशलिस्ट डॉ. रविंद्र मल्होत्रा चेयरमैन, डॉ. हर्ष कालिया दंत, स्किन डॉ. नीरज शर्मा, आंख डॉ. अनिल वर्मा, मेडिसिन के डॉ. साबिर अहमद सिटी हार्ट केयर भकरेड़ी ने भी योगदान दिया। इस शिविर में रोटरी विलेज कोर के अध्यक्ष रविंद्र गौड़ तथा सचिव कैप्टन अमीं चंद के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में रोटेरियन प्रधान रवि शर्मा, सचिव डॉ. प्रदीप कुमार, राजेश शर्मा, सुरेश हांडा, जेपी अग्निहोत्री, विशेषकर सीए राजीव शर्मा आदि के सहयोग से यह 11वां चिकित्सा शिविर लगाया गया।

# चंद धोखेबाज नेता सरकार को करना चाहते हैं अस्थिर : डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों का स्वागत करते डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा।

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा पिछले दो दिनों में ग्राम पंचायत साहनवीं के जलगांव में, ग्राम पंचायत दड़ूही, ग्राम पंचायत जंगल रोपा के हार गांव में व ग्राम पंचायत बफड़ीं के कोहीं गांव में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारा मुख्यमंत्री हमारा स्वाभिमान है और न केवल हमीरपुर की शान है बल्कि पूरे प्रदेश का मान हैं।

उन्होंने हिमाचल के नाम को हमेशा इस देश में ऊंचा किया है। मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके 14 महीने के कार्यकाल में उन्होंने ऐसे निर्णय लिए जिनका स्वागत न केवल कांग्रेसियों ने बल्कि भाजपा के बड़े नेताओं ने भी किया। मुख्यमंत्री के फैसलों को भारत के नीति आयोग और विश्व के वर्ल्ड बैंक ने भी सराहा है। आपदा के समय में मुख्यमंत्री ने 4500 करोड़ रुपए का आपदा राहत पैकेज प्रदेश की जनता को दिया। इस राहत पैकेज में आज प्रदेश की हर एक पंचायत में काम चल रहे हैं। आपदा का मुख्य कारण रहे खनन माफिया पर नकेल कसते हुए मुख्यमंत्री ने सभी क्रशरों को बंद किया। नई खनन नीति लागू करने के कारण चंद धोखेबाज नेता प्रदेश सरकार को अस्थिर करना चाह रहे थे।

वर्मा ने कहा के इन चंद भगौड़े भ्रष्ट व्यापारिक मानसिकता वाले नेताओं की वजह से पूरे भारतवर्ष में देवभूमि को मान-हानि हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हमें ऐसे भ्रष्ट नेताओं को सबक सिखाना है। इस मौके पर पंचायत में वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता और युवा कांग्रेस के साथी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। जन जागरण अभियान के तहत कई लोगों ने कांग्रेस परिवार में शामिल होकर ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आस्था जताई।

# हिमाचल महासभा चंडीगढ़ का पहाड़ी संस्कृति को बचाने में अहम योगदान : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल महासभा (रजि.) चंडीगढ़ द्वारा सेक्टर 23 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि सचिव हिमाचल कांग्रेस कमेटी के सचिव राजीव राणा ने शिरकत की। इस अवसर पर राजीव राणा ने हिमाचल महासभा का वार्षिक कलेंडर सभा के अध्यक्ष राकेश वरोटिया की अध्यक्षता मे विमोचन किया गया।

राजीव राणा ने बताया कि हिमाचल महासभा चंडीगढ़ का पहाड़ी संस्कृति को बचाने मे अहम योगदान रहा है। जिस प्रकार समय-समय पर सभा द्वारा सामजिक कार्यक्रम किए गए ये भी समाज हित में हैं। उन्होंने कहा कि सभा लंबे अरसे से सामाजिक गतिविधियां करवा रही है और चंडीगढ़ में हिमाचल से आए हुए जरूरतमंद लोगों की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि सभा अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलेगी।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र पर पीएम की टिप्पणी खेदजनक : कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने पार्टी के घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को खेदजनक बताया है। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का एजेंडा कहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ ही चुनाव आचार संहिता का उलंघन और संविधान की भावना के भी विपरीत है।

कौशल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में देश के बेरोजगार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में खाली चल रहे 40 लाख पदों पर स्थायी रोजगार, गरीब परिवारों से एक महिला को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए की राशि, किसानों की उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने जैसे कई सगूफे भाजपा ने छोड़े थे, आखिर उनका क्या बना।

उन्होंने यह भी कहा कि अग्निपथ योजना को समाप्त कर सेना में नियमित भर्ती करने, मनरेगा की दिहाड़ी बढ़ा कर चार सौ रुपए करने के साथ ही देश की महिलाओं, किसानों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए व्यवहारिक वादे किए गए हैं और इनके विषय में प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया बेहद पीड़ाजनक होने के साथ ही पद तथा राजनीतिक गरिमा को चोट पहुंचाने वाली भी है। कांग्रेस प्रवक्ता ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा कहने पर कहा कि जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री के रूप में बेहतर कार्य किया होता और जनता से किए वादों को निभाया होता, तो आज वह विपक्ष में नहीं होते। न ही कुर्सी के मोह में सरकार गिराने के षड्यंत्रों में लिप्त होते।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में शालीनता, परस्पर सम्मान और सकारात्मक अभियान की सबसे अधिक अपेक्षा बड़े और संवैधानिक पदों पर आसीन नेताओं से ही की जाती है मगर वर्तमान दौर में ऐसे नेता ही राजनीति में असंवेदनशीलता का परिचय देते हुए राजनीति के स्तर को गिराने के नायक बनते जा रहे हैं।

# फायर सीजन में वन विभाग के कर्मचारियों को नहीं मिलेगी छुट्टी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

गर्मियों का सीजन शुरू हो चुका है और जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने भी व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है। फायर सीजन के दौरान वन विभाग ने कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। यानि फायर सीजन के दौरान किसी भी कर्मचारी को छुट्टी नहीं मिलेगी। प्रदेश में हमीरपुर सबसे छोटा जिला है और इसका कुल क्षेत्रफल 1118 वर्ग मीटर है जिसके तहत लगभग 18232 हेक्टेयर में वन क्षेत्र फैला हुआ है। हर वर्ष की तरह वन विभाग जंगलों को आग से बचाने के लिए फायर वाचर और ग्रामीणों का सहयोग लेता आया है। जिनके सहयोग से जंगलों को काफी हद बचाने में सफल भी हो रहा है।

जिला के 6 ब्लॉक हैं और इनमें चीड़ के पेड़ पाए जाते हैं। गर्मियों के मौसम में चीड़ की पत्तियां एकदम आग पकड़ लेती हैं जिसे बुझाना किसी चुनौती से कम नहीं होता और हर साल आग से लाखों रुपयए की वन संपदा नष्ट हो जाती है। हर साल वनों को आग से बचाने के लिए टीमें बनाई जाती हैं, जिससे जंगलों को आग से हो रहे नुकसान को कम किया जा सके। वन विभाग ने 6 ब्लॉकों में फायर वाचर रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**आग की घटना से निपटने के लिए 6 रैपिड रिस्पांस टीमें गठित**

वन विभाग ने जिला में 6 रैपिड रिस्पांस टीमें बनाई हैं जो आग की घटनाओं पर नजर रखेगी, इसके अलावा प्रत्येक ब्लॉक में कंट्रोल रूम भी स्थापित कर दिए हैं जहां पर आग की घटनाओं की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

> **स्टाफ** को फायर सीजन में छुट्टी न मिलने के बारे बता दिया है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि जंगलों के नजदीक आगजनी की घटनाएं अकसर लापरवाही के कारण होती हैं। उन्होंने लोगों से घासनियों में आग न लगाने की सलाह दी है और यदि जंगल में आग लग जाती है तो इसकी सूचना लोकल गार्ड या कंट्रोल रूम में दें।
> **-अंकित कुमार, डीएफओ**

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जंगलों को आग से बचाने के लिए फॉरेस्ट गार्ड, पंचायत प्रधान और वन समिति का सहयोग लिया जाएगा, जिसमें पंचायत प्रधान लोगों को जंगलों के साथ घासनियों में आग न लगाने के प्रति जागरूक करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**श्रद्धा**

## दियोटसिद्ध में रविवार को 50 हजार श्रद्धालुओं ने किए बाबा जी के दर्शन

# पौणाहारी के जयकारों से गूंजा बाबा जी का दरबार

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**




सिद्ध पीठ दियोटसिद्ध में बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास के मेले चले हुए हैं। रविवार को बाहर से आए हुए लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके पौणाहारी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर परिसर भारी भीड़ रही और चारों तरफ श्रद्धालु बाबा जी के जयकारों के साथ गुफा दर्शन कर रहे थे।

मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई स्थानों पर ठंडा पेयजल की भी व्यवस्था कर रखी थी, ताकि गर्मी के इस मौसम में श्रद्धालुओं को गुफा दर्शन जाते समय किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ सके।

बता दें कि बाबा बालक नाथ के दर्शन करने के लिए शनिवार को ही बाबा के भक्त मंदिर में पहुंच गए थे। श्रद्धालु जयकारा पौणाहारी के साथ ही गुफा दर्शनों के लिए बढ़ रहे थे और महिला श्रद्धालुओं के लिए मंदिर ट्रस्ट ने बाबा जी की गुफा के दर्शन करने के लिए अब अलग व्यवस्था कर रखी है, जिससे गुफा दर्शन करने के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए तीन टाइम का लंगर की निशुल्क व्यवस्था कर रखी है।

बता दें कि चैत्र माह में गुफा दर्शन करने का अपना ही महत्व है, जो भी श्रद्धालु चैत्र माह में बाबा जी की गुफा दर्शन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि रविवार को 50 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर ट्रस्ट ने बस अड्डा से लेकर गेट नंबर 5 तक निशुल्क टैक्सी की व्यवस्था कर रखी है ताकि असहाय वृद्ध अपंग श्रद्धालुओं को गुफा दर्शन करने के लिए किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)

# बरसात में बेघर हुए दलितों को न जमीन मिली न किराया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

टिहरा उपतहसील की ग्राम पंचायत तनियार के वार्ड हियुन की दलित बस्ती बाल्ह पर गत वर्ष 13 अगस्त को हुई प्रलयकारी बरसात से हुए भूस्खलन से तीनों तरफ मलबा आ गया था और इसे असुरक्षित घोषित कर दिया गया था। यहां के एक दर्जन परिवारों को उसी दिन वहां से सुरक्षित जगहों के लिए शिफ्ट कर दिए गए था और कुछ समय पंचायत घर में ठहराने के बाद अब वे किराये के मकानों में रह रहे हैं।

आठ महीने गुजर गए हैं और दो परिवारों को छोड़कर बाकी सभी परिवार टिहरा के आसपास किराए के मकानों में रह रहे हैं और डेढ़ से दो हजार रुपए मासिक किराया दे रहे हैं। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वे भी बच्चे के मातम में शामिल होने वहां दो दिन पहले गए थे और स्थानीय लोगों ने उन्हें आने वाली बरसात के मद्देनजर अपनी व्यथा सुनाई।

## पिछले आठ माह का किराया जारी करने की उठाई मांग

इस बस्ती पर पिछली बरसात में गिरे मकानों और चारों ओर पड़े मलवे को अभी तक नहीं हटाया गया है। जो स्थानीय प्रशासन और विधायक की उदासीनता, लापरवाही और सवेदनहीनता का प्रमाण है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इन परिवारों को किराया राशी अभी तक सरकार द्वारा नहीं दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस बस्ती को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए कुछ चहलकदमी तीन-चार महीने पहले जरूर हुई थी, लेकिन अब मामला ठंडे बस्ते में पड़ गया है और बरसात दो महिने में फिर से दरवाजे पर दस्तक दे देगी।

भूपेंद्र सिंह इस बारे स्थानीय प्रशासन व जिलाधीश से इस बारे तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है और इन्हें पिछले आठ महीने का किराया जारी करने की मांग की है और साथ ही जमीन आवंटित करने की भी मांग की है।



बरसात के दौरान हुए भूस्खलन के कारण टूटे मकान

## पीड़ित परिवार लोकसभा चुनावों का करेंगे बहिष्कार

भूपेंद्र ने कहा कि धर्मपुर के नए एसडीएम और मंडी के उपायुक्त को जल्द इस बारे में कार्रवाई करनी चाहिए नहीं तो ये सब परिवार लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे और जरूरत पड़ने पर संघर्ष भी करेंगे। जो परिवार किराए पर रह रहे हैं उनमें रूपलाल, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, बसंत सिंह, रमेश कुमार, राकेश कुमार, मंजीत और सोनू इत्यादि शामिल हैं।

# चुनावों के लिए उड़नदस्ते तैनात

**नेरचौक** । सहायक रिटर्निंग अधिकारी बल्ह विशाल शर्मा द्वारा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड और सर्विलांस टीम का गठन किया गया है। ये टीमें राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखेंगी।

इसके लिए फ्लाइंग स्क्वॉड व सर्विलांस टीम को सक्रिय कर दिया गया है। चुनाव में पुलिस बल के साथ-साथ सीआरपीएफ की टुकड़ी की तैनाती की जाएगी।

लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए फ्लाइंग स्क्वाड टीमें जगह जगह नाके लगा कर वाहनों की चेकिंग करेंगी।

# चैत्र मंगलवार से निकलेगी मां कंचनपुरी की शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



उपमंडल धर्मपुर की ग्राम पंचायत डरवाड़ के गांव घरवासड़ा में स्थित मां कंचना पुरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 अप्रैल को गढ़ मंदिर के लिए सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकलेगी। मंदिर विकास सभा के प्रधान राज कुमार विष्ट ने बताया की मां कंचना पुरी जी का रथ नवरात्रों के नौ दिनों तक गढ़ मंदिर में रहेगा। नवरात्रों के प्रतिदिन सुबह, शाम को मां कंचनापुरी की विशेष पूजा व आरती होगी। नौ दिन गढ़ मंदिर के प्रतिदिन भंडारों का आयोजन होगा। 17 अप्रैल को मां कंचनापुरी की शोभायात्रा गढ़ मंदिर से मुल स्थान घरवासड़ा को मां के जयकारों, ढोल नगाड़ों सहित वापस होगी।

इस दौरान बैठक में उपप्रधान बालमुकंद गुलेरिया, सचिव नानक चंद, वक्सी राम, कोषाध्यक्ष हेम राज, मंदिर पुजारी अनिल विष्ट आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिवरात्रि मेले में डीसी ने बच्चों संग की मस्ती



**मंडी** । बालिका देखभाल संस्थान तथा विशेष बाल देखभाल केंद्र सुंदरनगर के निराश्रित और विशेष बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा मंडी के पड्डल मैदान में चल रहे शिवरात्रि मेले का भ्रमण करवाया गया। बच्चों ने उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी के साथ मेला घुमा और खूब मनोरंजन किया।

### विश्वकर्मा मंदिर में 17 तक होगा महायज्ञ

**जोगिंद्रनगर** । श्री शिव शक्ति विश्वकर्मा मंदिर जोगिंद्रनगर में श्री चंडी महायज्ञ और श्री राम कथा का आयोजन मंगलवार को किया जा रहा है। सभी क्षेत्र वासियों से इस आयोजन में पधारने के लिए निमंत्रण भी दिया गया है। इस महायज्ञ में सर्व मनोकामना, सर्व बाधा यंत्रों की प्रतिष्ठा भी की जाएगी जिससे परिवार में होने वाली अप्रिय बाधाओं से मुक्ति मिलती है। कार्यक्रम का आरंभ सोमवार को प्रातः 11 बजे कलश यात्रा से होगा। मंगलवार को प्रातः 8 बजे गणेशादि पूजन से होगा उसके बाद 11 बजे महायज्ञ विधान होगा और दोपहर 2 बजे से श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 17 अप्रैल तक जारी रहेगा और उसी दिन दोपहर 1 बजे पूर्णाहुति कन्या पूजन और प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम की समाप्ति होगी।

### काली माता मंदिर मुंडखर में भागवत कथा नौ से

**सरकाघाट**। काली माता मंदिर मुंडखर में मंगलवार नौ से 17 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ नौ अप्रैल को सुबह कलश यात्रा से किया जाएगा। आयोजन के दौरान नित्य प्रति भागवत कथा, ब्रह्म भोज तथा रात्रि में आरती व संकीर्तन का कार्यक्रम रहेगा। वहीं 17 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक प्रसिद्ध पंडित विनीत शर्मा बलद्वाड़ा वाले होंगे।

### राजा हरिसेन को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**सुंदरनगर** । देहरी स्थित वृद्ध आश्रम में सुकेत के राजा हरिसेन के निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इसका आयोजन वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष डॉ. पदम सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर सभा में मौजूद लोगों ने राजा हरिसेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई, वहीं शोकसभा में उपस्थित लोगों ने राज परिवार की ओर से सुंदरनगर में शिक्षण संस्थान खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए उपलब्धियां हासिल कराई हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रबुद्ध वक्ताओं में डॉ. मोहन, नरेंद्र गोयल, एमएल महाजन रोटरी अध्यक्ष, नगर परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जेसी पटियाल, गोवेर्धन लाल, सुरेंदर मिश्रा, सरोज शर्मा, सरदार हमरीक आदि शामिल रहे।

### कांग्रेस के गारंटी पत्र महज चुनावी दस्तावेज : राकेश



**सुंदरनगर** । कांग्रेस ने एक बार फिर हिमाचल की तर्ज पर अब पूरे देश की जनता को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक सुंदरनगर राकेश जंवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सोहर, बैहना और चनोल में जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि हिमाचल की पांच गारंटियों के बाद अब केंद्र में एक और चुनावी दस्तावेज महज औपचारिकता निभाने के लिए कांग्रेस ने पेश किया है। आज लगभग सभी युवा सड़कों पर प्रदर्शन करते नजर आते हैं। रोजगार देने वाले कार्यालय को बंद कर दिया गया है।

### राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों ने जीते चार मेडल

**सरकाघाट** । जिला हमीरपुर व उपमंडल धर्मपुर की सीमा पर अवाहदेवी में पिछले 20 वर्षों से बच्चों व युवाओं को आत्मरक्षा के लिए ताइ[ ंडो, कराटे, कूचों आदि का प्रशिक्षण टाइगर अकादमी द्वारा दिया जा रहा है। अकादमी के संचालक मास्टर डीके ने बताया कि अवाहदेवी में रविवार को कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें टाइगर अकादमी के चार बच्चों ने नेशनल लेवल पर चार मेडल जीत कर जहां अपनी अकादमी का नाम रोशन किया है। अकादमी के संचालक मास्टर डीके ने सभी बच्चों को बधाई दी। वहीं विजेता बच्चों को 1100 का नकद इनाम देकर सम्मानित किया।



# नाचन के दो मंदिरों में चोरों ने लगाई सेंध

## ताले तोड़कर गल्ले से उड़ाए पैसे, क्षेत्र में दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

नाचन विधानसभा क्षेत्र में चोर गिरोह एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। शनिवार देर रात को क्षेत्र की कोट व भयारटा पंचायत में सेंधमारी कर चोर गिरोह ने दो मंदिरों के ताले तोड़कर वहां के गल्लों से कैश उड़ा लिया। 'हेलो हेलो चोर' गिरोह ने कोर्ट पंचायत में स्थित श्री देव महूनाग चुनाव के मंदिर के तीनों मुख्य द्वार पर लगे ताले तोड़कर मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए पैसे उड़ा लिए।

साथ ही मंदिर में रखे गए गल्ले का ताला तोड़कर उसमें मौजूद पैसा भी चोरों ने चूरा लिया। मंदिर के पुजारी सोहन सिंह सुबह जब मंदिर में पहुंचे तो उन्होंने मंदिर के द्वार खुले देखे तो दंग रह गए।

उन्होंने इसकी सूचना मंदिर कमेटी को दी सूचना मिलते ही मंदिर कमेटी ने पुलिस थाना धनोटू को सूचित किया सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। वहीं साथ लगती पंचायत में स्थित देव के मंदिर में भी चोरों ने ताले तोड़कर वहां से नकदी पर हाथ साफ कर लिया।



मंदिर के तीनों द्वार जिनके ताले चोरों द्वारा तोड़े गए हैं, जिस कारण लोगों में रोष है।

> नाचन क्षेत्र के दो मंदिरों में चोरी होने की सूचना मिली है जिसके आधार पर पुलिस कार्यवाही कर रही है।
> -भारत भूषण, डीएसपी सुंदरनगर।

## माांहूनाग चुनाहन मंदिर में चोरी की यह दूसरी घटना

श्री देव मांहूनाग चुनाहन के मंदिर में चोरी की यह दूसरी घटना है। गत वर्ष इस मंदिर में लगी घंटियों को चोर उड़ा कर ले गए थे। जिस कारण क्षेत्र के लोगों में इस घटना के कारण रोष है। लोगों ने कहा कि पुलिस द्वारा जल्द इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।



मंदिर के अंदर का गल्ला, जिसमें से पैसे चुराए गए।

## चोरी की घटना से देव समाज के लोग आहत

श्री देव महूनाग मंदिर कमेटी चुनाहन के प्रधान रमेश यादव ने कहा कि मंदिर में चोरी की इन वारदातों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है साथ ही देव समाज इससे आहत है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस घटना की जांच कर चोर गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# 'आप' ने सेरी चाननी में की केंद्र के खिलाफ नारेबाजी



उपवास के दौरान सामूहिक चित्र में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आम आदमी पार्टी संसदीय क्षेत्र मंडी के कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गैरकानूनी गिरफ्तारी के विरोध में सेरी चांननी में एक दिन का उपवास रखकर अपना विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कि, जिसकी अध्यक्षता जिला इंचार्ज राकेश रावत ने की। इस मौके पर प्रदेश सचिव राकेश मल्होत्रा भी मौजूद रहे।

इस दौरान राकेश मल्होत्रा ने कहा कि जिस तरह भाजपा आम आदमी पार्टी की बढ़ती हुई लोकप्रियता से घबराई हुई है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग अपने निजी स्वार्थ के लिए कर रही है यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही घातक है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष हमारा जारी रहेगा और हम इस संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी लगातार जारी रहेगा।

इस उपवास के दौरान पूर्व प्रत्याशी बंजार विधानसभा नीरज सैनी, कुल्लू पूर्व प्रत्याशी शेरा नेगी व अजय शर्मा, गिरधारी लाल शर्मा, सरकाघाट विधानसभा से अश्वनी शर्मा और धर्मपुर विधानसभा से गोविंद रांगडा, सुंदरनगर से प्रदेश प्रवक्ता संजय संधू, बृजलाल, दरंग विधानसभा से भूप सिंह व हरदेव सिंह, बल्ह विधानसभा से जिला सचिव चमन ठाकुर, पवन कुमार, धनदेव, बल्ह विधानसभा अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेरी मंच पर धर्म संघ मनाएगा नववर्ष महोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष महोत्सव सेरी मंच पर मनाने जा रहा है। हिंदू नववर्ष की शुरूआत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस बार हिंदू नववर्ष विक्रमी सम्वत 2081, 9 अप्रैल 2024 से शुरू हो रहा है। यह मान्यता है कि इसी तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी।

इस वर्ष विशेष यह है कि नववर्ष का आरम्भ दो शुभ योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग से हो रहा है इस दिवस पर रेवती और अश्विनी नक्षत्र भी रहेंगे। ये दोनों योग नौ अप्रैल को सुबह 7.32 से प्रारंभ होकर अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह 5:06 बजे तक रहेंगे। धर्म संघ द्वारा, सेरी मंच पर आयोजित, नव संवत्सर कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार प्रातः 10 बजे श्री गणेश पूजा एवं स्थापना से होगा तदोपरांत हवन-यज्ञ प्रारम्भ होगा और लगभग 11 बजे तक पूर्ण आहुति होगी।

नवरात्रि प्रारम्भ होने की पृष्ठभूमि में, कन्याओं द्वारा दीप प्रज्वलित किए जाएंगे तथा स्वस्ति वाचन एवं सरस्वती वंदना होगी। पंडित के मुखारविंद से नव संवत के नाम व नूतन वर्षफल का पाठन किया जाएगा। इसके उपरांत, अपनी लोक संस्कृति के संवर्धन हेतु लोक गीतों की प्रस्तुति होगी तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी के प्रवक्ता नीरज हांडा ने बताया कि हमें बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि यह पूरा कार्यक्रम आम जन की सहभागिता से हो रहा है।

धर्म संघ, श्री भूतनाथ मंदिर सभी के सहयोग से नववर्ष के इस कार्यक्रम को भव्य बनाने का प्रयास कर रहा है। धर्म संघ का सभी मंडी वासियों से अनुरोध है कि सभी परिवार सहित कार्यक्रम में भाग लें और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के इस प्रयास को सफल बनाने में सहयोग करें।

# चुनाव के लिए भाजपा मंडल गगरेट की चार दिवसीय कमेटी गठित

**अम्ब** । भाजपा मंडल गगरेट की बैठक रविवार को संपन्न हुई जिसमें चुनाव हेतु चार दिवसीय कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

कमेटी में कांगड़ा बैंक के निदेशक पवन नंबरदार, जिला पार्षद सुशील कालिया, संगीता देवी एवं राजीव शर्मा का नाम शामिल है।

कमेटी को उपचुनाव के अभियान में सारी रणनीति बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। इस दौरान कमेटी द्वारा चुनाव से संबंधी सभी तैयारियां की जाएगी और चुनाव को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# केंद्र की मोदी सरकार आज तक की सबसे भ्रष्ट सरकार : कुशाल



माकपा कार्यकर्ता बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में ।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने जोगिंद्रनगर में अलग जोन के पार्टी सदस्यों तथा बूथ प्रभारियों की बैठक शुरू कर दी हैं।

राज्य सचिवालय सदस्य एवं मंडी जिला सचिव कुशाल भारद्वाज की उपस्थिति में चौंतड़ा में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आम आदमी पार्टी सदस्यों के अलावा विभिन्न बूथों के प्रभारी भी शामिल हुए। पार्टी के लोकल कमेटी सचिव रविन्द्र, सुदर्शन वालिया आदि भी उपस्थित थे।इस दौरान कुशाल भारद्वाज ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आज तक की सबसे बड़ी भ्रष्ट सरकार साबित हुई है।

# महिला मंडल व स्वयं सहायता समूह ने मतदाताओं को किया जागरूक



**पधर** । विकास खंड द्रंग के विभिन्न ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह और महिला मंडलों के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला मंडल पत्योंण, पदवाहन, चेली, स्वयं सहायता समूह चांदनी के द्वारा ग्राम पंचायत में मतदाता को जागरूक किया गया। उन्होंने लोगों को अपने-अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# मोदी की नीतियों से करोड़ों परिवारों को मिला लाभ : जयराम



अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान जयराम ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जयराम ठाकुर ने बल्ह में भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के हर वर्ग का उत्थान सुनिश्चित हुआ है।

मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आज देश के करोड़ों अनुसूचित जाति वर्ग के परिवारों को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। यह क्रम और भी बेहतर तरीके से आगे भी चलता रहेगा। प्रधानमंत्री हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। आमजन मानस की सेवा ही मोदी के राजनीति और जीवन का लक्ष्य हैं।

## सुक्खू सरकार ने लिया 18000 का करोड़ ऋण

**कांग्रेस** की सुक्खू सरकार ने आते ही एक हजार से अधिक संस्थान बंद कर दिए। 15 महीने में 18000 करोड़ का ऋण ले लिया है। एक एक विधायक के लिए 20.20 पुलिस कर्मी लगा दिए हैं, यह कैसी सरकार है। यह बात जयराम ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि सरकार के गलत निर्णयों पर घेराबंदी करना विपक्ष का कर्तव्य है और हमने यह ईमानदारी से निभाया है। हिमाचल में पहली बार हुआ कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं।

## 11 को कुल्लू में प्रचार करेंगी कंगना

जयराम ठाकुर ने कहा कि 10 अप्रैल को कंगना रनौत हिमाचल आएगी और 11 अप्रैल को कुल्लू जिला में चुनाव प्रचार करेगी। भाजपा ने पहली बार मंडी संसदीय क्षेत्र से एक महिला को उम्मीदवार बनाया है। हिमाचल से फिल्मी जगत में नाम कमाने वाली कंगना रनौत मंडी लोकसभा चुनाव बड़े मतों से जीतेगी।

इस बार परिस्थितियां भिन्न हैं कांग्रेस ये न सोचे कि अबकी बार रण आसान है। इस बार रणनीति हमारे पक्ष में है और जीत भी हमारी ही होगी।

**आरोप** मनवाना वार्ड में पूर्व वार्ड सदस्यों ने लोगों के साथ की बैठक, कहा-अपात्र लोगों को दी राहत राशि

# आपदा राहत वितरण में लगे धांधली के आरोप, सीएम को भेजा पत्र

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

सुंदरनगर उपमंडल की सलवाना ग्राम पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य ने आपदा राहत वितरण में धांधली के आरोप लगाए हैं। सलवाना ग्राम पंचायत के मनवाना वार्ड में पूर्व वार्ड सदस्य हंसराज और पूर्व वार्ड सदस्य सीता देवी सहित लोगों ने बैठक का आयोजन कर आपदा राहत के दौरान पात्र पीड़ितों को दरकिनार कर अपात्र लोगों को राहत राशि वितरण करने के आरोप लगाए हैं।

इस संबंध में विस्तृत चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया और कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। हंसराज ने जारी बयान में कहा कि क्षेत्र में बीते वर्ष अगस्त महीने में हुई भारी बारिश के दौरान बहुत सारे लोगों का काफी नुकसान हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब पात्र और पीड़ित लोगों द्वारा पंचायत के माध्यम से दवारडू स्थित गुमोहू मुहाल के राजस्व अधिकारी के माध्यम से प्रशासन से राहत की गुहार लगाई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारी ने दस्तावेज बनवा कर मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन भी किया, लेकिन इसके बावजूद राहत राशि तो दूर लोगों को तिरपाल तक भी नहीं दिए गए हैं। जब राहत बांटने का समय आया तो ऐसे आधा दर्जन के करीब लोगों को भी राहत राशि का भुगतान किया गया।

इसके साथ साथ राजनीतिक पहुंच वाले इन लोगों को तहसील कल्याण अधिकारी के द्वारा मकान आवंटन के लिए भी मंजूरी दी गई और वहीं विकास खंड अधिकारी के द्वारा एक-एक लाख रुपए के डंगे के निर्माण के लिए भी मंजूरी दी गई है। इस अवसर पर हंस राज पूर्व वार्ड सदस्य, संजय कुमार, वेसरिया राम, बीरबल राम, सीता देवी पूर्व वार्ड सदस्य, दया देवी, प्रशांत, प्रकाश चंद, जमना देवी, रत्न लाल, ओम और अंसु ने शामिल हुए।



बैठक के दौरान मौजूद वार्ड के पूर्व सदस्य व मौजूद लोग।

## नए पटवारी ने जताई असमर्थता

आरोप है कि दर्जनों लोगों ने जब राजस्व अधिकारी के दरबार में पहुंचकर पता किया गया तो पटवारी का तबादला हो गया था। नए पटवारी ने असमर्थता जाहिर कर दी। उन्होंने कहा कि पंचायत में बार-बार मांग करने के बावजूद उन्हें झूठे आश्वासन दिए जाते रहे हैं। मजबूर होकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजना पड़ा है।

## क्या कहती हैं पंचायत प्रधान

सलवाना ग्राम पंचायत प्रधान चंपा देवी ने कहा कि आपदा तो पुराने पटवारी के समय पर आई थी। नए पटवारी बाद में आए हैं। आपदा में मेरा घर भी गिरा है। मुझ पर ही लोग राहत लेने का आरोप लगा रहे हैं। बावड़ी की सफाई के मामले में दो साल पड़े हैं, जब पैसा आएगा तो काम कर देंगे। जिनको पानी चाहिए बावड़ी की सफाई करते रहें। पंचायत को कोई ऐतराज नहीं है।

# प्रेस क्लब पधर और ऑफिसर इलेवन ने जीता एक-एक मैच



ऑफिसर इलेवन और प्रेस क्लब पधर की टीमें।

**अनंत ज्ञान, पधर**

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पधर उपमंडल के हरड़गलू खेल मैदान में प्रेस क्लब और आफिसर इलेवन के बीच मे क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों टीमें एक-एक मैच जीतकर बराबरी पर रही। प्रेस क्लब पधर के कप्तान नवीन निश्चल शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, जिसमें ऑफिसर इलेवन ने 81 रन बनाए। 82 रन के निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रेस क्लब पधर की टीम 80 रन पर ऑल आउट हो गई। दूसरे मैच में प्रेस क्लब ने बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाए, जिसमें ऑफिसर इलेवन 137 रन में ऑल आउट हो गई। दूसरे मैच में विक्रांत ने शतक जड़ते हुए टीम को जीत दिलाई। प्रेस क्लब के विक्रम ठाकुर मैन ऑफ द मैच रहे।

# आचार संहिता तोड़ने पर सोलर लाइट पोल और सामान जब्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

चुनाव आयोग के उड़नदस्ते ने विधानसभा क्षेत्र गगरेट की ग्राम पंचायत कैलाश नगर के एक घर से सोलर लाइट पोल व बेंच जब्त करने में सफलता हासिल की है।

चुनाव आयोग को एक शिकायत मिली थी कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए अभी से मतदाताओं को सोलर लाइट लगाने के साथ अन्य सामान का प्रलोभन दिया जा रहा है।

इस शिकायत के आधार पर ही चुनाव आयोग के उड़नदस्ते ने यह कार्रवाई की है। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने इस बाबत उपचुनाव में घोषित भाजपा प्रत्याशी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

चुनाव आयोग को निरंतर यह शिकायतें मिल रही थीं कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट में आदर्श चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।



आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत पर कैलाश नगर से सोलर लाइट पोल व जब्त किया गया अन्य सामान।

पंचायत समिति सदस्य व कांग्रेस नेता अनिल डढवाल ने लिखित शिकायत की थी कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए भाजपा प्रत्याशी अपनी सामाजिक संस्था के माध्यम से अभी भी गांव-गांव में सोलर लाइट वितरित करने के साथ अन्य सामान भी वितरित कर रहे हैं।

चुनाव आयोग को यह भी सूचना मिली थी कि कैलाश नगर में उपचुनाव के दौरान सामान बांटने के लिए घर को डंप बना रखा है। यहां पर भारी मात्रा में सोलर लाइट व अन्य सामान रखा गया है।

इस सूचना के आधार पर चुनाव आयोग के उड़नदस्ते ने रविवार सुबह तीन बजे कैलाश नगर के जब उस घर में दबिश दी तो पाया कि दीवार पर बड़े-बड़े अक्षरों में चैतन्य शर्मा के नाम के साथ वाईएसपी अंकित था। टीम ने जब अंदर जाकर देखा तो वहां सोलर लाइट पोल व बेंच पड़े मिले।

जब घर के मालिक से इस बाबत पूछा गया तो उसने बताया कि उसने यह घर किराए पर दे रखा है। उड़नदस्ते ने जब गिनती की तो वहां पर 91 सोलर लाइट पोल व 33 के करीब बेंच बरामद हुए, जिस पर उड़नदस्ते ने उक्त सामान जब्त कर लिया। इसके बाद सहायक निर्वाचन अधिकारी सौमिल गौतम ने भाजपा प्रत्याशी को नोटिस जारी कर इसका जवाब तलब किया है। सौमिल गौतम ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में लोगों को मतदान के बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

स्वीप अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज 'मेरा वोट मेरी ताकत' थीम के तहत उपमंडल दंडाधिकारी बंगाणा कम असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर सोनू गोयल के आदेश अनुसार अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में पोस्टर मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस एक दिवसीय कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर/पेंटिंग बनाकर जनमानस को आगामी चुनाव में अपने कीमती मत का प्रयोग करने के लिए अपील की।

इस अवसर पर कुटलैहड़ 45 विधानसभा 'स्वीप' के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न तरह की एक्टिविटी, सोशल मीडिया व प्रचारकों का प्रयोग कर किया जा रहा है। लोकतंत्र में मताधिकार किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत होती है। हमें प्रत्येक चुनाव में मतदान करके एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देना चाहिए।



मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल छात्र-छात्राएं।

आज आगामी चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने को लेकर प्रयोग करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों ने अपने हस्ताक्षर अभियान में बढ़कर भाग लिया। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि हर नागरिक इस लोकतंत्र के पर्व में अपने मतदान का प्रयोग कर हमारे भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सुदृढ़ कर सके।

इस अवसर पर प्रोफेसर कमलेश, प्रो. रंजना, प्रो, रेणुका और प्रो. आरती देवी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट ब्लॉक युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित, अमन ठाकुर फिर से प्रधान नियुक्त

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट ब्लाक युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रधान निगम भंडारी ने गगरेट युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें अमन ठाकुर को फिर प्रधान नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में अभिषेक राणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमित संधू, साजन भाटिया को उपाध्यक्ष और महासचिव पद के लिए आशीष शर्मा, गुरुदेव ,रिकी ठाकुर, आनंद ठाकुर, मनीष ठाकुर, लकी ,सुनील ठाकुर ,मनोज कुमार, रोहित चौधरी, गुरदीप राणा, कैफ मोहम्मद ,गुरविंदर राणा आदि को नियुक्त किया गया है। गगरेट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर ने युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी वर्ग को बधाई दी है।

### सी-विजिल ऐप पर करें आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत : जतिन लाल

**ऊना ।** चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन करने वालों की शिकायत सी-विजिल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने बताया कि सभी लोग सी-विजिल डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन या एंड्रॉयड फोन पर प्लेस्टोर के माध्यम से आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके जरिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और रुपयों के लेनदेन की शिकायत मौके से साक्ष्य के साथ भेजी जा सकती है। सी-विजिल ऐप में वीडियो-फोटो के साथ दर्ज शिकायत का अधिकतम 100 मिनट के भीतर निपटारा तय बनाया जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग ने चुनावी कार्यक्रमों संबंधी विभिन्न अनुमतियों को लेकर 'सुविधा ऐप' बनाई है। इसके माध्यम से चुनावी रैलियों, नुक्कड़ बैठकें और लाउडस्पीकर के प्रयोग समेत चुनाव प्रचार से जुड़ी विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्राप्त की जा सकती हैं।

### कुटलैहड़ कांग्रेस की बैठक नौ अप्रैल को

**बंगाणा ।** कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी की बैठक 9 अप्रैल को हिमाचल हवेली जोगीपंगा में बुलाई गई है। जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने बताया कि इस बैठक में चुनावी चर्चा की जाएगी और आगामी रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में क्षेत्र के तमाम नेता, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी और प्रत्येक बूथ के पांच-पांच प्रमुख कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।



### अंब में भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में चुनावों को लेकर हुई चर्चा



**अंब।** आज चिंतपूर्णी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा की बैठक हुई जिसमें चुनावों को लेकर चर्चा हुई। इस चर्चा में कहा गया कि जिस तरह पिछली बार 2019 में अनुराग ठाकुर को यहां से 20,000 वोटों से लीड मिली थी, इस बार भी हमें उसी दिशा में काम करना है। बैठक में राष्ट्रीय भाजपा ओवैसी मोर्चा सदस्य रमेश चौधरी जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक चिंतपूर्णी बलबीर सिंह, ओबीसी जिला अध्यक्ष जय देव खटा, प्रदेश ओबीसी मोर्चा सचिव रितेश पलियाल, जिला ओबीसी मोर्चा कार्यकारणी सदस्य संजीव धीमान, चिंतपूर्णी मंडल प्रभारी सतपाल भारद्वाज, बलबीर चौधरी, जतिन लाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीता चौधरी, ग्राम केंद्र प्रमुख कर्मजीत सिंह वी डी सी सदस्य प्रवीण चौधरी उपस्थित रहे।

### टाहलीवाल में कैमिकल के टैंकर में लगी आग



**ऊना।** जिले के टाहलीवाल में रविवार दोपहर कैमिकल के एक टैंकर में अचानक आग लग गई, जिससे वह धू धूकर जल गया। कई वाहन भी इस आग की चपेट में आने से बच गए। इस घटना में बिजली और अन्य केवल तारें जल गई।

### अनुराग ठाकुर नौ को आएंगे गगरेट

**अंब।** केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर 9 अप्रैल को गगरेट में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मंडल अध्यक्ष राजीव राजू ने बताया कि इसी सभा के दृष्टिगत रविवार को भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा की अगुवाई मे रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर जिला पार्षद सुशील कालिया, नरेंद्र ठाकुर, सतीश शर्मा विजय चौधरी, अनिल डढ़वाल,लक्ष्मी जरियाल, मंजू जरियाल , तरसेम सिम्मी, संजीव पाराशर, अजय ठाकुर इत्यादि उपस्थित रहे।

# उपचुनावों के लिए गगरेट में कांग्रेस जल्दबाजी में नहीं लेगी कोई निर्णय

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी जल्दबाजी में कोई भी निर्णय लेने के पक्ष में नहीं लग रही है और फूंक-फूंक कर कदम रख रही है, हालांकि गगरेट में एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति पैदा हो गई है। उसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी जिताऊ उम्मीदवार को टिकट देने के पक्ष में है।

योग्य उम्मीदवार के लिए सर्वे भी करवाए गए हैं। इस समय कांग्रेस की टिकट की दावेदारी सशक्त रूप में 5 से 6 लोग कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इनमें से एक कर्मचारी नेता भी गगरेट से टिकट की दावेदारी कर रहा है। प्रत्येक दावेदार अपने-अपने ढंग से दावेदारी प्रस्तुत कर रहा है। उधर यहां से धरतीपुत्र को टिकट देने की मांग भी जोरों से चल रही है। अभी बैठकों का दौर जारी है। सूत्रों की मानें तो गगरेट के उपचुनावों की टिकट की घोषणा 11 अप्रैल के बाद ही होगी। गत दिवस पर्यवेक्षक के रूप में यहां आए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की धरती है और यहां पर छल-कपट के लिए कोई स्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी का टिकट पर चुनाव लड़ने वाले नेताओं ने पार्टी के साथ जो गद्दारी की है, उसे आम जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने और चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने गगरेट विधानसभा क्षेत्र में जो आकलन किया है, उसके बारे में हाईकमान को अवगत करा दिया जाएगा। अंतिम निर्णय हाईकमान का ही होगा।



उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। उधर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन से ऊपर कोई नहीं है। जो हाईकमान फैसला करेगा वह मान्य होगा। उन्होंने बताया कि टिकट की दावेदारी करना हर कार्यकर्ता का प्रजातांत्रिक अधिकार है।

## जिला स्तरीय अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामैंट

# बिलासपुर ने पहली पारी में हासिल की बढ़त

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला स्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का मुकाबला लाहौल-स्पीति और बिलासपुर के बीच रविवार को ऊना इंदिरा स्टेडियम में आरंभ हुआ, जिसमें लाहौल स्पीति ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 116 रन बनाए।



बिलासपुर की टीम दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट खोकर 165 रन बनाए, अखिलेश गौतम 75 रन बनाकर जबकि प्रिंस 16 रन बनाकर खेल रहे हैं। वहीं पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ (ऊना) में दूसरा मुकाबला चंबा और कांगड़ा के बीच में खेल गया जिसमें चंबा ने पहले खेलते हुए 10 पर मात्र 46 रन बनाए। कांगड़ा की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट खोकर 164 रन बना लिए हैं।

अर्जुन पठानिया ने 49 रन व वार्तिक धीमान 27 रन बनाकर खेल रहे हैं। कांगड़ा के लिए आतिश भारद्वाज ने 58 रन बनाए। चंबा के लिए मयंक चौहान ने तीन, परीक्षित ने दो खिलाड़ियों को आउट किया।

# देवेंद्र कुमार भुट्टो बोले- राजनीति की नजदीक से रखता हूं परख

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व में रहे विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने थाना कला में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता की सेवा करना है और 14 माह के कार्यकाल में हमने कुटलैहड़ के हर पंचायत, हर परिवार तक पहुंच कर जैसे-तैसे जनता को आर्थिक सहायता प्रदान की है। भुट्टो ने कहा कि राजनीति एक समाजसेवा का जरिया है और राजनीति में आकर जो नेता बदले की भावना से काम करे वह नेता नहीं हो सकता है।



देवेंद्र भुट्टो भाजपा नेताओं और अपने समर्थकों के साथ।

भुट्टो ने कहा कि हमने जो कहां वह पूरी ईमानदारी से किया है और राज्य की सुक्खू सरकार को जगा कर किया है। जब सरकार का हिस्सा थे, तो सीएम साहब केवल मित्रों की बात पर करते थे, लेकिन जब सुक्खू सरकार के साथ खेला हुआ तो सुक्खू सरकार हमें मनाने के लिए तरह तरह के प्रलोभन देकर अपने बजीरो के माध्यम से हमें संदेश भेजती रही। भुट्टो ने कहा कि जब एक बार हमने कदम आगे बढ़ा दिए थे, फिर पीछे वापस आने का कोई प्रश्न ही पैदा नहीं था। मैंने राजनीति की नजदीक से रखता हूं परख है।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र की सभी पंचायतों के सभी बूथों पर बैठके की जाएगी और राज्य सरकार के 14 माह के कार्यकाल के कालाध्याय को जनता के बीच रखकर जनता को जागरूक करेंगे। कुटलैहड़ भाजपा का एक एक कार्यकर्ता एक जुट होकर केंद्र की मोदी सरकार के दस वर्ष की योजनाओं का घर-घर प्रचार कर रहा है।

# कुटलैहड़ प्रीमियर लीग का तीसरा सीजन शुरू

- समाज सेवी अजय ठाकुर ने किया लीग का शुभारंभ, प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिए 11,000 रुपए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्रिकेट क्लब के सौजन्य से कुटलैहड़ प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन का आगाज रविवार को महाराणा प्रताप यूथ क्लब बंगाणा व वेल्ली मोटो क्रिकेट क्लब के मैच के साथ शुरू हुआ, जिसमें समाजसेवी व इंडिया ह्यूमन राइट काऊंसिल के नेशनल यूथ चेयरमैन अजय ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की व क्लब को 11,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

दिन के पहले मैच में वेल्ली मोटो क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 10 विकेट पर 96 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराणा प्रताप यूथ क्लब की टीम ने 10 ओवर में 4 विकेट पर 97 रन बनाकर मैच जीत लिया।

महाराणा प्रताप यूथ क्लब के 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने अरुण सनोरिया ने 3 विकेट हासिल करने के बाद 46 रनों की पारी खेली।



कुटलैहड़ प्रीमियर लीग की शुरुआत के अवसर पर आयोजक व अन्य।

### विजेता टीम को मिलेंगे 51 हजार रुपए

बता दें कि विजेता टीम को इनामी राशि 51000 रुपए और उपविजेता टीम को इनामी राशि 31000 रुपए ट्रॉफी सहित देने का एलान कुटलैहड़ क्रिकेट क्लब बंगाणा की तरफ से किया गया है। मुख्यातिथि अजय ठाकुर ने कुटलैहड़ क्रिकेट क्लब को धन्यवाद देते हुए कहा कि क्लब जो युवाओं के लिए बेहतर मंच प्रदान कर रहा है, यह सराहनीय कदम है। आज के युवा वर्ग को नशे से दूर रखने के लिए खेल मैदान ही बेहतर मंच है। जहां युवा वर्ग नशे जैसे बिकारो का त्याग करके केवल खेलों की तरफ रुचि बढ़ा सकते हैं। आपको बता दें कि प्रदेश में इस तरह का कुटलैहड़ में यह पहला क्लब है जो इतनी बड़ी इनामी राशि का क्रिकेट का टूर्नामेंट करवाता है। सीजन-1, सीजन-2 के बाद सीजन-3 के टूर्नामेंट में आयोजकों द्वारा बताया कि इस बार प्रदेश की 16 टीमें प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं। 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के लिए समार्ट एलईडी इनाम के तौर पर रखी गई है। बेस्ट बल्लेबाज व बेस्ट गेंदबाज के लिए स्पेशल गिफ्ट आयोजकों द्वारा दिए जाएंगे। आयोजक अनीश ठाकुर, जितेंद्र, अरुण ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता के प्रत्येक मैच को सोशल मीडिया पर लाइव भी किया जा रहा है, जिसमें गड़बड़ी की भी गुंजाइश नहीं है।

**पर्यावरण** | इन्नर व्हील क्लब ने पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया जन जागरूकता अभियान

# कम करें कागज का इस्तेमाल, ताकि बचे रहें पेड़

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी मिलकर सहयोग करें। यह आह्वान होटल दयाल में आयोजित कार्यक्रम में इन्नर व्हील क्लब ऊना की चेयरपर्सन रीटा शर्मा ने किया।

उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापक जनजागरूकता फैलाने की जरूरत है। इन्नर व्हील ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अभियान चलाया है, जिसके तहत कम से कम कागज के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पेड़ बचाए जा सकें व पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।

इन्नर व्हील क्लब विश्व स्तर पर पीड़ित मानवता की सेवा में जुटा हुआ महिलाओं का एक सेवा संगठन है। क्लब यहां जरूरतमंद लोगों की सेवा में लीन है, वहीं विभिन्न सामाजिक सरोकारों को लेकर भी जनजागरूकता अभियान चलाए हुए है।



कार्यक्रम के दौरान इन्नर व्हील क्लब ऊना की सदस्य।

रीटा शर्मा ने इन्नर व्हील क्लब ऊना द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि क्लब प्रधान सीमा वशिष्ट व उनकी समस्त टीम ने वर्ष भर के दौरान समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्प किए है।

इससे पहले रीटा शर्मा ने क्लब की कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक की। क्लब की सचिव रमा कंवर ने वर्ष भर की गई क्लब की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि क्लब ने इस वर्ष समाजसेवा के विभिन्न प्रकल्प आयोजित कर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए है।

कार्यक्रम में क्लब की तीन नए सदस्यों डॉ.जागृति दत्ता,सुनीता शर्मा व निरूपमा को चेयरपर्सन रीटा शर्मा ने पिनअप कर क्लब में स्वागत किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में क्लब प्रधान सीमा वशिष्ट, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, आईएसओ अमरजीत बबली, उपाध्यक्ष पूजा कपिला, क्लब एडिटर सुमन पुरी, क्लब सदस्य जितेंद्र कौर, तजिंद्र कौर, नीलम साही, किरण भयाना,सुषमा वशिष्ठ, मीरा मेहता, रमा कालिया, कमला कंवर, कमलेश वशिष्ठ, प्रियंका पुरी, रंजना बख्शी, डा.जागृति दत्ता, सुनीता शर्मा, निरूपमा, वंशिका वशिष्ट मौजूद रहीं।

### किताबों के लिए 1.75 लाख

**क्लब** सदस्य किरण भयाना ने अंब के कटोहड़ खुर्द स्थित सरस्वती स्कूल के विद्यार्थियों को किताबों के लिए 1.75 लाख रुपए की राशि प्रदान की।

# नंगल जरियाला में भंडारे का आयोजन

**दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र की ग्राम पंचायत नंगल जरियाला मोहल्ला चौकी के सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर में सालाना भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्या सेवादार मालकियत सिंह आर्य ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर में सुबह पूजा अर्चना के बाद झंडे की रस्म अदा की गई।

उन्होंने कहा कि भंडारे का हर साल आयोजन किया जाता है तथा सैकड़ों लोग बाबा के दर्शन करते है। इस मौके पर अशोक कुमार, होशियार सिंह, बलवंत सिंह, विनोद कुमार, रमन कुमार, विमल कुमार, अजय कुमार, मुलखराज, मुकेश कुमार जसवंत सिंह, अव्वु कुमार, हरविन्द्र, सीता राम, गोलू आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# राजनीति में अवसरवाद का दौर

देश चुनावों में आचार संहिता के चलते कई प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, लेकिन राजनीति में दल-बदल का दौर चुनावों के दौर में ही सबसे ज्यादा चलता है। सत्ता का स्वाद ही ऐसा होता है कि कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं रहता। इसीलिए आजकल दल-बदलने का दौर खूब चला हुआ है। हर बार चुनावों के इस दौर में आयाराम-गयाराम के खेल में कभी कोई एक पार्टी बाजी मारती है तो कभी कोई दूसरी पार्टी। ऐसे नेताओं की भी कोई कमी नहीं है, जो गत वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनावों में एक पार्टी के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार थे, तो अब दूसरी पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर मैदान में उतरते दिख रहे हैं। ऐसे नेता फिर किसी नई पार्टी में नहीं जाएंगे, इसकी भी गारंटी नहीं है। लोग राजनीति में यदि सिर्फ पद पाने के लिए ही आएं तो उसे क्या माना जाए? राजनीति में अवसरवाद का यह चलन चिंता का विषय है। चिंता का विषय इसलिए कि अवसरवादी लोग सच्चे जनसेवक नहीं हो सकते। सच्चे जनसेवक जनता की सेवा के लिए पार्टियां नहीं बदला करते। ऐसे कई उदाहरण हैं, जब पार्टी के हाशिये पर होने के बावजूद राजनेताओं ने उससे किनारा नहीं किया और बार-बार चुनाव में विजयी होते गए। हालांकि अब ऐसे नेता बिरले ही रह गए हैं। अब तो अवसरवाद का दौरा है, जिस पार्टी की जीतने की संभावना ज्यादा होती है, ये दल-बदलू उसी में शामिल हो जाते हैं। इन दिनों यही दौर चला हुआ है। सालों तक किसी पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर उससे जुड़े लोग, आज उसी पर ही सवाल खड़े कर उससे किनारा कर रहे हैं।

आजकल ज्यादातर नेताओं में भाजपा का दामन थामने की होड़ मची है। भाजपा पर निशाना साधने वाले मुक्केबाज विजेंदर ने हाल ही में कांग्रेस से नाता तोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। महज चौबीस घंटे में विजेंदर का दिल क्यों बदल गया, इसका जवाब तो उनको ही देना चाहिए था, लेकिन घर वापसी और अपने दल में दम घुटने का बहाना ही नेताओं के पास रहने लगा है। अब एक सवाल यह भी है कि सभी सेलिब्रिटी आखिर सत्ता की तरफ ही क्यों भागते हैं? पूर्व न्यायाधीश हों, पूर्व अधिकारी अथवा अभिनेता और खिलाड़ी जब इन्हें राजनीति में आने का मौका मिलेगा तो ये इससे कोई इनकार नहीं करेंगे। अगर भाजपा की विचारधारा विजेंदर या उन जैसे लोगों को अच्छी लगती है तो सवाल यह भी है कि पिछले पांच साल तक वे कांग्रेस में क्यों रहे? ऐसी जानी-मानी हस्तियां भी हैं, जो आज यहां और कल वहां के उदाहरण पेश कर चुकी हैं। ऐसी सेलिब्रिटी को पार्टी में शामिल होते ही टिकट से पुरस्कृत कर दिया जाता है। राजनीतिक दलों को इस बात पर विचार तो करना ही चाहिए कि आखिर कौन, किस इरादे से पार्टी में आ रहा है।

ऐसे ढेरों उदाहरण मौजूद हैं कि नामी-गिरामी लोगों ने राजनीति में प्रवेश किया, टिकट भी मिला और चुनाव भी जीते। चुनाव तो जीत लिया, लेकिन वे जनता से जुड़ ही नहीं पाए और अगले चुनाव में इनका टिकट कट गया। देश में लंबे समय से चुनाव सुधारों पर चर्चा चल रही है, लेकिन चर्चा इस पर भी होनी चाहिए कि टिकट किसे और क्यों दिया जाए? पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर चंद घंटों पहले पार्टी में शामिल होने वाले को टिकट देना कहां तक उचित है। दलों को विचार करना ही होगा कि राजनीति के मायने चुनाव जीतना भर ही है या फिर वे विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका देकर राजनीति को स्वस्थ रखना चाहते हैं। वहीं, जनता को भी इस पर विचार करना होगा कि सत्ता के लालची लोगों को अपना मत दें या फिर ईमानदार और जनहित के मुद्दों के लिए लड़ने वाले उम्मीदवार को। अगर राजनेता मात्र सत्ता सुख भोगने के लिए ही चुनाव लड़ रहे हैं तो ऐसे लोगों को अपना वोट देकर क्या फायदा। लोकतंत्र में जनता के मत का बहुत मोल होता है इसलिए जनता को केवल उसी को वोट देना चाहिए, जिसे उसके वोट की कदर हो और जो जनसेवक की भावना से काम करे।

# सहकारिता से मिलेगा करोड़ों लोगों को स्वरोजगार

अगर भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तो इसमें सहकारी आंदोलन एक महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। यह एक ऐसी खिड़की है, जहां से सतत आर्थिक विकास की रोशनी लगातार आ सकती है। इसलिए मोदी सरकार भारत में सहकारिता आंदोलन को गति देना चाहती है। सरकार और अर्थशास्त्रियों को पता है कि सहकारिता क्षेत्र के रास्ते भारत संसार की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। निश्चित रूप से इस सेक्टर को इस लक्ष्य के लिए एक बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी और शायद इस क्षेत्र में छुपी अपार संभावनाओं को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का ही गठन कर दिया है, ताकि इसके लिए अलग बजट का प्रावधान किया जा सके। चूंकि, यह क्षेत्र बहुत बड़ा है और इस पर करोड़ों लोगों की निर्भरता है, इसलिए इसका पोषण और संरक्षण भी जरूरी है।

देश के 29 राज्यों में लगभग 8,02,639 सहकारी समितियां हैं और ये अरबों का व्यापार भी कर रही हैं। देश में सहकारी बैंकों की कुल संख्या 1,886 है, जिसमें 1,500 शहरी सहकारी बैंक और 386 ग्रामीण सहकारी बैंक शामिल हैं। ये सहकारी संस्थाएं देश भर में विभिन्न समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेशक, केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उससे पहले देश में सहकारी समितियों स्थिति अच्छी नहीं थी। यहां भी भ्रष्टाचार ने अपने पैर गहरे जमा लिए थे। आपसी मिलीभगत के जरिए वित्तीय लेन-देन में कुछ लोग काफी हेरफेर करते रहे थे। प्रबंधन के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई भर होती थी। व्यक्तिगत मतभेद और लड़ाई-झगड़ा तो आम बात थी और अनावश्यक विवाद डालकर समितियां बंद भी कर देते थे।


लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

कुछ बड़े भाग्यशाली समूह मनमानी करते थे और किसानों तथा छोटे उद्यमियों तक काम पहुंच ही नहीं पाते थे। लेकिन, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की निगरानी ने दृश्य बदल कर रख दिया है। कई अहम सुधार किए गए हैं। साथ में जवाबदेही भी तय की जा रही है। बेशक, अमित शाह की इस बात में दम है कि 115 साल पुराने सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए आजादी के बाद ही एक अलग सहकारिता मंत्रालय बना दिया जाना चाहिए था। लेकिन, यह काम तब हुआ जब 2019 में नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने। तब उन्होंने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। सहकारी समितियां आपसी सहयोग से बनाई गई संस्थाएं होती हैं। यह सामूहिकता के सिद्धांत पर काम करती हैं। पूंजी की जुटान साझेदारी की भावना से होती है और उपयोग में दूसरों की मदद करने की भावना होती है। इसकी विशालता और फैलाव का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि इस समय भारत में करीब 2 लाख सहकारी डेयरी समितियां और 330 सहकारी चीनी मिलें चल रही हैं। अकेले गुजरात में 81307 सहकारी समितियां काम कर रही हैं। 19 बहु-राज्य सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियों का दर्जा प्राप्त है। टर्नओवर के हिसाब से देखे तो वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इफको का टर्नओवर 60,324 करोड़ रुपये का टर्नओवर था और अमूल का 2023-24 के लिए 12,880 करोड़ रुपये था। यही नहीं इफको को दुनिया की 300 सबसे बड़ी सहकारिता समिति की सूची में शामिल किया गया है।

पहले सहकारिता विभाग कृषि मंत्रालय के अंतर्गत था, लेकिन जुलाई 2021 में मोदी सरकार ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया ही और गृहमंत्री अमित शाह देश के पहले सहकारिता मंत्री बने। मंत्रालय ने 2022 में संसद में बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक पेश किया। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य मौजूदा कानून में संशोधन के जरिए एक से अधिक राज्यों में सदस्यों के हितों की सेवा करना और सहकारी समितियों के स्वैच्छिक गठन को और लोकतांत्रिक बनाना था। इसके साथ ही संस्थाओं को और अधिक आर्थिक और सांगठनिक स्वायत्तता देना भी उद्देश्य था। ताकि इसका चहुंमुखी विकास हो सके। इस नीति के तहत सहकारी समितियों को जरूरी सहयोग, प्रोत्साहन और सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है।

खास कर युवाओं और महिलाओं को मुख्यधारा में लाने में सहकारी समितियां बहुत बड़ी भूमिका निभा रही हैं। क्षमता निर्माण, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी को एकीकृत करने वाले समावेशी सहकारी मॉडल तैयार है। नारी सशक्तिकरण का नारा यदि धरातल पर कहीं उतरता दिखाई दे रहा है, तो वह सहकारिता के क्षेत्र में पूर्ण रूप से दिख रहा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र में महिलाओं की बेहतरी, सशक्तिकरण और आय सृजन के लिए जो प्रयास किये हैं उसका परिणाम अब सामने आने लगा है। बहु राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित कर दिया गया है। बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिला निदेशकों नियुक्ति अनिवार्य कर दिया गया है। इससे देश भर में 1,550 से अधिक बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ है। प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पीएसीएस) में भी महिला सदस्यों को आरक्षण दिया गया है। 1 लाख से अधिक पैक्स में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व और निर्णय में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। महिला सहकारी समितियों के परियोजना निर्माण, सहायता और क्षमता विकास के लिए एक वित्तीय सहायता योजना बनाई गई है, जिसे नंदिनी सहकार योजना का नाम दिया गया है।

कुल मिलाकर सहकारिता मंत्रालय ने 54 प्रमुख पहल की हैं जिससे महिलाओं सहित सहकारी क्षेत्र के सभी सदस्यों को सशक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने सहकारिता के जरिए करोड़ों लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की सुदृढ़ व्यवस्था बनाई है। सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए स्वतंत्र सहकारिता नीति पर अमल की जा रही है। मोदी सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों से लेकर राज्यों के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों और कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के कंप्यूटरीकरण तक पूरी सहकारी प्रणाली का आधुनिकीकरण कर दिया है। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी और मध्यम और दीर्घकालिक ऋण चाहने वाले किसानों के लिए नई सुविधा शुरू हो जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। बड़ी बात यह कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है।

भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछला लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए।

एक बार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुंच पाता था। इसका आशय यह है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशनखोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस शासनकाल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई।


सुरेश हिंदुस्तानी
((लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार)

इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुंचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को शत-प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोतरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस की यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय हो रहे हैं। लेकिन कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## जोड़-तोड़ पर है जोर

अनिल शर्मा नील

*स्वार्थ की हसरत में कुलांचे भरती सियासत*
*उत्कंठा की हांडी में पकने लगी बगावत।*

*पहले तो बाहर होके कर लिया किनारा*
*गलती का दोष मढ़ दिया दूसरों पे सारा।*

*सिर आंखों पर बिठाया था जिसने*
*क्या पाया है अब उसने।*

*ब्रेकिंग न्यूज पर मचा है शोर*
*सिर्फ जोड़-तोड़ पर है जोर।*

*जिंदा है सियासत डैमेज कंट्रोल पे*
*ट्रोल होते-होते आ गई पैरोल पे।*

# सरकारी कर्मचारियों का चिट्टा तस्करी में संलिप्त होना निंदनीय

सुख की सरकार कर्जधार होने के बावजूद सरकारी विभागों के कर्मचारियों की हर संभव मदद कर रही है। सरकार ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल कर देशभर में अपनी अच्छी साख बनाई है। ऐसे में सरकारी विभागों के कर्मचारियों का यही दायित्व बनता है कि वे सदैव जनता के प्रति समर्पित रहकर सरकार की छवि स्वच्छ रखने में उसकी मदद करें। शिक्षक को राष्ट्र निर्माता का दर्जा हमारा दिया जाता है। शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए छात्र आगे चलकर समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। राष्ट्र निर्माता ही अगर ड्रग्ज तस्करी में संलिप्त पाए जाएं तो समझ लेन कि हमारी युवा पीढ़ी किस और धकेली जा रही है।


लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

नशा तस्करों से हमारी युवा पीढ़ी क्या अनुसरण करेगी, अविभावकों को जरूर सोचना चाहिए। सरकारों द्वारा सरकारी विभागों के कर्मचारियों को अच्छा वेतनमान, पुरानी पेंशन सहित तमाम सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के बावजूद भी वे ड्रग्ज तस्करी में संलिप्त पाए जाएं तो खेदजनक हैं। मोटा वेतन लेने के बावजूद अगर ये लोग चिट्टा बेचकर युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं, तो यह गंभीर चिंतन का विषय है। मंडी जिले के बैजनाथ में एक सरकारी स्कूल में अवैध शराब का पुलिस को जखीरा मिलना देवभूमि की साख के लिए ठीक नहीं है। बात एक स्कूल से अवैध शराब बरामद होने तक ही सिमित रहती तो भी फिर ठीक था। जिला मंडी में एक प्राइमरी स्कूल अध्यापक, विद्युत विभाग में तैनात जेओआईटी कर्मचारी का चिट्टा तस्करी में संलिप्त पाया जाना देवभूमि की मौजूदा हालात को दर्शाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सरकारी कर्मचारियों ने पंजाब, हरियाणा के सप्लायरों से 12.66 ग्राम चिट्टा खरीदा, जिसे वे आगे सप्लाई करने के लिए निकले थे कि इस बीच पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने चिट्टे की सप्लाई में संलिप्त होकर पूरे सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। सरकारी कर्मचारी आखिर कब से इस जहर को बेचकर समाज को दूषित कर रहे थे। इस गोरखधंधे में उनके साथ और कितने लोग शामिल हैं, यह गहन जांच का विषय है। सरकारी कर्मचारी किसे चिट्टे की सप्लाई करने के लिए निकले इसकी परतें जांच में खुलने वाली है। एक शिक्षक की गलती का खामियाजा समाज के अन्य राष्ट्र निर्माताओं को भुगतना पड़ रहा, जो सदैव छात्रों को सही दिशा देने में प्रयासरत रहते हैं। चिट्टा तस्करी में कल तक युवाओं सहित महिलाएं ही संलिप्त पाई जाती थीं, मगर अब सरकारी कर्मचारी भी चिट्टे की तस्करी करने लग पड़े तो अविभावकों को जागरूक बनकर अपने बच्चों की स्वयं सुरक्षा करनी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# व्यावहारिक ज्ञान के लिए सरकारी स्कूल बेहतर विकल्प

बोर्ड कक्षाओं के अलावा सभी कक्षाओं के वार्षिक परिणाम आ चुके हैं और अब अभिभावकों के सामने एक बड़ा सवाल है कि कौन से स्कूल में बच्चे का दाखिला करवाया जाए क्योंकि इस आधुनिक और विकसित दौर में शिक्षा प्रणाली का बेहतर होना उतना ही जरूरी है, जितना जीवन में खाने का महत्व है। बेहतर शिक्षा प्रणाली ही बच्चों के बेहतर भविष्य का रास्ता बनती है। ऐसे में अपने बच्चों के लिए सही स्कूल का चुनाव करना अभिभावकों के लिए किसी कड़ी चुनौती से कम नहीं है। सभी माता-पिता की यह चाहत होती है कि उनके बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, ताकि उनका आने वाला भविष्य आज से बेहतर हो सके। ऐसे में हर किसी का यह मानना होता है कि जितना महंगा स्कूल होगा, वहां उतनी ही अच्छी पढ़ाई होगी। लेकिन यह बात किस हद तक सही है? क्योंकि यह जरूरी नहीं कि महंगे स्कूल शिक्षा भी अच्छी दें।

अक्सर देखने में आता है कि इन स्कूलों में बच्चे स्कूल के बाद ट्यूशन भी पढ़ने जाते हैं, जबकि स्कूल वाले लाखों की फीस लेते हैं। भारत जैसे देश में जहां 75 प्रतिशत हिस्सा मध्यवर्गी परिवारों का है, वहां अभिभावक इन निजी स्कूलों का शुल्क देने में असमर्थ हैं। ऐसे में बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान के लिए सरकारी स्कूल सबसे बेहतर विकल्प हैं। इन स्कूलों के भरोसेमंद शिक्षक न केवल बच्चों को अच्छी शिक्षा देते हैं, बल्कि जीवन के प्रति बच्चों के आचरण को सकारात्मक रखने में भी मदद करते हैं। बच्चों को स्कूल में मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून, 2009 के अनुसार सारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। सरकारी स्कूलों में जहां किताबें और यूनिफॉर्म मुफ्त दी जाती है, वहीं मिड-डे मील की व्यवस्था से बच्चों के स्वास्थ्य का भी विशेष ख्याल रखा जाता है। बड़े-बड़े भवन एवं खेल के मैदान, नवीनतम तकनीक से पढ़ाई, प्रयोगशालाएं, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय कैडेट कोर और व्यावसायिक शिक्षा से परिपूर्ण इन स्कूलों का लाभ मामूली शुल्क पर कोई भी गरीब परिवार बहुत ही आसानी से उठा सकता है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा सरकारी स्कूलों के प्रति नकारात्मक नजरिया, वहां पढ़ने वाले बच्चों के बारे में अच्छा न सोचना एवं सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए बच्चे जिस परिवेश से आते हैं, उसको लेकर एक बनी बनाई धारणा से समाज को भ्रमित करने की कोशिश की जाती है। इससे न केवल बच्चे अपितु शिक्षक भी हीनता का शिकार होते हैं। अगर देखा जाए तो उनकी भी इसमें ज्यादा गलती नहीं है क्योंकि अपने देश में सरकारी स्कूलों के बारे में हम इतनी नकारात्मक बातें सुनकर अपने मन में सरकारी स्कूलों, वहां के शिक्षकों और बच्चों के बारे में ऐसी छवि निर्मित कर चुके हैं, जिसे बदलने के लिए समय लगता है। लेकिन इतने नकारात्मक माहौल में भी आज सरकारी स्कूलों में नए या स्वप्रेरणा से काम करने वाले शिक्षकों की कमी नहीं है, जिनमें इस नकारात्मकता को बदलने का हौसला है।


लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी स्कूल, हमीरपुर (हिप्र)

ऐसे शिक्षकों के काम करने का जज्बा और प्रेरणा उनको बाकी शिक्षकों से अलग करता है। ऐसे शिक्षक ही बच्चों के साथ संवाद करते हुए उन्हें यह भरोसा दिलाते हैं कि वे भी अपने सपने साकार कर सकते हैं। सरकारी स्कूल बदलाव की असीम संभावनाओं का दूसरा नाम है। वहां काम करने और बच्चों व अभिभावकों का अपनापन पाने का जितना अवसर है, उतना दूसरे किसी क्षेत्र में नहीं है। सरकारी स्कूल एक ऐसी जगह है, जहां गांव, कस्बों और शहरों के उन बच्चों के सपने पल रहे हैं, जिनको वाकई मदद और सहयोग के साथ सतत प्रोत्साहन और प्रेरणा की जरूरत है। सरकारी स्कूल जो दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थित है, वहां के लोग सोचते हैं कि यहां कौन आता है? कौन ध्यान देता है? यहां की किसको पड़ी है? इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। मगर सच तो यह है कि फर्क पड़ता है और वह भी ऐसे देश में, जहां बच्चे शिक्षा के अपने बुनियादी अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

ये वे सरकारी स्कूल हैं, जो समाज के सबसे जरूरतमंद लोगों को शिक्षित करने का काम कर रहे हैं। हमें सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले ऐसे शिक्षकों का शुक्रगुजार होना चाहिए जो तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने काम को पूरी लगन और मेहनत के साथ अंजाम दे रहे हैं। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी उतने सम्मान और स्नेह के हकदार हैं, जितने किसी नामी-गिरामी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे। उनके सवाल उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने किसी अन्य बच्चे के। थोड़े बहुत बदलावों के बाद सरकारी स्कूल राष्ट्र के विकास में एक अहम भूमिका निभा सकते हैं। एक अनुशासित ढंग से सरकारी स्कूल के संचालन से बच्चों को एक अच्छा माहौल मिलेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मानव सेवा ही नारायण सेवा, यही अटल सत्य

मानव सेवा ही नारायण सेवा है, यह अटल सत्य है। भगवान व शमशान को हर रोज याद करना चाहिए। आज लोगों को लूटा जा रहा है, सताया जा रहा है। गरीबों की बददुआ से लोहा भी भस्म हो जाता है, इसलिए गरीबों को कभी नहीं सताना चाहिए। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। कहते हैं अपने ही काम आते हैं, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं। अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नहीं लगती, इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए।

आज कुछ लोग विरासती सेठ बनते हैं। बाप-दादा की कमाई अकूत धन-दौलत पर ऐश कर रहे हैं। जब खुद कमाओगे तब पता चलेगा कि मेहनत के बल पर कमाई दौलत पर कैसे ऐश होती है। ईश्वर की लाठी जब पड़ती है तो उसकी आवाज नहीं होती। ईश्वर इस धरा के कण-कण में विद्यमान है। धन-दौलत, महल व आलीशान मकान सब यहीं धरा रह जाएगा। बुरा करोगे तो सजा जरूर मिलेगी। यह अटल सत्य है। जीओ और जीने दो। मानव जीवन एक बार ही मिलता है। मानव को ऐसे कार्य करने चाहिए कि जीवन यादगार बन जाए, लोग जीवन से प्रेरणा लें।

अमीर आदमी तो यूज एंड थ्रो करता है। आज लोगों के पास मौज-मस्ती करने के लिए तो समय है, मगर एक गरीब के लिए समय नहीं है। लोग चंद स्वार्थों के लिए गरीबों का गला घोंटते हैं, दूसरों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं। अहंकार में अंधे हुए ये लोग दूसरों को हर समय दबाने की फिराक में रहते हैं। जान-पहचान तो बड़े लोगों से है, मगर किसी का अच्छा तक नहीं करवा सकते। समय-समय पर इन लोगों को सजा मिलती रहती है, मगर अहंकार नहीं टूटता। रस्सी जल गई पर ऐंठ नहीं गई कहावत इन पर सटीक बैठती है। आज लोग चरित्रहीन का साथ देते हैं, जबकि एक ईमानदार को दरकिनार करते हैं। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है। दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होठों पर आई मुस्कराहट दुनिया भर की दौलत से भी महंगी होगी। आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है। तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। आज अपने ही अपनों के दुश्मन बन गए हैं। जर, जोरू, जमीन ही सर्वोपरि हो गया है। बच्चों के मन में विष घोला जा रहा है। जीवन का अटल सत्य है कि रात के बाद दिन का उजाला जरूर होगा। सूर्य उदय के बाद अस्त होगा। जवानी के बाद बुढ़ापा भी सबको आएगा। आज लोग अपनी मन्नते पूरी होने पर बकरों की बलियां दे रहे हैं क्या बलियों के बगैर कोई विकल्प नहीं है। सादा खाना भी बनाया जा सकता है, मगर मानव खुशी में पागल है। लोहा लकड़ी का कुछ नहीं बिगाड़ सकता अगर हथा लकड़ी का न हो।


लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आज समय ऐसा आ गया है कि आप लोगों को जितना स्वादिष्ट खाना खिला दो, मगर शराब न पिलाए तो कहते हैं कि कदर ही नहीं हुई। गरीबों का मजाक उड़ाया जाता है। लोग गरीब रिश्तेदार के घर जाना अपनी तौहीन समझते हैं। वक्त अमीर को गरीब बनाने में देर नहीं करता। राजा से रंक बनने में देरी नहीं लगती। खुदा की मार पड़ती है तो इंसान अर्श से फर्श पर पहुंच जाते हैं। कुछ लोग इतने चतुर बनने की कोशिश करते हैं कि दोहरा चरित्र अपनाते हैं। ऐसे लोग ज्यादा दिन तक नहीं चल सकते क्योंकि अति हर चीज की बुरी होती है। चालाकियां करने वाले लोग नजरों से गिर जाते हैं। एक बार कोई नजर से गिर जाता है तो उससे विश्वास उठ जाता है।

पापियों का हर युग में सर्वनाश हुआ है। बुरे कर्म करने वालों को उनके कर्मों की सजा जरूर मिलती है। जब ईश्वर की चक्की चलती है तो वह पाप व पापी को पीसकर रख देती है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। जीवन एक बार मिलता है, बार-बार नहीं अत: जरूरतमंद की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए। प्रत्येक मानव का आदर -सत्कार करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**आजकल** आदमी इतना व्यस्त हो गया है कि वह अपने स्वास्थ्य का बिलकुल भी ख्याल नहीं रखा पा रहा है। आधुनिक जीवन शैली कई विकारों से भरी है। आदमी व्यस्त नहीं अस्त-व्यस्त हो गया है। जितनी सुविधाओं से भरपूर जीवन हो रहा है, उतना ही आदमी अपने जीवन में सुकूं के चार पलों से महरूम हो रहा है। आखिर ऐसे हालात क्यों पैदा हो रहे हैं। इतनी व्यस्त लाइफ क्यों हो रही है। घर से लेकर दफ्तर तक आदमी एक मशीन का चलता पुर्जा बनकर रह गया है। यही कारण है कि कम उम्र में हार्ट अटैक, हाइपरटेंशन और शुगर जैसी बीमारियां होने लगी हैं। जिंदगी अस्त-व्यस्त तो ही है वहीं खान-पान भी सही नहीं रहा है। असमय खाना, किसी भी वक्त खा लेना। यही एक व्यस्त लाइफ का रूटीन बनता जा रहा है जो भविष्य में सेहत के लिए बिलकुल भी सही नहीं है। हमें इस जिंदगी को व्यस्त रखना है लेकिन अस्त-व्यस्त नहीं, लेकिन जिंदगी कैसे व्यवस्थित होगी। यह हम-आप पर निर्भर करता है। बकौल शायर निदा फाजली- सुबह से शाम तक बोझ ढोता हुआ अपनी ही लाश का खुद मजार आदमी।

**-रवि कुमार, कांगड़ा**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# डलहौजी में बिना अनुमति फैला तारों का जाल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

फाइबर केबल या इंटरनेट के नाम से सेवाएं दे रहे एयरटेल, जिओ, बीएसएनएल एवं अन्य कंपनियां इन दिनों डलहौजी क्षेत्र के साथ लगती पंचायत में बिना किसी एनओसी या परमिशन के तारों के जाल बिछाने में लगी हुई है।

बताते चले कि इंटरनेट सुविधा देने वाली कंपनियों ने डलहौजी छावनी में बाकायदा लिखित में परमिशन ले रखी है, जिसकी एवज में मोटी रकम की अदायगी भी की गई है, तो वहीं साथ लगती ग्राम पंचायत में इन कंपनियों ने न तो कोई एनओसी ली है न ही लाइने बिछाने की परमिशन इनके द्वारा ली गई।

क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मनमाने ढंग से जगह-जगह तारों का जाल बिछाया गया है। कई स्थानीय लोगों ने आपत्ति भी जताई है। (अनंत ज्ञान)


घरों के ऊपर लटकी हुई तारें, जो क्षेत्र की सुंदरता को खराब कर रही हैं।

## पंचायत से संपर्क करने की दी जा चुकी हैं हिदायतें : प्रधान

**इस** बारे में जब ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पंचायत द्वारा एयरटेल, जिओ, बीएसएनएल एवं अन्य जो भी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं बनीखेत में दे रही हैं उन्हें हिदायत दे दी गई है, की जल्द ही पंचायत से संपर्क करें, लेकिन डलहौजी क्षेत्र के ज्यादातर गांव में लोग ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा का लाभ उठा रहे हैं किंतु यह कंपनियां अपने मनमानी ढंग से यहां कहीं भी तारे बढ़ा रहे हैं जो अपने आप में ही कई तरह के सवालिया निशान लगता है।

# एचआरटीसी बस बत्ती हट्टी में खराब, सवारियां हुईं परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर हिमाचल पद परिवहन निगम की बसें एक बार फिर बीच सड़क में हांफना शुरू हो गई। रविवार को एचआरटीसी की कुगति भरमौर चंबा बस बत्ती हट्टी के समीप अचानक खराब हो गई। इस बस को नाले से ठंडा पानी डालकर ठंडा करने का भी प्रयास किया गया।

बस के खराब हो जाने के कारण बस में बैठी सवारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि बस में बैठे निगम के कर्मियों ने फोन कर दूसरी बसों को मंगवाया लेकिन बावजूद उसके डेढ़ घंटे के बीच सड़क में ही लोगों को धूल व मिट्टी फांकनी पड़ी।

लोगों का कहना है कि पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे पर भरमौर व होली रूट पर एचआरटीसी प्रबंधन द्वारा पुरानी बसों को भेजा जा रहा है। लोगों का कहना है कि इन खराब बसों को भेजने के कारण एचआरटीसी प्रबंधन की पोल भी खुलकर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार कुगति भरमौर चंबा रूट की बस रविवार को करीब 10.00 बजे बत्ती हट्टी के समीप फैन बैल्ट टूट जाने के कारण खराब हो गई। जिस समय बस खराब हुई उस समय बस में तकरीबन तीन दर्जन सवारी बैठी हुई थी। कई लोगों ने तो बस की टिकट को छोड़कर निजी गाड़ियों और दूसरी गाड़ियों के जरिए आना-जाना कर लिया, लेकिन जो बस में चंबा के लिए सवारियां बैठी थी, उनको दूसरी बस का इंतजार करना पड़ा और उसके बाद अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।



एचआरटीसी की खराब बस, जिस कारण सवारियों को परेशानी हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### शब-ए-कद्र पर जामा मस्जिद में की इबादत



**चंबा।** रमजान मुबारक के तीसरे अशर की 27वीं शब-एक-कद्र के रूप में मनाया जाता है। इस मुकद्दस रात में कुरान भी मुकम्मल हुआ। रमजान के तीसरे आश्रय की पांच पाक रातों में शब-ए-कद्र को तलाश किया जाता है। साथ ही सभी मस्जिदों में नमाज अदा कराने वाले इमाम साहिबान का भी मस्जिद कमेटियों की तरफ से इनाम इकराम देकर इस्तकबाल किया गया। शबे कद्र को रात भर इबादत के बाद मुसलमान अपने रिश्तेदारों अजीजो अकारीफ की कबरों पर सुबह फातिहा पढ़कर उनके मकफिरत के लिए दुआएं मांगी।

### चोल्थरा में लगाया रक्तदान शिविर




**सरकाघाट।** ग्राम पंचायत चोलथरा के परिसर में एक दिवसीय रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व सेवानिवृत्ति डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री संजय ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुल 58 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में ब्लड बैंक जोनल हॉस्पिटल मंडी से टीम आई थी। इस शिविर में मुख्य अतिथि संजय ठाकुर नवमी बार व उनकी धर्म प ी कुसुम लता ने रक्तदान कर समाज में एक उदाहरण पेश किया है। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति ग्राम पंचायत चोलथरा के प्रधान मेहर चंद गारला, बीडीसी सदस्य विजय कुमार, उप प्रधान विजय बन्याल, ग्राम पंचायत सरौन के उप प्रधान संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# धरवाला में जाम हुआ आम, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के धरवाला में गाड़ियों का जाम आम हो गया है। सुबह-शाम जाम लगने के कारण यहां से गुजर रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं जाम के कारण राहगीरों के साथ-साथ स्कूल के बच्चों को भी आए दिन खूब परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम इतना भारी लग रहा है कि जाम के बीच में गुजरना हर किसी के लिए टेडी खीर साबित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार यहां पर तंग बाजार व पार्किंग न होने की वजह से आए दिन जाम लगता है। हर दिन घंटों जाम लगने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम को खोलने के लिए यहां पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों सहित स्थानीय लोगों को हर रोज काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस चौकी गैहरा की ओर से भी यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए एक कर्मचारी को नियुक्ति किया है, बावजूद इसके यहां पर आए दिन भारी जाम लग रहा है।

## तंग बाजार व पार्किंग न होना बना जाम का कारण


धरवाला में गाड़ियों का लगा हुआ जाम, जिस कारण लोग परेशान हैं।

## लोगों ने उठाई समस्या के समाधान की मांग

स्थानीय लोगों में सुभाष कुमार, राकेश कुमार, कवि, रवि शर्मा, सुरेश कुमार, चैनलाल, राजूराम ने कहा कि यहां पर हर दिन सुबह शाम जाम लगने के कारण लोगों का दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि यहां पर तुरंत ही तुरंत तंग मोड़ को खुला कर इस समस्या का समय रहते हल किया जाए। हालांकि एनएच विभाग द्वारा यहां पर 24 जून को सड़क के चौड़ीकरण करने के लिए निशानदेई भी रखी गई है, लेकिन यहां पर लग रहे आए दिन भारी जाम के कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# चौहड़ा बांध से बरंगाल तक सड़क की हालत खराब

**अनंत ज्ञान, लचोडी**

भलेई तथा लचोडी पंचायतों के लोगों ने एनएचपीसी तथा लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि चौहड़ा बांध से लेकर बरंगाल तक सड़क की हालत सुधारी जाए। ग्रामीणों में राजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, भूपेंद्र कुमार, नागिंद्र कुमार, अमित कुमार, सुरेश कुमार, हंसराज, देसराज, संजय कुमार, विनोद कुमार, कमल कुमार तथा मदन लाल ने कहा कि बांध से लेकर बरंगाल तक सड़क में इस कदर खराब है कि जहां सफर करना असुरक्षित है वहीं, वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

उक्त मार्ग बांध से लेकर बरंगाल झरने तक एनएचपीसी के अधिकार क्षेत्र में है जिसकी हालत दयनीय है वहीं झरने ले लेकर बरंगाल तक सड़क लोक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र में है जिसकी हालत भी संतोषजनक नहीं है।



ग्रामीणों ने बताया कि हालांकि बरंगाल में ही लोक निर्माण विभाग का उपमंडलीय कार्यालय है मगर विभाग सड़क कि सुध लेना लोक निर्माण विभाग जरूरी नहीं समझ रहा है। लिहाजा गांववासियों ने एनएचपीसी तथा लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि चौहड़ा बांध से लेकर बरंगाल तक सड़क की सुध ली जाए जहां रोजाना सैंकड़ों वाहनों का आवागमन होता है।

## जिला उद्यान विभाग लगाएगा जागरूकता शिविर

**चंबा।** जिला उद्यान विभाग चंबा द्वारा बागवानों के उचित मार्ग-दर्शन के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस संदर्भ में उद्यान विभाग चंबा निदेशक डॉ. प्रमोद शाह ने बताया कि जैविक खेती विधि से बागवानों को नई फलदार पौधा रोपने, कटाई, गोड़ाई व पौधों की स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत जागरूकता शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बिकने वाले खाद्य पदार्थों में रसायनिक खाद्य एवं इंनजेश्न का इस्तेमाल किया जाता है। जो पदार्थ की गुणवत्ता पर बेहद असर डाल उसे पौष्टिकहीन बना देते है। खाद्य पदार्थों में विद्यमान विटामिन खत्म हो जाते है।

उन्होंने जैविक खेती के संग-संग फलदार बगीचों में रसायनिक खाद के स्थान पर केंचुए खाद का अनुसरण कर उपजाऊ जमीन व स्वास्थ्य को संरक्षण प्रदान किया जा सकता है। बागवानी विधि सहित खान-पान में बदलाव लाना बहुत अनिवार्य हो चुका है। जिसके चलते सरकार व विभाग जैविक खेती पर अधिक बल दिया जा रहा है।

# ककीरा में कुलदीप ने कांग्रेस के लिए मांगे वोट

**बबलू पठानिया, चुबाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का ककीरा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप ने वोट कांग्रेस को देने का निवेदन किया। पठानिया ने कहा किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं, हर किसी का काम करता हैं चाहे उसने मुझे वोट दिया है या नहीं। पठानिया ने कहा कि हम हर परिवार के हर सदस्य का काम करेंगे और कर रहे हैं।


लोगों को संबोधित करते कुलदीप व अन्य।

अध्यक्ष ने कहा के कुछ काम जो आचार संहिता से पहले चल पड़े हैं। वह काम पूरे हो जाएंगे और जो काम रुक गए हैं वे आचार संहिता के बाद तुरंत शुरू हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि भटियात विधानसभा में हजारों करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि यह हमारी आचार संहिता के बाद पहली मीटिंग है। (अनंत ज्ञान)

# पांच तत्वों की यात्रा जहां से शुरू वहीं समाप्त : अरुण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा अरुण महाजन की अगुवाई में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों से आए सैंकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया।

राख, जांघी, मैहला, धरवाला, जडेरा, साहो, मंगला आदि गांवों से आए संतों महात्माओं ने अपने विचारों व भजनों द्वारा अपनी भावनाएं व्यक्त की। अंत में मंच पर विराजमान महात्मा अरुण महाजन ने कहा कि जैसा कि हम समय-समय से पढ़ते सुनते चले आ रहे हैं कि हमारा शरीर पांच तत्वों से बना हुआ है-भूमि, गगन, वायु, अग्नि, नीर इन पांच तत्वों की यात्रा जहां से प्रारंभ होती है वहीं समाप्त हो जाती है। जब यह पांच तत्वों का बना शरीर इस छठे परम तत्व की प्राप्ति के लिए अग्रसर होता है तब उसे जीवन की यात्रा की सफलता क हा जा सकता है। विचार करने की आवश्यकता है कि आखिर छठा तत्व है क्या। छठा तत्व कुछ और नहीं अपितु आत्मज्ञान है।




प्रवचन करते महात्मा अरुण महाजन जी (मध्य) मौजूद भक्त तथा (दाएं) संगीत पेश करते गणमान्य।

## सद्गुरु की प्राप्ति से होता है आत्म ज्ञान प्राप्त

आत्मा इस परमात्मा का अंश है, जिस प्रकार जल की एक बूंद सागर का अंश होती है। अब प्रश्न जहन में उठता है कि इस आत्म ज्ञान को प्राप्त कैसे किया जा सकता है। जब पूर्ण सदगुरु की प्राप्ती होती है तभी उसे आत्म ज्ञान प्राप्त होता है। इस मौके पर निरंकारी सत्संग भवन मुगला मीडिया सचिव विनोद कुमार सहित दूर-दराज क्षेत्रों से सैंकड़ों श्रद्धालु ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# शिव शक्ति टैक्सी यूनियन ने डीसी से लगाई टैक्स में छूट की गुहार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

शिव शक्ति टैक्सी यूनियन चंबा ने पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटन स्थल खजियार जाने वाली टैक्सी चालकों को पर्ची कटवाने से परेशान हैं।

इस मौके पर शिव शक्ति टैक्सी यूनियन चंबा प्रधान राकेश चौणा ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटन स्थल खजियार जाने वाली टैक्सियों बोलेरो व सूमो से हर बार 200 रुपए वसूले जाते है। जबकि छोटी गाड़ियों से 100 रुपए। वहीं कालाटोप जाने के लिए 250 रुपए की पर्ची कटती है।

उन्होंने बताया कि टैक्सियां एक साल का डेढ़ हजार से लेकर तीन हजार रुपए ग्रीन टैक्स अदा करती हैं लेकिन फिर भी उन्हें हर बार पर्ची कटवानी पड़ती है।

## पर्ची प्रक्रिया की जाए बंद अन्यथा काटे जाएं 40 या 50 रुपए




उन्होंने डीसी से मांग की कि पहले की भांति 40 व 50 रुपए की पर्चियां काटी जाए या फिर पर्ची काटने की प्रक्रिया को बंद किया जाए। ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न पेश आए।

# केजरीवाल के समर्थन में जिला स्तर पर करेंगे उपवास : मनीष


जानकारी देते हुए मनीष सरीन व अन्य।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

केजरीवाल के समर्थन में आम आदमी पार्टी हिमाचल में प्रदेश स्तर पर सामूहिक उपवास का आयोजन जिला स्तर पर करने जा रही है। जिला में यह आयोजन डीसी ऑफिस चंबा में रखा गया है।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने झूठे केस की जांच के नाम पर कानून का दुरुपयोग करते हुए आम आदमी पार्टी के नेताओं को फर्जी गिरफ्तार किया है।

मोदी की तानाशाही के खिलाफ अकेले केजरीवाल मजबूती के साथ देश के लिए लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला व ब्लाक पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## सूडोकु 0026 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

8 अप्रैल, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** अमावस्या: (11:52) : **नक्षत्र :** उत्तराभाद्रपद (10:13), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** एन्द्र (6:13) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:48), राहुकाल (7:37 -9:12)।

### विशेष दिन

- 8 अप्रैल 2024 : सोमवती अमावस्या आज।
- 9 अप्रैल 2024 : चैत्र नवरात्र कल से शुरू।

**मेष :** व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

**वृषभ:** कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी, लेकिन निजी संबंधों के मामले में त्रिपक्षीय रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे।

**मिथुन:** उम्मीदें के पूरा न होने से आप हताश हो सकते हैं। हो सकता है, जब आपको जरूरत होगी तब आपको परिवार के सदस्यों और दोस्तों से मदद नहीं मिलेगी।

**कर्क :** ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। आपकी पुत्री करियर में स्वतंत्र रूप से फैसला ले सकती है।

**सिंह:** कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी साथ देगा। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करना चाहेंगे। परिवार के सदस्य फरमाइशें पेश कर सकते हैं।

**कन्या :** परिवेश में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। विचारों को खुलकर सामने लाएंगे।

**तुला :** आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं, वैसे ही तनावरहित महसूस करेंगे। नए अवसरों को सामना करने के लिए तैयार रहें।

**वृश्चिक:** शख्सियतों के बीच अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे।

**धनु :** जिंदगी जो भी घटनाएं आपके समक्ष पेश कर रही हैं, उनका भरपूर लुफ्त उठाएं, तभी आप अतीत के अपराधबोध, नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे।

**मकर:** असमंजस के बादल छंटेंगे। पुराने तौर-तरीकों में सुधार करेंगे और आपके दृष्टिकोण में भी नयापन झलकेगा। आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं।

**कुंभ :** अतीत व भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें। आप सचेत नहीं रहे, तो आपके हाथ से एक सुनहरा मौका निकल सकता है।

**मीन:** व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें। निजी व व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे।

# प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था ने की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के सदस्यों ने सेवार्थ विद्यार्थीयों चंबा व स्थानीय लोगों के साथ जिसमें बच्चों ने भी सूही माता मंदिर से लेकर सुनेना माता समाधि स्थल मलूणा के समीप फेली गंदगी को साफ किया। वहीं संस्था ने स्थानीय लोगों को जागरूक भी किया।

इस अवसर पर संस्था संचालक दीपक भाटिया ने कहा कि यह मंदिर हमारी पौराणिक धरोहर है। मंदिर को साफ रखना व समय समय पर सफाई के लिए अपना श्रमदान दें। उन्होंने कहा कि कचरे को कूड़ेदान में ही डाले।

इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों में भुवनेश पुरी, शेर सिंह, नवीश भाटिया, शिवाय भाटिया, पंडित हरि, दीक्षा मेहरा, प्रणव, आस्था, रमेश शर्मा, धारों राम, साहिल, राहूल, मिथलेश आदि उपस्थिति थे।



साफ-सफाई के दौरान मौजूद संस्था के सदस्य।

# राष्ट्र यज्ञ तिरंगा सम्मान समारोह में नवमतदाता मिलन सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना देश के हर नागरिक का फर्ज है, क्योंकि इसी तिरंगे की आन, बान और शान की रक्षा में देश के वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है, लेकिन तिरंगे की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचने दी। यह बात मनोह में आयोजित राष्ट्र यज्ञ सम्मान समारोह, नवमतदाता मिलन सम्मेलन में ऊखली पंचायत के उपप्रधान सुशील ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करना अनिवार्य होता है। मत का अधिकार आम नागरिक को तभी दिया गया है कि वे मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप ही समाज का भविष्य हैं तथा आपके मत से समाज की उन्नति तय होगी। इस अवसर पर प्रधान संध्या देवी, अशोक ठाकुर, रोबिन ढटवालिया व अन्य मौजूद रहे।

**खुशखबरी** — पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में बिजली-पानी की व्यवस्था के कार्य में तेजी

# मिंजर मेले तक हो सकता है कॉलेज के नए भवन का उद्घाटन

**आरके रांगड़ा, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के सरोल में बन रहे नए भवन में मिंजर मेले तक पेयजल-बिजली की व्यवस्था पूरी हो सकती है। वर्तमान में इसका काम युद्धस्तर पर चल रहा है। विद्युत बोर्ड प्रबंधन सरोल स्थित मेडिकल कॉलेज भवन तक नई बिजली लाइन बिछाने का कार्य कर रहा है।

जलशक्ति विभाग भी मरेड़ी से पानी को सरोल में पहुंचाने के लिए दिन-रात काम कर रहा है। सभी विभाग व्यवस्थाओं को चकाचक करने में जुटे हैं। मिंजर मेले तक बिजली-पानी की व्यवस्था हो जाती है तो भवन का उद्घाटन हो सकता है। (अनंत ज्ञान)



## सभी विभाग व्यवस्थाओं को पूरा करने में जुटे

## बिजली के खंभे व लाइनें बिछाने का कार्य शुरू

सरोल स्थित मेडिकल कॉलेज भवन में बिजली की व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2023 में एक करोड़ 44 लाख का बजट विद्युत बोर्ड के पास जमा करवाया है। विद्युत बोर्ड ने सर्वेक्षण कर बिजली के खंभे लगाने के साथ लाइनें बिछाने का कार्य किया, लेकिन मूसलाधार बारिश के बाद रावी में जलस्तर बढ़ने के कारण नदी के तट पर स्थापित बिजली के खंभे और तार बाढ़ की चपेट में आ गए। अब दोबारा विद्युत बोर्ड प्रबंधन ने बिजली के खंभे और लाइनें बिछाने का कार्य शुरू किया है।

## पानी की व्यवस्था का चल रहा है काम

**वहीं,** मरेड़ी से पानी लिफ्ट कर सरोल पहुंचाने के लिए जलशक्ति विभाग को स्वास्थ्य विभाग ने 11 करोड़ 27 लाख का बजट करवाया है। वर्तमान में विभाग युद्धस्तर पर यह काम कर रहा है। पेयजल लाइनें बिछाने के लिए कई बार लोगों के सहयोग न मिलने या जमीन न देने मामले सामने आने के बावजूद विभाग ने लोगों को समझा-बुझाकर कार्य शुरू करवाया। फुलनू टाला तक पेयजल लाइन पहुंच चुकी है। जलशक्ति विभाग ने जून अंत तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

## विभाग युद्धस्तर पर कर रहा काम : डॉ. बिपन

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बिपन ठाकुर ने बताया कि जलशक्ति विभाग और विद्युत बोर्ड प्रबंधन ने मिंजर से पहले कार्य पूरा करने की बात कही है। विभाग अपने कार्य को युद्धस्तर पर कर रहे हैं।

# जोगणी वाटरफाल में सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

## माय प्लेस माय प्राइड फेस दो के तहत रोट्रेक्ट क्लब मनाली, राष्ट्रीय सेवा योजना हरिपुर कॉलेज व गांव के युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, मनाली**

रोट्रेक्ट क्लब मनाली व राष्ट्रीय सेवा योजना हरिपुर कॉलेज के 35 युवाओं ने मनाली के प्रसिद्ध स्थान वशिष्ठ गांव से जोगणी वाटरफाल तक स्वच्छता अभियान चलाया, बता दें कि इससे पहले इन सभी युवाओं ने मनाली क्षेत्र मे 3000 किलों से अधिक कूड़ा एकत्रित कर मिसाल कायम की थी, जिस की क्षेत्र वासियों व अधिकारियों ने सहराना की थी।

इसी के दूसरे चरण मे वशिष्ठ से जोगणी वाटरफाल तक रोट्रेक्ट राष्ट्रीय सेवा योजना हरिपुर कॉलेज व गांव के युवाओं ने अहम योगदान निभाया। इस अभियान में होटलियर एसोसिएशन मनाली रोशन ठाकुर का अहम योगदान रहा। रोशन ने बताया कि इस कार्यक्रम मे लगभग 50 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। सभी युवाओं की ओर से 80 से अधिक बड़े गार्बेज बैग एकत्रित कर पर्यटकों व स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया और कहा कि हमें अपने मनाली के पर्यटक स्थलों को साफ-सुथरा रखने में योगदान देना चाहिए, ताकि पर्यटकों को साफ-सुथरा वातावरण मिल सके। यह कार्यक्रम रोट्रेक्ट क्लब मनाली की अध्यक्षता पल्लवी ठाकुर के नेतृत्व में हुआ। पल्लवी ने पूरी टीम के साथ मिलकर जोगनी वाटरफाल के आस-पास जंगलों से 80 से अधिक गार्बेज बैग एकत्रित किए।



स्वच्छता अभियान के दौरान जोगणी वाटरफाल के पास सभी युवा व अन्य लोग।

### छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

इस कार्यक्रम के दूसरे चरण मे 80 से अधिक कूड़े के बैग एकत्रित कर पर्यटकों को मनाली के पर्यटक स्थलों को साफ रखने के लिए जागरूक भी किया। इस कार्यक्रम में खास बात यह रही कि इस अभियान में गांव के छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी निक्की शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सुमित ठाकुर, राष्ट्रीय सेवा योजना हरिपुर लीडर सौरभ ठाकुर, रोटरेक्ट क्लब की सचिव महक, उपाध्यक्ष सौम्या रंजन सहित राष्ट्रीय सेवा योजना, रोटरेक्ट क्लब मनाली व गांव के 50 से अधिक युवा मौजूद रहे।

वहीं, गांव के सदस्य व समाजसेवी गौरव ने सभी सदस्यों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया व कहा कि युवाओं को इस तरह के कार्यक्रम में आगे आना चाहिए, जिससे हम एक स्वच्छ मनाली स्वस्थ मनाली का सपना देख सकते हैं। वहीं इस कार्यक्रम में प्रदेश के लोकप्रिय गायक हनी नेगी व कलाकार पिंक प्लाजो फेम इंद्र ठाकुर मौजूद रहे। दोनों युवा कलाकारों ने स्वयं भी इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। वह सभी युवाओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, समाज सेवी व राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सुमित ठाकुर ने कहा कि हम इस कार्यक्रम को मनाली विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर गांव-गांव जाकर माय प्लेस माय प्राइड अभियान को अंजाम देंगे। इससे पहले भी 3000 किलो से अधिक कूड़ा एकत्रित कर मसाल कायम की थी।

# दो अलग-अलग मामलों में 545 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पुलिस थाना भुंतर व कुल्लू में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें पहले मामले में पुलिस थाना भुंतर की टीम ने बगीचे में गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक दुकान की नियमानुसार तलाशी ली।

तलाशी के दौरान अमी चंद (40 वर्ष) पुत्र तेज राम निवासी बगीचा डाकघर पिपलागे तहसील भुंतर के कब्जे से 78 ग्राम चरस/बरामद की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ थाना भुंतर में धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना कुल्लू की टीम ने गश्त के दौरान तलोगी में किशोरी लाल (31 वर्ष) पुत्र लाल दास निवासी गाव जिंदी डॉ. शालंग तहसील व जिला कुल्लू के कब्जे से 467 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी के खिलाफ थाना कुल्लू में धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज करके गिरफ्तार किया है । उधर, एसपी कुल्लू ने मामलों की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों मामलों में आगामी जांच जारी है ।



### कटराईं में रिहायशी मकान से 10 लीटर अवैध शराब बरामद

उधर, पुलिस थाना पतलीकूहल में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है, जिसमें पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक महिला के रिहायशी मकान स्थित बारी डाकघर कटराईं में नियमानुसार तलाशी के दौरान 10 लीटर अवैध शराब बरामद की है। इस मामले की आगामी जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल शहरी अध्यक्ष, शिवा बने उपाध्यक्ष

**कुल्लू।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अपनी शहरी इकाई की घोषणा की है। युवा मोर्चा कुल्लू मंडल के अध्यक्ष दिग्विजय आनंद ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कुल्लू शहरी इकाई से राहुल कौशल को अध्यक्ष, तो शिव कश्यप को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान दिग्विजय आनंद ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए दोनों ही युवाओं को पार्टी में दायित्व दिया गया है। लोकसभा चुनाव की तैयारी में युवा मोर्चा भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ बढ़-चढ़कर कार्य करेंगे, ताकि केंद्र में एक बार फिर से मोदी सरकार को लाया जा सके। दिग्विजय का कहना है कि केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे हैं।

### महाराणा प्रताप की जयंती एक जून को

**कुल्लू।** राजपूत संघ जिला कुल्लू की बैठक शीतला माता मंदिर परिसर सरवरी कुल्लू में की गई। रविवार को जिला अध्यक्ष सुदर्शन पठानिया की अध्यक्षता में राजपूत संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पास किया गया कि महाराणा प्रताप की जयंती एक जून को ढालपुर में स्थित देव सदन के भवन में धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती के लिए कमेटी का गठन आगामी बैठक में किया जाएगा। इसके साथ सभा में यह भी परित किया गया कि स्कूल व कॉलेजों में पढ़ रहे सामान्य वर्गों के बच्चों से फीस व छात्रवृद्धि देने में भी भेदभाव किया जा रहा है, जबकि एससी, एसटी वर्ग के बच्चों के परिवारों के लिए कोई भी सीमा निर्धारित नहीं है। उन्हें मुफ्त में किताबें, वर्दियां तथा मुफ्त में कोचिंग दी जा रही है, जबकि सामान्य वर्ग के बच्चों को इससे वंचित किया जा रहा है।

### कार सेवा दल ने मनाया 9वां स्थापना दिवस

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की समाजसेवी कार सेवा दल संस्था ने रविवार को अपना 9वां स्थापना दिवस धूमधाम से कलैहली में मनाया। इस कार्यक्रम में डीसी तोरूल एस रवीस ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, विशेष अतिथि नाटी किंग ठाकुर दास राठी मौजूद रहे। कार सेवादल संस्था की टीम ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और टोपी व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। संस्था के प्रमुख मनदीप डांग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के समाजिक कार्य को विस्तार से बताया। इसी के साथ संस्था द्वारा ट्यूशन दे रहे जरूरतमंद स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी के साथ प्रेस क्लब भुंतर, कुल्लू प्रयास फाऊंडेशन भुंतर, मांडव सभा, रोटरी क्लब कुल्लू व मनाली, अनपुर्णा कुल्लू, जागरण कमेटी भुंतर के साथ कई संस्थाओं को समाजिक सेवा में अच्छी भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया।


पतलीकूहल। देवी-देवता गुर कल्याण सभा खंड नग्गर की कार्यकारिणी की बैठक खंड के अध्यक्ष बेलूराम की अध्यक्षता में शिव मंदिर में पतलीकूहल में आयोजित हुई। इस बैठक में नग्गर खंड के अधिकतर गुरों ने भाग लिया। बैठक में बहुत से विषयों पर चर्चा की गई और साथ ही बैठक में सर्व सहमति से ये निर्णय लिया गया कि संघ सभी सदस्यों के लिए उनके दुख ओर तकलीफों में हमेशा साथ खड़ा रहेगा।

# 1962 डायल करो, घर द्वार पहुंचेगी मोबाइल पशु चिकित्सा एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति जिले के लोगों को अब पशुओं के उपचार को चिकित्सक व फार्मासिस्ट की कमी से नहीं जूझना पड़ेगा। टोल फ्री नंबर 1962 घुमाओ तो मोबाइल पशु चिकित्सा एंबुलेंस आपके घर द्वार पशुओं के उपचार को पहुंच जाएगी।

प्रदेश मुख्यमंत्री ने चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व मोबाइल पशु चिकित्सा एंबुलेंस को लांच किया था, लेकिन लाहौल-स्पीति जिले में बर्फबारी के चलते यह एंबुलेंस सेवा शुरू होने में विलंब हुआ। अब यह सेवाएं नियमित शुरू हो गई हैं। मोबाइल पशु चिकित्सा एंबुलेंस में एक पशु चिकित्सक के साथ एक फार्मासिस्ट तैनात है। प्रदेश में पशु पालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के प्रदेश सुक्खू ने चार मार्च को 1962 मोबाइल पशु चिकित्सा एंबुलेंस का शुभारंभ किया था।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

मोबाइल पशु चिकित्सा एंबुलेंस में रोगनिवारक उपचार, वैक्सीनेशन, कृत्रिम गर्भाधान आपातकालीन सुविधाओं के साथ पोषण संबंधित सुझाव, औषधि वितरण और बांझपन परीक्षण आदि इस तरह की सुविधाएं रहेंगी।

### केलांग व काजा पहुंची दो एंबुलेंस

लाहौल- स्पीति जिले के केलांग और काजा में एंबुलेंस पहुंच गई है। उपनिदेशक (पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन केलांग) डॉ. अमिताभ ठाकुर ने बताया कि दोनों एंबुलेंस जिले में पहुंच गई हैं। यह एंबुलेंस सेवाएं सुबह नौ से शाम पांच बजे तक सेवाएं देंगी।

# 10,454 अफीम के पौधे उगाने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**बंजार।** बंजार पुलिस की टीम द्वारा बंजार उपमंडल के गांव शपनील में अवैध रूप से खेती किए 10454 अफीम के पौधे उगाने पर दो व्यक्तियों सहित एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव शपनील के केहर सिंह पुत्र वली राम गांव अनाह तहसील बंजार जिला कुल्लू के सेब के पेडों के बीच में 4760 पौधों की अवैध अफीम की खेती पाई गई।

वहीं, पुलिस ने अन्य के खिलाफ 600 पौधों की अवैध अफीम की खेती करना पाई गई। शपनील गांव के ही दिले राम पुत्र फतेह चंद गांव शपनील डॉ. अनाह तहसील बंजार जिला कुल्लू के खेत में 5098 पौधों की अवैध अफीम की खेती पाई गई, जिस पर बंजार पुलिस की टीम की ओर से अंडर सेक्शन एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगमी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# 27 व 28 को होगा जिला एथलेटिक्स इवेंट


जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारी बैठक के दौरान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले में जिला एथलेटिक्स इवेंट के आयोजन और चर्चा के लिए कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सदस्यों ने आयोजन के बारे में चर्चा की और इस नतीजे पर पहुंचे कि जिला एथलेटिक्स इवेंट 27 और 28 अप्रैल को ढालपुर मैदान कुल्लू में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 और ओपन वर्ग के एथलीट भाग ले सकते हैं, जो एथलीट इवेंट के योग्यता मानकों को पूरा करेंगे, उन्हें राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा, जो मई के महीने में धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। सभी एथलीट जो इस आयोजन में भाग लेने के इच्छुक हैं, वे सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम या फेसबुक) के माध्यम से एसोसिएशन तक पहुंच सकते हैं या दिए गए नंबरों पर कॉल या व्हाट्सऐप पर अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। युवराज वर्मा- 9805421100 / 9805108100 विजय ठाकुर- 9816316327 एकलव्य भारद्वाज- 8894646233।

# पतलीकूहल-नग्गर मार्ग पर 11 से 13 तक बंद रहेगी वाहनों की आवाजाही

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पतलीकूहल में गत जुलाई माह में आई बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पतलीकूहल-नग्गर रोड में सड़क के बह चुके हिस्से पर लोनिवि द्वारा पाइप डालने का काम किया जा रहा है। इस कारण 11-12 और 13 अप्रैल को इस सड़क पर यातायात पूरी तरह से बंद रखा जाएगा, ताकि पाइप बिछाने के कार्य को समय पर पूरा किया जा सके। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता केडी कश्यप ने बताया कि इस सड़क के क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन विभाग की ओर से उपरोक्त मार्ग को किसी तरह वाहनों के चलने योग्य बना दिया गया था, लेकिन सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से पर सीमेंट की बड़ी पाइप डाला जाना आवश्यक था, जिससे भविष्य में यदि पानी का बहाव बढ़ता है, तो बाढ़ का पानी बिना कोई नुकसान किए सीमेंट के पाइपों में से होकर गुजर जाएगा। इसलिए अब इस मार्ग पर सीमेंट के बड़े पाइप डालने का काम किया जा रहा है, जिसके लिए उपरोक्त मार्ग को तीन दिनों के लिए वाहनों की आवाजाही के लिए पूर्ण रूप से बंद रखा जाना अपेक्षित है, ताकि निर्माण कार्य सही ढंग से पूरा हो सके।


पतलीकूहल-नग्गर रोड, जोकि बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुआ है।

## अपर वैली छात्र संघ ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

# स्टूडेंट्स ने फैशन शो में बिखेरे जलवे

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

अपर वैली छात्र संघ कुल्लू कॉलेज ने अपना वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया।

ढालपुर में स्थित सुप्रसिद्ध लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में अपर वैली छात्र संघ ने अपना वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर हीरा लाल ठाकुर पंचायत जिदोड़ के प्रधान सहित पिंक पलाजो फेम इंद्र ठाकुर ओर पृथ्वी राज, बौद्ध राज, पूर्ण देव, मुहाल चंद उपस्थित रहे। वार्षिक समारोह में सभी अतिथियों कुल्लवी परंपरा के अनुसार टोपी, मफलर ओर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते हुए सम्मानित किया। समारोह के दौरान कॉलेज के छात्रों ने कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम पेश कर वाहवाही लूटी। इस दौरान कॉलेज की स्टूडेंट्स ने फैशन शो में जलवे बिखेरे। इस दौरान एकल गान, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, फिल्मी नृत्य सहित कुल्लवी नाटी को खूबसूरती के साथ पेश किया। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्यातिथि ने अप्पर वैली छात्र संग के पदाधिकारियों को खूबसूरत आयोजन के लिए बधाई दी। वार्षिक समारोह में कार्यक्रम के अंतिम क्षणों में सभी स्टूडेंट्स ने नृत्य कर समारोह का लुत्फ उठाया। वार्षिक समारोह के दौरान अध्यक्ष सागर, उपाध्यक्ष जतिन वर्मा, जनरल सेक्रेटरी पूरब शर्मा, कैशियर आयुष, प्रोग्राम मैनेजर रिया सहित सैकड़ों उझी घाटी ओर कुल्लू कॉलेज के स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


अपर वैली छात्र संघ के वार्षिक समारोह के दौरान प्रस्तुति देती कॉलेज की छात्राएं।

# जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 21 को

## जिला कराटे संघ कुल्लू की बैठक में प्रतियोगिता को लेकर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू कराटे संघ की बैठक रविवार को ढालपुर स्थित गौड़ निवास में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान वेद प्रकाश ने की।

बैठक में संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा विभिन्न क्लबों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लोअर विंग स्कूल में 21 अप्रैल को जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन के अलावा अन्य कई विषयों पर गहनता के साथ चर्चा की गई। इस दौरान प्रधान वेद प्रकाश, उपप्रधान निहाल ठाकुर, महासचिव हरीश शर्मा, संयुक्त सचिव खेम सिंह पराशर, कार्यकारिणी सदस्य लीला बहादुर कार्की, सोनू कुमार और यादव आदि उपस्थित रहे।



जिला कराटे संघ कुल्लू की बैठक में भाग लेने संघ के पदाधिकारी।

# सिविल पेंशनर्स की बैठक 10 को

**कुल्लू।** सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू मंडल की मासिक बैठक 10 अप्रैल को महिला मंडल शास्त्री नगर कुल्लू में होगी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जय बिहारी भारद्वाज द्वारा की जाएगी। इस बैठक में एसोसिएशन के जिला प्रधान सेस राम ठाकुर एवं महासचिव मोहर सिंह सीस विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में वर्ष 2024-2025 के लिए सदस्यता शुल्क जमा किया जाएगा। मंडल के सभी पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स से आग्रह किया कि वह बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

**परेशानी** राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन चालकों को हो रही दिक्कत, कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

# पतलीकूहल-कटराईं सड़क की हालत खस्ता

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

राष्ट्रीय राजमार्ग पतलीकूहल और कटराईं के बीच सड़क की हालत खस्ता है।

सड़क पर जगह-जगह पड़े गड्ढे बिना बारिश के भी गंदे पानी से भरे हुए हैं, जिस कारण वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन गड्ढों में तब्दील हो चुकी इस सड़क को दुरुस्त करवाने की दिशा में संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। सड़क में इतने गड्ढे हो गए हैं कि कभी भी बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। वहीं स्थानीय निवासी नितेश गौतम, सत्यम, विनय, रविंद्र, राहुल, प्रवीण ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजमार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिस कारण वाहन चालकों और राहगीरों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के अनुसार दिन में तो यह गड्ढे वाहन चालकों को नजर आ जाते हैं, लेकिन पानी से भरे होने के कारण रात के समय गड्ढों का पता नहीं लगने के कारण कभी भी बड़ा हादसा पेश आ सकता है। लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि इस सड़क में पड़े गड्ढों को जल्द ठीक किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)


राष्ट्रीय राजमार्ग पतलीकूहल-कटराईं के बीच सड़क में पड़े गड्ढे।

> इस बारे में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें डीस कुल्लू ने 30 अप्रैल तक एनएचईआई के अधिकारियों को कुल्लू से मनाली के बीच में ब्लैक स्पॉट को ठीक करने और सड़क की टारिंग के आदेश जारी किए हैं।
> **विकास शुक्ला, एसडीएम, कुल्लू।**



# बेबी शो में तीन से पांच साल के आयु वर्ग में वेदिका ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



बेबी शो के विजेता बच्चों को सम्मानित करते मेला कमेटी के सदस्य।

राज्यस्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं में बेबी शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम गौरव चौधरी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए नन्हे-मुन्हे बच्चों को उपहार दिए।

मिनर्वा संस्थान के माइंड गॉर्डन स्मार्ट स्कूल के सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेबी शो में विजेता उपविजेता रहे बच्चों को मिनर्वा संस्थान की ओर से उपहार रखे गए। इस मौके पर विशेष रूप से मिनर्वा स्कूल के प्रिंसिपल प्रवेश चंदेल व राकेश चंदेल उपस्थित रहे। बेबी शो में एक से दो साल के बच्चों की प्रतियोगिता में रोहनी, नैंसी, आर्शिव व आदरिक ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। दो से तीन साल के बच्चों की प्रतियोगिता में कृशव व रुद्रांश ने पहला स्थान, क्रीधा ने दूसरा व तीसरा स्थान श्रीजा ने प्राप्त किया। वहीं, तीन से पांच साल के बच्चों में वेदिका ने पहला, अनीश ने दूसरा व मांशवी ने तीसरा स्थान झटका। इससे पहले बच्चों की तंदुरुस्ती का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागी बच्चों की आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वजन और लंबाई की नाप की।

### ऐसे आयोजनों से बढ़ता है बच्चों में आत्मविश्वास

**एसडीएम** ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा प्रतिभा विकसित होती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने भी अपने विचार रखे। आयोजन में नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को लोगों ने बड़ी उत्सुकता से देखा। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# राखी गौतम के गानों पर नाचा घुमारवीं

## राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने मचाया धमाल, प्रस्तुतियां देख हर कोई रह गया दंग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव की प्रथम सांस्कृतिक संध्या स्थानीय तथा लोक कलाकारों के साथ-साथ राखी गौतम और वॉइस ऑफ पंजाब गौरव कौंडल के नाम रही। प्रथम संध्या में आए इन कलाकारों ने अपने गानों से ऐसी छाप छोड़ी की हर कोई झूमने को विवश हो गया।

हालांकि प्रथम संध्या पर कलाकारों को समय दिए जाने पर भी थोड़ा विवाद रहा। क्योंकि कुछ कलाकारों का कहना था कि बेहतर कलाकारों की जगह सिफारिश लेकर आए कलाकारों को स्टेज पर ज्यादा समय दिया गया। ग्रीष्मोत्सव की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में मत्स्य पालन विभाग के निदेशक विवेक चंदेल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने दीप ज्योति प्रज्वलित कर प्रथम संध्या का आगाज किया। इसके बाद एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर कर उनका अभिनंदन किया। रात नो बजे हिमाचल की मशहूर सिंगर राखी गौतम ने स्टेज संभाला। स्टेज पर आते ही उन्होंने पहाड़ी, पंजाबी तथा बॉलीवुड गीतों की झड़ी लगा दी। राखी गौतम ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत बाहों में चले आओ जैसे बॉलीवुड गानों से की। इसके बाद ले जाए हवाएं, म्हारे पहाड़ा रा दिल शिमला, तम्मा तम्मा लोगे, मेरी अखियां का यो काजल, तेरे जैसा यार कहां, पतली कमरिया जैसे बेहतरीन गाने पेश किए। राखी गौतम द्वारा सात समुंदर पार मैं तेरे पीछे-पीछे गाकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।





मेले के दौरान प्रस्तुति देती कलाकार (दाएं) कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते मेला कमेटी के सदस्य।

### गौरव कौंडल ने गाए पहाड़ी गाने

इसके बाद स्टार गायक वॉइस ऑफ पंजाब रहे गौरव कौंडल ने बड़ी लंबी जुदाई गाना गाकर लोगों को खूब रिझाया। वहीं, उन्होंने पहाड़ी तथा पंजाबी गाने गाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया। गौरव कौंडल ने खाना पीना नंद लेनी हो गंभरीये, शरारा-शरारा, लगे दो-तीन पेग तथा गुड नालों इश्क मीठा गाकर रात 10 बजे तक दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ नेता बृजलाल ठाकुर को सौंपी कमान

**बिलासपुर।** बिलासपुर सदर से ताल्लुक रखने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजलाल ठाकुर को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। बिलासपुर के परनाली (बंदला) गांव के रहने वाले बृजलाल ठाकुर इससे पहले भाजपा के सदर मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं। लंबे अनुभव और पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की भावना के आधार पर उन्हें पिछली बार भी प्रदेश कार्यकारिणी में जगह दी गई थी। उनकी गिनती भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के करीबियों में होती है। 2022 में संपन्न विधानसभा चुनाव में बिलासपुर सदर से भाजपा प्रत्याशी त्रिलोक जम्वाल के चुनाव प्रबंधन में भी उनकी अहम भूमिका रही थी। रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उनका नियुक्ति पत्र जारी किया। बृजलाल ठाकुर ने इसके लिए जेपी नड्डा और डॉ. राजीव बिंदल के साथ ही सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल व पार्टी के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा हाईकमान की उम्मीदों पर खरा उतरने में वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### दस दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**बिलासपुर।** यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर की ओर से गांव सोलग में फास्ट फूड उद्यमी के दस दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में विभिन्न स्वयं सहायता समूह, बीपीएल परिवार से जुड़ी 35 महिलाएं प्रशिक्षण ले रही हैं। शिविर में महिलाओं को विभिन्न प्रकार की फास्ट फूड की वस्तुएं जैसे चाउमीन, बर्गर, फ्राइड राइस, भेल पूरी, टिक्की, मैक्रोनी और पानी पूरी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करवाई जाएगी। प्रशिक्षु स्वरोजगार के तौर पर फास्ट फूड प्रोसेसिंग से जुड़कर अपनी आजीविका कमा सकते हैं जैसे कि विवाह शादियों में फास्ट फूड का स्टॉल लगा कर, मोबाइल फूड वैन चलाकर, केटरिंग के कारोबार से जुड़कर इत्यादि। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने लोगों को मतदान के महत्व भी बताएं।

# तेज धूप में बैठने को मजबूर बच्चे और अभिभावक

## राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल, चुनियों से ढके बच्चों के सिर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव में रविवार को बेबी शो का आयोजन किया गया लेकिन इस शो में अव्यवस्था भरा माहौल दिखा बेबी शो में बच्चों को सुबह नौ बजे पंजीकरण के लिए बुलाया गया था।

वहीं, दिए गए समय के अनुसार अभिभावक अपने बच्चों को पंजीकरण करवाने मेला ग्राउंड पहुंचे तो बेबी शो के लिए लोगों की उत्सुकता देखते ही बन रही थी। लेकिन लोगों का क्रेज काफी हद तक उस समय कम हो गया जब आयोजकों द्वारा बेबी शो के आयोजन स्थल पर तेज धूप होने के बावजूद किसी भी तरह का कोई टेंट तक लगाया गया था। बच्चों को लेकर पहुंचे अभिभावक भी हैरान थे कि यह कैसी व्यवस्था है क्योंकि उन्हें कड़ी धूप में अपने बच्चों के साथ बैठने को मजबूर होना पड़ा। बताते चले कि बेबी शो को तीन श्रेणियां में रखा गया था जिसमें प्रथम श्रेणी में एक से दो वर्ष, द्वितीय में दो से तीन वर्ष और तृतीय में तीन से चार वर्ष के बच्चे इस शो में भाग ले रहे थे ।



मेले में अपने बच्चों के साथ धूप में बैठे अभिभावक।

छोटे-छोटे बच्चे कड़ी धूप में बैठने को मजबूर हो गए। (अनंत ज्ञान)

### बेबी शो स्थल में तुरंत टेंट लगाने के दिए आदेश

**कुछ** माताएं अपने बच्चों के सर चुनियों से ढकती नजर आई तो कुछ कड़ी धूप में परेशान दिखे । हर किसी को अपने बच्चों की परेशानी दिख रही थी, लेकिन मेला कमेटी को यह सब नहीं दिखाई दे रहा था । हालांकि कुछ देर बाद उपमंडल अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ कड़ी धूप में बैठा पाया तो उन्होंने इस बात का कड़ा संज्ञान लिया । उन्होंने तुरंत बेबी शो के लिए आयोजित कमेटी के सदस्यों को मौके पर बुलाया और कड़ी फटकार लगाते हुए तुरंत बेबी शो स्थल पर टेंट लगाने के आदेश जारी किए।

### टेंट लगने के बाद अभिभावकों ने ली राहत की सांस

**वहीं,** आदेशों के बाद बेबी शो के लिए बनाई गई समिति के सदस्य द्वारा तुरंत टेंट की व्यवस्था की गई। इसके बाद बच्चों तथा उनकी माता व अन्य अभिभावकों ने राहत की सांस ली । लेकिन इस व्यवस्था को लेकर हर किसी के मन में सवाल उठ रहे थे कि जब आयोजकों को पता था कि गर्मी का मौसम है तो पहले से बच्चों तथा उनके अभिभावकों के बैठने का सही इंतजाम क्यों नहीं गया। हालांकि टेंट लगने के बाद अभिभावकों ने राहत की सांस जरूर ली लेकिन व्यवस्था को देखकर काफी देर परेशानी भी झेलते रहे।

# मतदान दिवस पर प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर होगा एक युवा आइकान नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक करने के लिए निर्वाचन विभाग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। विभिन्न स्वीप और संस्थाओं व संगठनों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर युवाओं को मतदान के प्रति प्रेरित व प्रोत्साहित किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी आबिद हुसैन सादिक ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 से 19 वर्ष तक की आयु के लगभग 14239 मतदाताओं को इसमें जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जबकि अभी तक 10582 मतदाताओं को मतदाता सूची में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में 20 से 29 आयु वर्ग के लगभग 66988 मतदाताओं को इसके माध्यम से जोड़ने के लिए लक्षित किया गया है। जबकि 62427 मतदाता निर्वाचन विभाग द्वारा इसमें सम्मिलित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार मतदान दिवस के दिन जिला में प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक युवा आईकॉन जो गैर राजनीतिज्ञ व्यक्ति होगा को नियुक्त किया जाएगा। जिला में 418 मतदान केंदों पर प्रतिभावान 418 आईकॉन तैनात रहेंगे।

### मतदाता ऑनलाइन करवा सकते हैं अपना नाम दर्ज

**शत**-प्रतिशत युवाओं की मतदान के प्रति भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा सक्रिय स्तर पर पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। छूटे हुए पात्र मतदाता चार मई तक मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए अपना दावा आनॅलाइन माध्यम (Voter Portal or Voter Helpline) से या बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं ।

# पत्रकारों की पिटाई करने वाले पुलिस कर्मियों पर की जाए कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



परिधि गृह बिलासपुर में आपात बैठक करने जाते पत्रकार संघ के सदस्य।

कुल्लू जिला के आनी में पुलिस द्वारा पत्रकारों की गई निर्मम पिटाई के मामले जिला पत्रकार संघ बिलासपुर ने कड़ा संज्ञान लिया है। इसी आशय को लेकर रविवार को स्थानीय परिधि गृह में आपात बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राम सिंह ने की। बैठक को जिला प्रधान राम सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र के चैथे स्तंभ पर हमला है।

इसे किसी भी लिहाज से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि आनी के पत्रकार अपना काम कर रहे थे, लेकिन पोल खुलने के डर से पुलिस ने पत्रकारों को पहले थाना में बुलाया और फिर डराया धमकाया। लेकिन जब पत्रकार अपनी बात पर अड़े रहे तो पुलिस ने बल का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के शरीर पर जख्मों के निशान खुद बयान कर रहे हैं कि पुलिस ने उन्हें पेशेवर मुजरिम की तरफ पीटा है। उन्हें कहा कि सभ्य समाज में इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। पुलिस कर्मचारियों ने पत्रकारों को थाना में बुलाकर बेहरमी से पीटा है। प्रधान ने कहा कि जिन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने निर्दोष पत्रकारों को बेहरमी से पीटा है उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए, ताकि आगामी कार्रवाई निष्पक्षता से की जा सके। उन्होंने कि यदि प्रदेश में इस प्रकार का माहौल संवैधानिक पदों पर बैठने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पैदा किया जाएगा तो निश्चित तौर पर अराजकता फैलेगी।

### कड़ी कार्रवाई के लिए सीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

**जिला** पत्रकार संघ के महासचिव विजय कुमार ने कहा कि नौ अप्रैल को जिला पत्रकार संघ की बैठक का आयोजन बिलासपुर के परिधि गृह में किया जाएगा है। जिसमें जिला भर के सभी पत्रकार एकत्रित होकर जिलाधीश बिलासपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन प्रेषित करेंगे, ताकि पीड़ितों के साथ न्याय हो सके। इस बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अरुण, डोगरा, अनिल पटियाल, अरूण चंदेल, अनूप शर्मा, सुनील ठाकुर, शुभम ठाकुर और धर्मपाल आदि मौजूद थे।

# बिलासपुर कॉलेज में रोजगार मेले में 85 छात्रों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एचईआईएस और करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने विद्यार्थियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया। प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है।

करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मेले में 85 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कैंपस प्लेसमेंट के लिए विभिन्न कंपनियों से आए अधिकारियों ने विद्यार्थियों की पहले लिखित परीक्षा ली और बाद में साक्षात्कार भी लिया। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों के आधार पर मेरिट बनाकर विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों का चयन इस रोजगार मेले में होगा उन्हें कंपनी द्वारा पहले ट्रेनिंग दी जाएगी और इस दौरान भत्ता भी दिया जाएगा। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद विद्यार्थियों का उसी फर्म में जॉब प्लेसमेंट भी हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही आने वाले दिनों में इसी तरह और भी कंपनियों को महाविद्यालय में विद्यार्थियों की जॉब प्लेसमेंट के लिए बुलाया जाएगा, ताकि महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अच्छे रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। इस रोजगार मेले को सफल बनाने में बीसीए विभाग के प्रो. तेज सिंह, प्रो. अंकित, प्रो. कंचन, प्रो. सोनिका, प्रो. संजु बाला, प्रो. पूनम और प्रो. मोनिका ने मुख्य भूमिका निभाई।

# लोगों को गुमराह कर रहे सीएम : गोपाल दास

## युवा बेरोजगार संयुक्त संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिया आड़े हाथ

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



गोपाल दास वर्मा

सर्वकर्मचारी, पेंशनर्ज, श्रमिक, युवा बेरोजगार संयुक्त संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष गोपाल दास वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री व्यवस्था परिवर्तन की बातें करके लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वास्तव में सरकार लोगों को परेशान करने की नीति अपना रही है। जबकि विभिन्न सरकारी पदों पर अपने कथित चहेतों को नियुक्तियां देकर लाभान्वित करने में कोई कमी नहीं बरती गई है और करोड़ों रुपए का कर्ज लेकर मौज-मस्ती पर लुटताने की नीति अपनाई जा रही है।

इससे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले एक वर्ष में कर्मचारियों, पेंशनरों , श्रमिकों व बेरोजगारों को झांसों के झूले पर झूलाने का ही काम किया है। बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए गोपाल दास ने कहा कि पिछले विधान सभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं ने इन वर्गों को बड़े-बड़े सब्ज बाग दिखाए और उनके वोट लेकर सत्ता पाई। किंतु सत्ता पाने के बाद पिछले एक वर्ष से उनके सभी आर्थिक लाभों को रोकने, 12 प्रतिशत मंहगाई भत्ता, आवास भत्ता, दुर्गम क्षेत्र भत्ता, लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान, शीतकालीन भत्ता और पंजाब स्केल का एरियर न देकर उन्हें मंहगाई की चक्की में पीसने का काम किया है।

गोपाल दास वर्मा ने कहा कि बेरोजगारी का राग अलापने वाली प्रदेश सरकार ने दस हजार आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी समाप्त करने उन परिवारों के भरण-पोषण पर कुठाराघात किया है।

### ओपीएस के नहीं मिल रहे सभी लाभ

**गोपाल** दास वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली तो की पर कर्मचारियों को कम्यूटेशन, लीव इन कैशमेंट, ग्रेजुयटी और मेडिकल के बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस कारण ओपीएस के सभी लाभ नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन वर्गों को सभी देय आर्थिक लाभ नहीं दिए गए तो उनके समर्थन की आशा छोड़ देनी चाहिए क्योंकि जो भी सरकार व पार्टी इन वर्गों के हितों का ध्यान रखेगी वहीं उनके समर्थन की हकदार होगी।

# सीएमई फीटल इमेजिंग से गर्भ में पल रहे बच्चे की बीमारियों का लगता है पता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में रविवार को काव्या डायग्नोनिस्ट सेंटर की ओर से सीएमई फीटल इमेजिंग पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

जबकि सुनहरी देवी अस्पताल सोनीपत की फीटल मेडिसन एवं कसंल्टेंट डॉ. रचना गुप्ता ने मुख्य वक्ता एवं स्त्रोत व्यक्ति के रूप में शिरकत की। वहीं, डॉ. डीएस धीमान ने अध्यक्षता की व डॉ. दिनेश बतौर संगठन सचिव के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. रचना गुप्ता ने फीटल इमेजिंग के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भारत में मैटर्नल मोर्टालिटी और पेरीनिटल मोर्टालिटी दर बहुत ज्यादा है। इस मृत्यु दर के आधार पर ही किसी भी देश या राज्य के विकास का पता चल जाता है। फीटल मेडिसिन एक ब्रांच है जो 12 हफ्ते में के अंदर गर्भ में पल रहे बच्चे के बारे में यह पता कर सकती है कि किस मां और गर्भ में पल रहे किस बच्चे में ज्यादा समस्याएं आ सकती हैं । इस विधि से शुरुआत में ही उसका ईलाज कर सकते हैं और उन्हें बताया जा सकता है कि आगे समस्याएं आ सकती हैं । इसे ध्यान में रखते हुए सावधानी भरे कदम पहले ही उठाए जा सकते हैं। फीटल मेडिसिन सिर्फ जेनेटिक्सही नहीं बल्कि मां बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में पल रहे बच्चे के क्रोमोजोनल समस्याओं की जानकारी के बाद गर्भपात का सहारा लिया जा सकता है । वहीं , गर्भावस्था के दौरान मां की हाई बीपी से होनेवाली मौतों को 90 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है तथा इससे अपंगता की दर में भी कमी आ सकती है।

### बैसाखी नलवाड़ी मेला 14 अप्रैल से

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता में होने वाले बैसाखी नलवाड़ी मेला 14 से 16 अप्रैल तक होगा। यह फैसला एसडीएम झंडूता योगराज धीमान की अध्यक्षता में बीडीओ ऑफिस झंडूता में आयोजित बैठक में लिया गया। इस बैठक में सभी विभागों से चर्चा की गई कि मेले को कैसे आकर्षित बनाया जा सकता है। मेले की शुरुआत 14 अप्रैल को होगी। इस बैठक में फैसला किया गया कि शोभायात्रा ठाकुरद्वारा मंदिर से मेला ग्राउंड झंडूता तक निकाली जाएगी। खूंटा गाड़ कर मेले की शुरुआत की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया है कि स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। एसडीएम योगराज धीमान ने कहा कि बैसाखी नलवाड़ी मेला के लिए जो आज बैठक हुई उसमें कमेटी ने फैसला लिया कि मेला बैसाखी के दिन होना चाहिए, साथ ही 16 अप्रैल को दंगल होगा। इस बैठक में तहसीलदार झंडूता अर्शिया शर्मा, वन विभाग से डिप्टी रेंजर पवन कुमार, विकास खंड झंडूता से पंचायत निरीक्षक सुभाष कुमार, महाविद्यालय से डॉक्टर सुरेश कुमार, सहायक अभियंता विद्युत राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**चुनाव** | केंद्रीय मंत्री ने लिया मां नयनादेवी का आशीर्वाद; बोले- लोकसभा चुनाव में भाजपा जीतेगी चारों सीटें

# नयनादेवी मंदिर में अनुराग ठाकुर ने किया कन्या-पूजन

**अनंत ज्ञान, श्रीनयनादेवी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयनादेवी में रविवार को केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने जहां पर माताजी की पूजा-अर्चना की माता जी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी डाली और कन्या-पूजन किया। इस मौके पर भाजपा के विधायक रणधीर शर्मा भी उनके साथ थे। दर्शन करने के उपरांत आम आदमी पार्टी के श्रीनयना देवी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी नरेंद्र ठाकुर आज भाजपा में शामिल हुए। विधायक रणधीर शर्मा और केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने पटका पहनकर उन्हें भाजपा में शामिल किया। वह अपने समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा की हिमाचल प्रदेश में तो बीजेपी चारों सीट जीतेगी। लेकिन पंजाब में भी भाजपा इस बार बढ़िया प्रदर्शन करने वाली है क्योंकि वहां पर आम आदमी पार्टी का पलायन लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े मंत्रियों को वह चुनाव में उतरना चाह रहे हैं लेकिन जिस तरह से आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं उसे निश्चित तौर पर पंजाब में भी भाजपा इस बार अच्छा प्रदर्शन करेगी। इसके अलावा उन्होंने जहां पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के गुणगान किया। वहीं, उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार के नेतृत्व में हर गरीब हर किसान हर वर्ग का फायदा हुआ है और फिर से देश में कमल का फूल खिलने वाला है।



नयनादेवी मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

### केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**हिमाचल** प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयनादेवी में रविवार को केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने जहां पर माताजी की पूजा-अर्चना की माता जी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भारा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता अभी से जुट जाए। वहीं, उन्होंने कहा कि बीजेपी चारों सीटें जीतेगी।

# माजरा पुलिस ने कच्ची शराब की दो भट्ठियां की नष्ट



ब्यास गांव के साथ लगते नाले में कच्ची शराब नष्ट करती पुलिस।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पुलिस थाना माजरा ने नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ी है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान पाया कि ब्यास गांव के साथ लगते नाले में लगभग तीन किलोमीटर अंदर जाकर वहां पर कच्ची शराब बनाई जा रही थी।

पुलिस टीम ने मौके पर दो शराब भट्ठियों को नष्ट किया, और अवैध शराब बरामद की। इस दौरान वहां पर करीब 4000 लीटर लाहन जो अलग-अलग ड्रमों में रखी हुई थी उसको नष्ट किया गया। थाना प्रभारी माजरा ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस लगातार कार्य कर रही है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# रोड साइड खड़े वाहनों से बढ़ रहा विवाद

## नगर निगम के वार्ड-14 में सड़कों की हालत खस्ता, सीवरेज समस्या से निजात नहीं, एमसी नहीं कर रहा कार्रवाई

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 की हाउसिंग कालोनी में लोगों को पार्किंग, सीवरेज समस्या और सड़क की खस्ता हालत से निजात नहीं मिल पा रही है।

कालोनी में अक्सर बाहरी वाहन घरों के गेट के सामने पार्क किए जाने से मकान मालिकों को अपने वाहन गैराज से बाहर निकालना मुश्किल हो गए हैं। इससे लोगों के आपसी विवाद भी बढ़ रहे हैं। रोड साइड पार्किंग से कालोनी में किसी भी आपात स्थिति में एंबुलेंस, फायरब्रिगेड और कूड़ा वाहन निकलना मुश्किल हो गया है। कालोनी के कई हिस्सों में लंबे समय से सड़क किनारे निर्माण सामग्री गिरा रखी है, जबकि यहां पर कई वाहन पार्क किए जा सकते हैं। इसी तरह हाल ही में कालोनी में बिजली बोर्ड के ठेकेदार ने बिजली नए पोल लगाने के लिए निर्माण सामग्री गिराई पर काम हो जाने के बाद बचा हुआ गटका पत्थर यहां से नहीं उठाया। इस कारण भी पार्किंग की समस्या बढ़ गई। हैरानी की बात है कि नगर निगम इस पर कार्रवाई नहीं कर पाई है। (अनंत ज्ञान)



हाउसिंग कालोनी में सड़क की खस्ता हालत।

### अधिकारियों को बता चुके हैं समस्या



हाउसिंग कालोनी फेज-एक की समस्या से लोग निगम के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। वेलफेयर सोसायटी ने सीवरेज, सड़क व पार्किंग की समस्या को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें मुख्यता सीवरेज समस्या के समाधान को बड़ी योजना बनाने की मांग की। हाउसिंग कालोनी में आबादी बढ़ने से सीवरेज और सड़कों पर अत्याधिक दबाव पड़ रहा है। ऐसे में कालोनी के ड्रेन नालों में सीवरेज खुले में बह रहा है। कालोनी हाउसिंग कॉलोनी फेज-एक में चार नालों में खुली सीवरेज छोड़ी गई है। इससे स्थानीय लोगों को हमेशा बीमारी फैलने की चिंता रहती है। इससे कालोनी के आसपास का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके समाधान को कालोनी में नई सीवरेज लाइन बिछाकर सड़कों में पेवर्स लगाने की व्यवस्था की मांग भी की है। सोसायटी ने प्रशासन को वार्ड में खाली पड़ी जमीन पर छोटी-बड़ी पार्किंग के निर्माण की मांग भी की है।

### सीवरेज की समस्या भी परेशानी

कालोनी में सड़क की खस्ताहालत के साथ सीवरेज की समस्या से स्थानीय लोगों को दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सड़कों का रिपेयर वर्क चालू है, जबकि जगह-जगह खुले में बह रहा सीवरेज स्वास्थ्य के लिहाज से खतरा बन चुका है। लोगों का कहना है कि कालोनी की हालत को लेकर नगर निगम और वार्ड पार्षद को समय-समय पर अवगत करवाया जाता है पर अभी समस्या का पूरी तरह निदान नहीं हो पाया है।

### पुलिस से भी की जाती है शिकायत

वार्ड-14 के पार्षद व निगम के पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने कहा कि कालोनी में वार्किंग की समस्या काफी बढ़ गई है। सड़क पर गलत तरीके से पार्क वाहन को लेकर पुलिस से भी शिकायत की जाती है। सीवरेज की समस्या और सड़क की मरम्मत करना उनकी प्राथमिकता है। सीवरेज समस्या के हल के लिए कालोनी के ऊपर लेन में जल्द काम शुरू होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच गांवों में हेल्थ एंड वेलनेस का दिया संदेश



नालागढ़ के टीवीएस कंपनी से रैली का आगाज करते हुए।

**बीबीएन।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर नालागढ़ की टीवीएस कंपनी ने वाकाथॉन मार्च का आयोजन किया। इस वॉक इवेंट में टीवीएस कंपनी के करीब 250 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इवेंट का आगाज कंपनी परिसर से किया गया और परिसर से निकलकर यह रैली कई पंचायतों को कवर करते हुए वापस कंपनी परिसर में पहुंची। रैली को कंपनी के महाप्रबंधक वाईएस गुलेरिया की ओर से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि खुद को स्वस्थ्य रखने के साथ-साथ समाज को भी स्वस्थ रहने का संदेश दें। आज के समय में हमें जंक फूड छोड़कर जैविक वस्तुओं की तरफ ध्यान देना चाहिए और सुबह जल्द उठकर मार्निंग वॉक करनी चाहिए और खान-पान का ख्याल रखना चाहिए। मैनेजर आशीश जिंदल ने बताया कि कंपनी के करीब 250 कर्मचारी हेल्थ एंड वेलनेस का संदेश देते हुए क्षेत्र की करीब पांच से अधिक गांवों में पहुंचे। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने नारे लगाते हुए लोगों तक स्वस्थ रहने और क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रखने का संदेश दिया। कर्मियों ने स्लोगन, नारों, पोस्टर व स्टीकरों के माध्यम से भी आम जनता तक स्वच्छ व सेहतमंद रहने का संदेश पहुंचाया। जिंदल ने बताया कि रैली के रूप मे निकले कर्मचारियों ने टीवीएस से चलकर ढांग, ढाना, मंगता प्लासी, उपरली भाटियां, निचली ढांग क्षेत्रों को कवर किया और वापस अपने उद्योग परिसर में पहुंचे।

### रोशनी संस्था कर रही बच्चों के उत्थान का काम



रोशनी डे केयर सेंटर के बच्चे डीसी सोलन के साथ।

**सोलन।** रोशनी डे केयर सेंटर सोलन ने रविवार को वार्षिक समारोह मनाया। रोशनी संस्था विशेष बच्चों के उत्थान के लिए लंबे समय से कार्य कर रही है। वार्षिक समारोह के अवसर पर मुख्यातिथि डीसी सोलन मनमोहन शर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उनके साथ रोशनी डे केयर सेंटर की संस्थापिका रश्मिधर सूद, अध्यक्ष आर एस चंदेल व संचालिका राधिका कपूर भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर संस्था की संचालिका राधिका कपूर ने संस्था के पूरे साल की गतिविधियों का विवरण दिया व आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों ने योग, नृत्य नाटी के द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी डीसी ने भी बच्चों के साथ डांस किया, जिसे उपस्थित लोगों ने बहुत सराहा।

### स्टूडेंट्स को मतदान के लिए किया जागरूक

**सोलन।** अर्की विधानसभा क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम ने बातल स्थित बाल आश्रम में स्टूडेंट्स एवं नए मतदाताओं को मताधिकार तथा एक-एक वोट के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा और सहायक प्रभारी डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि पहली बार मतदान में भाग लेने के लिए नए मतदाता उत्साहित हैं। उन्हें मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्टूडेंट्स को चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग की ओर से विशेष मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत करवाया गया। इस मौके पर बाल आश्रम के अधीक्षक बिशन सिंह भी उपस्थित थे।

# रामपुर बसवाला खड्ड में दो जेसीबी चार टिप्पर अवैध माइनिंग करते पकड़े

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ में अवैध माइनिंग को रोकने के लिए बनाया गया मास्टर प्लान सफल होता नजर आ रहा है। नालागढ़ के रामपुर बसवासा में पंजाब के खनन माफिया की ओर से की जा रही अवैध माइनिंग पर बड़ी कार्रवाई हुई।

पुलिस ने सरसा नदी में अवैध माइनिंग कर रही दो जेसीबी मशीन, चार टिप्पर व चार ट्रैक्टर को पकड़ा है। पुलिस ने माइनिंग एक्ट में जेसीबी मशीन व टिप्परों को जब्त कर लिया है। अब एरिया में अवैध माइनिंग पर पूरी तरह लगाम लगती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार एसपी बद्दी इल्माअफरोज व डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी श्याम लाल की अगुआई में टीम ने रामपुर बसवाला के सरसा नदी में दबिश दी, जहां पर दो जेसीबी व चार टिप्पर से अवैध माइनिंग की जा रही थी। पुलिस ने तुरंत वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना नालागढ़ में खड़ा कर दिया है। वहीं, पुलिस ने चार ट्रैक्टरों को भी पकड़ा जिन पर 22 हजार के करीब जुर्माना वसूला गया। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि अवैध माइनिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। दो जेसीबी व चार टिप्पर को माइनिंग एक्ट में जब्त कर लिया है।



नालागढ़ पुलिस स्टेशन में खड़े जब्त अवैध माइनिंग करती मशीन व टिप्पर।

### 10 दिन में 40 अवैध माइनिंग के चालान

डीएसपी फिरोज खान की अगुआई टीम ने 10 दिन में अवैध माइनिंग के 40 चालान काटे जा चुके हैं, जिन पर 2.40 लाख रुपए का जुर्माना वसूला जा चुका है और लगातार कार्रवाई जारी है।

### पंजाब का खनन माफिया कर रहा माइनिंग

पुलिस टीम ने जिन जेसीबी व टिप्परों को जब्त किया वह पंजाब के खनन माफिया हैं, जो कि काफी समय से नालागढ़ के रामपुर बसवाला में अवैध माइनिंग कर रहे थे। अब पुलिस पंजाब के खनन माफिया पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है।

# लोकसभा चुनाव के लिए भरा जोश

**सोलन।** भाजपा के 45वें स्थापना दिवस पर सोलन के बूथ नंबर 89 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोलन मंडल मीडिया प्रभारी नरेश गांधी ने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता पुरषोत्तम गुलेरिया, रूसी वालिया, शैलेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर पुरषोत्तम गुलेरिया ने सभी का स्वागत किया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। गुलेरिया ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा ने मात्र 44 वर्षों की यात्रा के दौरान संगठन को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में खड़ा किया और देश के करोड़ों लोगों का विश्वास जीतकर विश्व भर में अलग पहचान बनाई। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में ग्रामीण स्तर तक आम लोगों विशेषकर युवाओं और महिलाओं को आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

# जिला स्तरीय मां भंगायनी मेला 3 से 5 मई तक : बलवीर



मेले के आयोजन को लेकर बैठक करते कमेटी के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले के हरिपुरधार में मां भंगायनी मेला इस वर्ष भी 3 से पांच मई तक बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। यह निर्णय हरिपुरधार में आयोजित मेला आयोजन समिति की बैठक में लिया गया। इस मेले के दौरान गत वर्षो की भांति प्रदेश के जाने-माने लोक कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और साथ में वॉलीबाल और कबड्डी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। खेल प्रतियोगिताओं में हिमाचल के अतिरिक्त पड़ोसी राज्यों से भी खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जाएगा। मेला कमेटी के महासचिव बलवीर ठाकुर ने बताया कि मेला मैदान में दुकानदारों को स्टॉल 30 अप्रैल से आवंटित किए जाएंगे। मेले के उद्घाटन और मां भंगायनी की छड़ी यात्रा शुरू करने के लिए सिरमौर के डीसी सुमित खिमटा को आमंत्रित किया जाएगा, जबकि मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को निमंत्रण भेजा जाएगा।

# श्रीकांत शर्मा पहुंचे पांवटा

**पांवटा साहिब।** लोकसभा चुनाव के चलते भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा पांवटा साहिब पहुंचे। उनके साथ पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक पांवटा साहिब सुखराम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में सभी प्रमुख कार्यकर्ता, प्रदेश जिला व मंडल के पदाधिकारी, सदस्य सभी मोर्चो के पदाधिकारी, सभी बूथों के अध्यक्ष, पालक, बीएलए व सक्रिय कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी वर्गों के लिए अलग-अलग योजनाएं चलाई हैं।

# हिंदुस्तान में फिर खिलेगा कमल : श्रीकांत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

भाजपा मंडल शिलाई कि संगठनात्मक बैठक भाजपा मंडल अध्यक्ष इंदर ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित विशेष रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने प्रदेश, जिला, मंडल के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाएं और मोदी सरकार की ओर से चलाई गई विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों से मिलकर उनसे भाजपा के पक्ष मतदान करने का आह्वान करें, ताकि शिमला लोकसभा सीट को 2019 के मुकाबले ज्यादा भारी बहुमत से मोदी की झोली में डाल कर मोदी को और ज्यादा मजबूत करेंगे। श्रीकांत ने कहा कि पीएम ने नारा दिया है कि अबकी बार 400 पार, इस नारे को आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से सफल होगा। हिंदुस्तान में फिर एक बार प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार बनाएगी। केंद्र मे भाजपा सरकार और और प्रदेश में भी भाजपा सरकार बनने जा रही है।



शिलाई पहुंचने पर भाजपा के हिमाचल लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### चंद दिनों की मेहमान प्रदेश सरकार : बलदेव

इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिलाई पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि चंद दिनों की मेहमान रह गई है प्रदेश कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियों से प्रदेश की जनता अब ऊब चुकी है, महिलाओं का वोट बैंक बनाकर बार-बार शोषण किया जा रहा है। झूठ पर झूठ कांग्रेस सरकार बोलती जा रही है। आगामी लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा उपचुनाव में जनता इसका जवाब देगी। बैठक में जिला अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, प्रदेश सचिव मनीष चौहान आदि मौजूद रहे।

# प्रांत अभ्यास वर्ग 11 से 13 मई तक

**पावंटा साहिब।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रांत अभ्यास वर्ग इस बार सिरमौर में होने जा रहा है, जिसके लिए आज व्यवस्था बैठक संबोटा तिब्बतियन स्कूल पांवटा साहिब में आयोजित की गई। इसी स्कूल में अगले माह 9 से 12 मई तक प्रांत अभ्यास वर्ग आयोजित होगा।

जिला संयोजक अभि ने बताया की पूरे हिमाचल प्रदेश से 400 कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसको लेकर आज व्यवस्था बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से प्रदेश संगठन मंत्री गौरव अत्री व सोलन विभाग संगठन मंत्री अजय ठाकुर उपस्थित रहे।

# भाजपा अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के विकास की पार्टी : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा का नाहन आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि छह अप्रैल भाजपा का स्थापना दिवस आज पूरे देशभर में हर बूथ पर मनाया जा रहा है। प्रदेश में भी सभी 7990 बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

भाजपा भारत को शक्तिशाली राष्ट्र, समृद्ध राष्ट्र, अपने सांस्कृतिक मूल्यों पर चलने वाला राष्ट्र और देश के हर व्यक्ति, विशेषकर अंतिम पायदन पर बैठे व्यक्ति के विकास को लेकर चलने वाली पार्टी है। 1980 से लेकर 2024 तक 44 वर्ष के इस सफर में बहुत बड़ी उपलब्धियां पार्टी ने हासिल की। कभी दो सांसदों वाली पार्टी आज 303 सांसदो तक पहुंची और इस वर्ष 370 सांसदों वाली पार्टी बनने जा रही है। 20 राज्यों में सरकारे बनाते हुए राष्ट्र निर्माण के लक्ष्यों को पूरा करने में पार्टी जुटी हुई है। 44 वर्ष के इस सफर में सदस्यता के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा बनी है, जिसके नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को ख्याति दिलाई है। भाजपा ने जहां 500 वर्ष के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई, धारा 370 हटाने का लक्ष्य प्राप्त किया।



डॉ. बिंदल प्रदेश चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा का नाहन आगमन पर स्वागत करते हुए।

## उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा-

# विधायकों को लालच देकर किया शामिल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान एक बार फिर भाजपा पर हमलावर हुए हैं सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आज लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक के बाद हर्षवर्धन चौहान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बैठक में मंत्री और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार खास तौर पर मौजूद रहे।

मंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रदेश सरकार को अस्थिर करने और मिशन लोटस को लेकर लगातार प्रयास किए। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों को लालच देकर बीजेपी में शामिल किया है और अब उपचुनाव में उन उम्मीदवारों को फिर मैदान में खड़ा किया है। प्रदेश की जनता इसका न्याय अवश्य करेगी और कांग्रेस पार्टी एक बार फिर से छह विधानसभा और चार लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। प्रदेश सरकार के इस छोटे से कार्यकाल के दौरान प्रदेश में बहुत बड़ी आपदा आई, जिसके चलते प्रदेश को 10 हजार करोड़ से भी अधिक का नुकसान हुआ। वहीं दूसरी तरफ जो प्रदेश में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है। उसके बावजूद भी प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने में सुक्खू सरकार कामयाब रही है।



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान पत्रकार वार्ता करते हुए। साथ में अन्य।

### सरकार ने अधिकतर वादे किए पूरे

प्रदेश सरकार ने जनता से जो वादे किए थे उनमें से अधिकतर पूरे कर दिए हैं उन्होंने कहा कि आचार संहिता खत्म होने के बाद प्रदेश की सभी महिलाओं को वादे के मुताबिक 1500 की राशि दी जाएगी। इन उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी उपलब्ध करवाई गई। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को प्रदेश सरकार के सवा साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से बताया गया, ताकि यह कार्यकर्ता जन जन तक इन उपलब्धियां को पहुंचा सकें।

**समारोह** जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के ग्रॉस एनपीए में इस वर्ष आई गिरावट, एनपीए घटकर 3.38 प्रतिशत पर पहुंचा

# नाबार्ड से मिली बी प्लस रैंकिंग, जीएनपीए में 4.58 फीसदी कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड सोलन का वित्त वर्ष 2023-24 संतोष जनक रहा। बैंक को हिमाचल के सबसे पुराने और प्रमुख सहकारी बैंकों में से एक होने का गौरव प्राप्त है।

1924 में नालागढ़ से शुरू हुई बैंक की यात्रा के दौरान इसकी पहली शाखा नालागढ़ में स्थापित हुई थी, अब 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। नालागढ़ में एक शाखा से शुरू हुई यात्रा अब 33 शाखाओं और आठ एटीएम के व्यापक नेटवर्क तक पहुंच गई है, इस नए वित्त वर्ष में बैंक की और शाखाएं खोली जाएंगी। बैंक प्रगति और समृद्धि की राह पर अग्रसर है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वित्तीय परिणाम बहुत ही संतोषजनक रहा। 31 मार्च तक बैंक का कुल कारोबार 2000 करोड़ को पार कर गया, जिसमें 8.56 प्रतिशत की दर से 159 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की कुल जमा राशि 2023-24 के दौरान 7.78 प्रतिशत की दर से 100 करोड़ से बढ़कर 1392 करोड़ हुई है। बैंक ने इस वित्त वर्ष में कुल 628 करोड़ के लोन वितरित किए, जो कि बीते साल से 60 करोड़ अधिक हैं, जिसमें 10.56 प्रतिशत की ग्रोथ है। बैंक का ग्रॉस एनपीए इस वर्ष रिकॉर्ड स्तर पर कम हुआ, 31 को बैंक का सकल एनपीए घटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 3.38 प्रतिशत पर आ गया है। बैंक के जीएनपीए में 4.58 प्रतिशत की कमी की गई है। 2022-23 के दौरान बैंक का एनपीए 7.96 प्रतिशत था, जो कि अब 3. 38 प्रतिशत है। बीते वर्ष बैंक का ग्रॉस एनपीए 45.26 करोड़ था, जो वर्ष 20 .65 करोड़ रह गया है। 23-24 के दौरान बैंक की नेट वर्थ 15.65 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 120 करोड़ से अधिक हो गई है। बैंक का सकल मुनाफा बढ़कर 2023-24 के दौरान 34 करोड़। बैंक का शुद्ध मुनाफा बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष 19.58 करोड़ रुपए है। 31 को बैंक का सकल एनपीए घटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 3.38 प्रतिशत पर आ गया है।



जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक पंकज सूद और अन्य अधिकारी।

### छह आउटलेट के लिए आरबीआई से मिला लाइसेंस

अपने शाखा नेटवर्क विस्तार कार्यक्रम के तहत, बैंक को जिले में छह आउटलेट खोलने के लिए आरबीआई से लाइसेंस मिला है, जो इस वर्ष खोले जाएंगे। बैंक अपने ग्राहकों को बैंक की सभी शाखाओं में बीमा उत्पाद उपलब्ध करवाने के लिए आईआरडीए से को-ऑपरेटिव एजेंसी लाइसेंस प्राप्त करने में सफल रहा है। बैंक के प्रबंध निदेशक पंकज सूद ने प्रदेश सरकार, आरबीआई, नाबार्ड और आरसीएस समय-समय पर समर्थन और मार्गदर्शन देने के लिए धन्यवाद किया।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# लोअर बाजार में तहबाजारियों पर चला नगर निगम का डंडा

## टीम ने 15 दुकानदारों का सामान किया जब्त, पड़ोसी राज्यों के व्यापारी भी लगाते हैं दुकानें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के लोअर बाजार तहबाजारियों पर निगम का डंडा चला है। इस दौरान नगर निगम की टीम ने 15 तहबाजारियों सामान किया जब्त किया है। हर रविवार को निगम का डंडा तहबाजारियों पर चलाता है। लोअर बाजार में बाहरी राज्य से व्यापारी अपना समान बेचने को आते है।

नगर निगम ने फैसला लिया है कि हर रविवार को निगम की टीम पुलिस के साथ लोअर बाजार का निरीक्षण करेगी। पड़ोसी राज्यों से भी व्यापारी अपनी दुकानें लगाते है। शिमला व्यापार मंडल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था और इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। नगर निगम प्रशासन हर रविवार को इसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती हैं। कई जगह तहबाजारी दुकानों के सामान ही अपनी पोटली खोलकर दुकान लगा देते है। ऐसा करने से बाजार की सड़क और तंग हो जाती है। संडे मार्केट में सामान काफी सस्ता मिलता है। ऐसे में रविवार को खरीदारी के लिए भीड़ रहती है। इसके कारण लोगों को यहां पर चलने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर में अतिक्रमणकारियों ने इतने पैर पसार लिए हैं कि सड़कें तंग होकर रह गई हैं। लोगों का बाजार से गुजरना किसी मुसीबत से कम नहीं है। रही सही कसर दुकानदारों ने दुकान के आगे लगाए ओवर हैंगिंग ने पूरी कर दी है। खासकर लोअर बाजार, राम बाजार, रिवोली टनल के पास अतिक्रमण चरम पर है।

> मना करने के बाद भी तहबाजारी और कुछ दुकानदार नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। अगर किसी तहबाजारी का सामान बार-बार निगम द्वारा उठाया जा रहा है तो उसे समझना चाहिए कि वह नियमों के विरुद्ध जाकर अपना सामान सजा रहा है। इस तरह की मनमानी को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहबाजारी हाई कोर्ट के नियमों को दरकिनार कर अपनी मर्जी चला रहे हैं। इस वजह से इनका सामान उठाना पड़ा।
>
> **-भूपेंद्र अत्री**
> **आयुक्त, नगर निगम, शिमला**





नगर निगम शिमला की टीम तहबाजारियों का सामान जब्त कर गाड़ी में डालते हुए।

## राष्ट्रपति दौरे को लेकर तैयारियों जोरों पर



**शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गर्मियों के दौरान में शिमला दौरे पर आएंगी। उनका यह दौरा 30 अप्रैल से पांच मई तक का बन रहा है। राष्ट्रपति के दौरे से पहले शिमला के छराबड़ा स्थित रिट्रीट में आज मीटिंग आयोजित हुई। इसमें दिल्ली राष्ट्रपति भवन से आए अधिकारियों ने लोकल प्रशासन के साथ मिलकर द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसमें जिला प्रशासन, नगर निगम, बिजली बोर्ड, स्वास्थ्य, जल शक्ति, पुलिस इत्यादि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इन्हें राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सभी तैयारियां 15 अप्रैल तक पूरी करने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन रिट्रीट में ठहरेगी। हालांकि इस पर अंतिम फैसला 15 अप्रैल तक संभावित है। द्रोपदी मुर्मू से पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक बार रिट्रीट के बजाय शिमला के सिसिल होटल में ठहर चुके हैं। ऐसे में द्रौपदी मुर्मू कहां रुकेगी, इस पर राष्ट्रपति भवन दिल्ली में फैसला होगा।

# नवरात्र : दुल्हन की तरह सजने लगे मंदिर

## कल से शुरू होंगे चैत्र नवरात्र; तैयारियों जोरों पर, दुकानें लगीं सजने

**आशिमा वैरागी, शिमला**

जिला शिमला में माता के दरबार को सजाने का कार्य शुरू हो गया है। मंगलवार से चैत्र नवरात्र शुरू होने वाले है। मां दुर्गा के नौ अवतार की पूजा की जाएगी। जिला शिमला के कालीबाड़ी मंदिर, कामना देवी, ढिंगू माता मंदिर, तारादेवी मंदिर, पधाई माता मंदिर और बीसीएस तारा माता मंदिर के अलावा जिला के नारकंडा स्थित मां भीमाकाली मंदिर, सरस्वती नगर स्थित मां दुर्गा हाटकोटी मंदिर, हाटू मंदिर, चौपाल व नेरवा स्थित मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।

इस दौरान मंदिरों को फूलों, रंग-बिरंगी चुनरिया व मालाओं से सजाया जा रहा है। मंदिर के बाहर माता के मंदिरों के बाहर दुकानें लगाना शुरू कर दिया है। इन नौ दिनों में माता के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। इस साल चैत्र नवरात्र नौ अप्रैल से शुरु होने जा रहे हैं जो कि 17 अप्रैल तक चलेंगे। इस दौरान मंदिरों में नौ दिनों तक पाठ रखे जाएंगे जबकि अष्टमी पर हवन होगा। इन नौ दिनों में मंदिरों के कपाट सुबह से ही दर्शन के लिए खुल जाएंगे। चैत्र नवरात्र का बेहद खास महत्व होता है। इन नौ दिनों में कोई भक्त माता की सच्चे मन से पूजा करता है उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिर का रुख करेगा। इन नौ दिनों कई भक्त व्रत भी रखेंगे।



हाटकोटी मंदिर।



कालीबाड़ी मंदिर।

इसके साथ ही शहर के विभिन्न मंदिरों में नौ दिनों तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पंडित मुक्ति चक्रवर्ती ने बताया कि चौत्र नवरात्र के बाद सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। इस दौरान सूर्य 12 राशियों में भ्रमण पूरा करते हैं और अगला चक्र पूरा करने के लिए पहली राशि में प्रवेश करते हैं। इसके बाद ही गर्मी की शुरुआत होती है, क्योंकि सूर्य और मंगल की राशि मेष दोनों की अग्नि तत्व वाले हैं। वहीं, माता के मंदिरों के बाहर भक्तों का तांता लगा रहता है इस दौरान कीड़ी तरह की अनहोनी या धक्का मुक्की न हो इसके लिए पुलिस के जवानों को तैनात किया जाएगा। इससे माहौल शांतिपूर्ण बनेगा साथ ही लाइन में श्रद्धालुओं को लगा कर दर्शन करवाएं जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### सुबह जल्दी खुलेंगे माता के दरबार

**पहले** नवरात्र से मंदिर के कपाट सुबह जल्दी ही खोल दिए जाएंगे, ताकि भक्त माता के दर्शन कर सकें। इसके साथ ही भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी ख्याल रखा जाएगा। इसके अलावा मंदिर में भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। नौ दिनों तक मंदिर में माता के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। अष्टमी के दिन हवन किया जाएगा और कन्या-पूजन होगा।

### नवरात्र में यह रहेगा शुभ मुहूर्त

**चैत्र** नवरात्र में नौ दिनों तक शुरू मुहूर्त के अनुसार माता की पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना शुभ मुहूर्त सुबह नौ बजकर 12 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त अपराह्न 11 बजकर 58 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा अपराह्न दो बजकर 28 मिनट से 3 बजकर 30 मिनट तक शुभ मुहूर्त रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शस्त्र जमा करवाने की तिथि 12 अप्रैल निर्धारित

**रिकांगपिओ।** जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला में शस्त्र समीप के पुलिस थाने में जमा करवाने की तिथि जो पहले दो अप्रैल 2024 तक निर्धारित की गई थी। अब 12 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। उन्होंने इन आदेशों की अनुपालना के लिए सभी शस्त्र धारकों से सहयोग की अपील की है।

### बटाडी गांव में चलाया सफाई अभियान



सफाई अभियान के दौरान मौजूद महिलाएं।

**रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू की ग्राम पंचायत अढाल की महिला मंडल घरशाल ने बटाडी गांव में सफाई अभियान चलाया है। इस दौरान बटाड़ी गांव के रास्ते में जमी घास काटी गई। गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाया गया। महिला मंडल प्रधान अरुणा शर्मा रंजू शर्मा, वीना नास्टा, सरोज शर्मा, प्रोमिला शर्मा, जमोत्रा शर्मा, दीपना शर्मा, बबीता शर्मा, रिता शर्मा, बसंती शर्मा, कलावती शर्मा, शांति शर्मा, कमलेश शर्मा व सत्या शर्मा आदि महिलाऐं इस सफाई अभियान में शामिल रही हैं।

### विमानों की गड़गड़ाहट से गूंजा आसमान



**रोहड़ू।** पिछले कुछ दिन से एवं रविवार को रोहड़ू व जुब्बल कोटखाई और आसपास के क्षेत्र में वायुसेना के कई विमान करतब दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले दो-तीन दिन से चल रहे इस घटनाक्रम को पहले तो स्थानीय लोगों ने इसे सामान्य घटना समझा और आसमान में बादल भी छाए हुए थे। लेकिन जैसे-जैसे यंहा आसमान से बादल छंटे वैसे ही आसमान में कई विमान करतब दिखाते हुए नजर आए। रोहड़ू, जुब्बल कोटखाई और आसपास के क्षेत्रों में ऐसे नज़ारे कई जगह पर देखने को मिले। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पर कई विमान युद्धाभ्यास कर रहे हैं। लेकिन इसे कोई भी नहीं समझ सका। दिन के साथ-साथ रात में भी यह गड़गड़ाहट का सिलसिला लगातार चल रहा है। लेकिन इसे कोई भी व्यक्ति नहीं समझ पाया कि ये विमान आसमान में क्यों रेंग रहे हैं। वंही इतनी गड़गड़ाहट किस लिए है। इसमें कई लड़ाकू विमान शामिल थे और कई सामान्य विमान थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी इसका जिक्र होने लगा की यह घटनाक्रम क्या है और क्यों हो रहा है। एक साथ एक ही समय में इतने विमान इधर से उधर चक्कर क्यों काट रहे हैं। उसके बाद पता चला कि यह एक तरह का सैन्य युद्धाभ्यास है जो 1 से लेकर 10 अप्रैल तक जारी रहेगा। ऐसे में यह घटनाक्रम यहां के लोगों के लिए सामान्य घटना नहीं है। इससे पहले कभी भी इस तरह का करतब इस क्षेत्र के लोगों ने आसमान में नहीं देखा है। इसीलिए यह घटनाक्रम क्षेत्र में आम लोंगों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।

# शिमला शहर में होगी आवारा कुत्तों की गिनती, नगर निगम ने प्रस्ताव किया तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में पहली बार आवारा कुत्तों की गिनती की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। नगर निगम के पास स्टाफ की कमी है इस कारण प्रशासन इस काम का सर्वे बाहरी एजेंसी से करवाने जा रहा है और विभागीय स्तर पर पत्राचार प्रक्रिया चल रही है। शहर में कुत्तों की संख्या जानने के लिए नगर निगम गिनती करने जा रहा है।

शहर में आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। हर महीने आवारा कुत्तों के काटने के करीब दस से अधिक मामले सामने आते है। झुंड बनाकर रास्तों पर घेरा जमाए होते है। कुत्तों की मौजूदगी लोगों को उस रास्ते का इस्तेमाल करने से रोक रही है। लोग अपना रास्ता बदल लेते है। जिससे लोगो को आने जाने में परेशानी होती है। वार्ड स्तर पर कुत्तों का गिनती की जानी है। इसमें देखा जाएगा की कितने कुत्ते हैं और कितनों की नसबंदी हुई है। नगर निगम इसका पूरा खाका तैयार करेगा। इन कुत्तों की नसबंदी नहीं हुई है, नगर निगम उनकी नसबंदी करवाएगा। जून माह के दूसरे सप्ताह से सर्वे शुरू करेगा। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नीरज मोहन ने कहा कि जून से ही कुत्तों की गिनती का काम शुरू हो सकेगा। इस कार्य को बाहरी एजेंसी को देने के लिए चर्चा की जा रही है। शिमला शहर में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। जगह-जगह कुत्तों के झुंड शहर में घूमते रहते हैं और रोजाना लोगों को काटने के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, इन कुत्तों को पकड़ने के लिए लोग कई बार गुहार लगा रहे थे, जिसका समाधान अब निकाला गए है। मालरोड और रिज मैदान के अलावा शहर के उपनगरों में भी कुत्तों का आतंक है। न्यू शिमला, विकासनगर, खलीनी, जाखू,छोटा शिमला आदि उपनगरों में सबसे ज्यादा लावारिस कुत्ते हैं। जो स्कूली बच्चों पर भी हमले कर देते हैं।



### सड़कों पर कुत्ते जमघट लगाए बैठे रहते है

**डीएवी,** केंद्र विद्यालय, लक्कड़ बाजार स्कूल के बच्चे अक्सर मॉल रोड से घर की ओर आते जाते है। उन रास्तों पर कुत्ते जमघट लगाए बैठे होते है। इस कारण बच्चों को उन रास्तों पर भय बना रहता है।

> कुत्तों के आतंक को कम करने के लिए उन्हें पकड़ा जा रहा है। साथ ही उनकी नसबंदी की जाती हैं। जून माह के दूसरे सप्ताह से वार्डों में आवारा कुत्तों की गिनती कर उनकी नसबंदी की जाएगी और एक चिप उन पर लगा दी जाएगी, जिससे पता चल सकेगा कि स्टरलाइजेशन हुआ है।
>
> **-भूपेंद्र अत्री**
> **आयुक्त, नगर निगम, शिमला**



शिमला। हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा के सुप्रसिद्ध मंदिर चामुंडा मंदिर में नवरात्र की तैयारियां चली हैं। दुर्गा माता के दूसरे नवरात्र मां ब्रह्मचारिणी वाले दिन जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें साथ ही जागरण का कार्यक्रम भी किया जा रहा है। जागरण में गायक अमित मीतू के भजन गाकर जनता को निहाल करेंगे। वहीं, जो भी श्रद्धालुओं मंदिर में आएं, तो वे अपने गर्म कपड़े साथ में लेकर आएं।

# चमत्कारी औषधीय गुणों की खान है गुच्छी

## आसमानी बिजली और बादलों की गड़गड़ाहट से गुच्छी उगती है

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**





गुच्छी

दुनिया की सबसे मंहगी सब्जी गुच्छी प्रकृति की एक अनुपम देन है जोकि प्रकृति के स्पर्श से उगती है। इसका वैज्ञानिक नाम मार्किला एस्क्यूपलैंटा है। प्रदेश के शिमला, चंबा और मनाली के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गुच्छियां अधिक मात्रा में पाई जाती है, जिसे स्थानीय भाषा में चेंऊ, रोंटू, छतरी, चटमोर और डूंगरू के नाम से पुकारा जाता हैं। गुच्छी मशरूम के उगने का उचित समय मार्च से मई तक माना जाता है। बारिश से पहले कड़कती आसमानी बिजली की तेज किरणों और बादलों के गड़गड़ाहट होने से गुच्छी जंगलों में स्वत: ही उगती है।

सबसे अहम बात यह है कि गुच्छी बिना खाद व बीज के ही उगती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार समुद्र तल से 1500 से 3500 मीटर की ऊंचाई तक गुच्छी पाई जाती है। इसके लिए 14 से 17 डिग्री सेलसियम तापमान की आवश्यकता रहती है । जुन्गा के दुर्गा सिंह ठाकुर ने बताया कि गुच्छी के उगने का उचित समय हर वर्ष फाल्गुंन से बैशाख माह माना जाता है। आग से झुलसे हुए जंगल, नमी और घास के बीच में गुच्छी मशरूम अधिक उगती हैं। बताया कि इन दिनों लोग दिन का भोजन साथ डालकर पूरे दिन गुच्छियां एकत्रित करने के लिए जंगल में डेरा जमाए हुए हैं। कई कई दिनों तक ग्रामीण जंगल में गुच्छी की तलाश में रहते हैं अर्थात गुच्छी को ढूंढना एक बेहद मुश्किल कार्य है। लोगों को विशेषकर फाल्गुंन माह में तेज बिजली और बादलों की गड़गड़ाहट होने का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता हैं। इनका कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति को जंगल में गुच्छी दिखाई नहीं देती है यह केवल भाग्यशाली व्यक्ति को मिलती है। गुच्छी को जंगल से लाकर घर पर सुखाया जाता है और इसकी माला पिरोकर घर में टांगी जाती है। सूखकर गुच्छी का वजन बहुत कम रह जाता है । बता दें कि खुले बाजार में गुच्छी की कीमत 30 से 35 हजार प्रतिकिलोग्राम बताई जाती है। भारत के अलावा अमेरिका, यूरोप, इटली इत्यादि देशों में इसकी बहुत डिमांड रहती है।

### हार्ट रोगियों के लिए रामबाण है गुच्छी

**आयुर्वेद** विशेषज्ञ डॉ. अनु शर्मा ने बताया गुच्छी चमत्कारी और औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें आयरन, विटामीन बी और सी के अतिरिक्त अमीनो एसिड और खनिज तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं । इसमें लो फैट और हाई ऐंटी ऑक्सिडेंटस फाइबर होते हैं। विशेषकर हृदय रोगियों के लिए गुच्छी संजीवनी होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार निदेशालय खुंब अनुसंधान केंद्र चंबाघाट सोलन में गंच्छी मशरूम पर वैज्ञानिकों द्वारा शोध किया जा रहा है ताकि गुच्छी का उत्पादन घर पर ही हो सकें।

# किन्नौर में नौनिहालों को पिलाई पोलियो की खुराक

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

किन्नौर जिला में आज 4564 शिशुओं को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सात अप्रैल रविवार को 5 साल तक के 4564 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए समूचे जिले में 101 बूथ स्थापित किए गए है।

इसके तहत सांगला क्षेत्र में 13, रिकांगपिओ क्षेत्र में 18, पूह स्वास्थ्य खंड में 34 तथा निचार विकास खंड में 36 बूथ स्थापित किए गए है। रविवार को उपायुक्त किन्नौर डॉ . अमित कुमार शर्मा ने वेदांत शर्मा को पोलियो ड्रॉप्स पिला कर अभियान का शुभारंभ किया। उपायुक्त किन्नौर ने कहा कि तीन मार्च को जिला में बर्फबारी के चलते पोलियो अभियान रद करने पड़ा व सात अप्रैल को समूचा जिला में पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जा रही है। इस के लिए जिला में 101 बूथ स्थापित किए है। चौरा बैरियर व रिकांगपिओ बस स्टैंड में दो ट्रांजिट केम्प स्थापित किया है। इस कार्य को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा-वकर्स की सेवाएं ली जाएंगी। इसके अलावा 20 सुपरवाइजर्स भी तैनात किए गए है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीनों उपमंडलों में मोबाइल वैन के माध्यम से भी पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। उपायुक्त किन्नौर ने जिला के सभी अभिवावकों से आग्रह किया है कि वे पांच साल तक के सभी बच्चों को अपनी निकटतम पोलियो बूथ पर पोलियो खुराक अवश्य पिलाएं। इस अवसर पर सीएमओ किन्नौर सोनम नेगीं,एसडीएम कल्पा डॉ. मेजर शशांग गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारीडॉ कविराज नेगीं, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अन्विषा नेगीं, एसएमओ डॉ. भारतेंदु नेगीं सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



बच्चों को दवाई पिलाते चिकित्सक।

# गेयटी थियेटर में पेंटिंग देख हुआ हर कोई दंग हैरान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी का समापन हो गया।

इस प्रदर्शनी को हिमाचल के दो कलाकारों राजू लक्कार व बलदेव पंवार द्वारा लगाया गया था। पांच दिवसीय प्रदर्शनी में स्थानीय लोगों से ज़्यादा पर्यटकों ने अपनी रुचि दिखाई। इसमें हिमाचल की संस्कृति को बखूबी दिखाया गया। इसके अलावा जानवरों, वाइल्डलाइफ, विभिन्न प्रकार के फूलों को दर्शाया गया । इन सभी पेंटिंग को बनाने में ऑइल, एक्रेलिक, चारकोल और वाटर कलर का इस्तेमाल किया गया था। इन सभी पेंटिंग की कीमत 5500 से लेकर दो लाख रुपए तक थी।

### हिमाचली संस्कृति की दिखी झलक

**गेयटी** में लगी प्रदर्शनी में सबसे महंगी पेंटिंग काफी सुंदर थी। इसमें हिमाचल की शान टोपी को बनाया गया था। इसे बनाने में 2 माह का समय लगा है। इस पेंटिंग को देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो चित्र नहीं सामने टोपी रखी हो। यह लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

### बलदेव पंवार सात बार लगा चुके हैं प्रदर्शनी

**प्रदर्शनी** लगाने आए बलदेव पंवार ने बताया कि वह गेयटी में सात बार प्रदर्शनी लगा चुके हैं। वह पिछले 12 सालों से एक आर्टिस्ट के रूप में कार्य कर रहे हैं। पर्यटक देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी पहुंचे। इस दौरान इंग्लैंड व केरल से पेंटिंग खरीदकर ले गए।

**परेशान** | एक अजीब बीमारी से संकट में करोड़ों की सेब बागवानी, बागवान परेशान

# सेब के पौधों पर फूल कम और पत्ते अधिक

**सपना सूद-नेरवा,चौपाल**



सेब के बागीचों में एक अजीब बिमारी नजर आने से उपमंडल चौपाल की करोड़ों रुपए की बागवानी पर संकट के बादल छा गए है। इस वर्ष फ्लॉवरिंग के दौरान पौधों पर फूल कम और पत्ते अधिक नजर आने से बागवान परेशान हो उठे है।

हालांकि बागीचों में सामने आ रही इस समस्या की जांच हेतु गत 30 मार्च को बागवानी अनुसंधान केंद्र मशोबरा के फल विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक डॉ. नीना चौहान एवं मृदा विभाग से डॉ. उपेंद्र शर्मा ने चौपाल का दौरा किया। इस दौरान उन्हों ने विभिन्न स्थानों पर जा कर सेब के बागीचों का निरिक्षण किया । निरिक्षण के दौरान पाया गया कि इस बार पौधों में फल कम और पत्तियां अधिक लगी है। वैज्ञानिकों इसका सबसे बड़ा कारण बीते साल हुई अत्यधिक बारिश के चलते असमायिक और अधिक पतझड़ को मान रहे है । इसके अलावा पौधों को जरूरत के हिसाब से कम अथवा अधिक पोषक तत्वों का मिलना, बागवानी विश्वविद्यालय व बागवानी विभाग द्वारा निर्देशित पौध वृद्धि नियामक (पीजीआर) का अत्यधिक इस्तेमाल भी इसकी एक वजह बताई जा रही है। श्याम शर्मा ने कहा कि सेब का फसल चक्र ऐसा है कि इसमें अकसर तीसरे साल पूरी फसल आती है, जबकि बीच में एक साल फसल काफी

### बागवानी विशेषज्ञ की राय लेकर करें स्प्रे

**बागवानी** विकास अधिकारी चौपाल श्याम शर्मा ने कहा कि पिंक बड (गुलाबी कली) पर 200 लीटर पानी में 200 ग्राम बोरेन, 100 मिली लीटर अलेंटो और फंफूदनाशक मिलाकर इस घोल की स्प्रे करें। श्याम शर्मा ने कहा कि इन दिनों बाजारों में कई किसम के पीजीआर और दवाओं की भरमार है। इनमें से कई पीजीआर और दवाओं को बागवानी विश्विद्यालय और बागवानी विभाग द्वारा मान्यता नहीं है। इसलिए बागीचों में पीजीआर, दवा, छिड़काव और खाद का इस्तेमाल बागवानी विशेषज्ञ की राय लेकर ही करें अन्यथा इसके दुष्परिणाम और भी घातक हो सकते है।

# मौसम विभाग के पुर्वानुमान को लेकर सेब बागवान हुए सतर्क

**दशमी रावत, रोहड़ू**

मौसम विभाग के पुर्वानुमान के अनुसार सेब बागवान सतर्क हो गए है। सेब बागीचों में ओलावृष्टि के प्रकोप से बचने के लिए एंटी हेलनैट लगाई जा रही है।

रोहडू व जुब्बल कोटखाई क्षेत्रों में लगभग सभी बागवानों ने अपने बागीचों में ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान से बचने के लिए सुरक्षा कवच देते हुए अपने पौधों पर एंटी हेलनैट लगाने का कार्य कुछ क्षेत्रों में सफलतापूर्वक पूरा कर दिया है और कुछ क्षेत्रों में आज कल पूरा किया जा रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आगामी दस से 12 अप्रैल के मध्य भारी बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। इसी को मध्यनजर रखते हुए बागवान अपने बागीचों में अच्छी पैदावार को बचाने के लिए एंटी हेलनैट का प्रयोग कर रहे हैं। सेब बाहुल क्षेत्र में कुछ एक क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर ओलावृष्टि अमूमन होती रहती है और बागवानों की फसल आए साल पूरी तरह से तबाह होती रहती है। इस बार सेब के पौधों में फूल आने के दौरान मौसम अनुकूल बना हुआ है और ऐसे समय में फ्लोरिंग इत्यादि का कार्य जोरों पर चला हुआ है। लेकिन इसी बीच मौसम विभाग की ओर से मौसम खराब होने की भी सुचना मिल रही है। (अनंत ज्ञान)

# न्यूज ब्रीफ

## गत चैंपियन टियाफो क्ले कोर्ट चैंपियनशिप के फाइनल में

**ह्यूस्टन।** गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो और शीर्ष वरीय बेन शेल्टन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अमेरिकी पुरुष क्ले



कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी टियाफो ने लूसियानो दारदेरी को 6-2, 7-6 से हराया। वह 2017 और 2018 में स्टीव जॉनसन के बाद खिताब का बचाव करने वाला पहला खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। फाइनल में टियाफो की भिड़ंत अमेरिका के दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी शेल्टन से होगी। इक्कीस साल के शेल्टन ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए टॉम मार्टिन एचेवेरी को 6-7, 6-4, 6-4 से हराकर अपने करियर में दूसरी बार एटीपी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

## त्वेसा संयुक्त 16वें स्थान पर



**केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)।** प्रतिभावान भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां सनशाइन लेडीज टूर पर एब्सा लेडीज आमंत्रण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन रिद्धिमा दिलावरी ने संयुक्त रूप से 30वां स्थान हासिल किया। त्वेसा ने 72, 72 और 74 के स्कोर से कुल दो ओवर 218 का स्कोर बनाया। रिद्धिमा ने 74, 73 और 75 से छह ओवर का कुल स्कोर बनाया।

## जका अशरफ ने बाबर को कप्तानी से हटाने का बचाव किया

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने वनडे विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कप्तान के रूप में बाबर आजम को हटाने के फैसले का बचाव किया है। जका ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के दावों का भी खंडन किया कि उन्होंने उन्हें मोहम्मद रिजवान को सफेद गेंद का कप्तान नियुक्त करने की सलाह दी थी, ना कि शाहीन शाह अफरीदी को जो उनके दामाद हैं।

**आईपीएल-2024** इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को वानखेड़े में 29 रनों से हराया, चार मैचों में मिली पहली जीत

# मुंबई ने चखा पहली जीत का 'स्वाद'

**एजेंसी, मुंबई**

रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी और अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से मुंबई इंडियंस ने रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में पहली जीत का स्वाद चखा।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 205 रन ही बना पाई। मुंबई की तीन हार के बाद यह पहली जीत है जबकि दिल्ली को पांच मैच में चौथी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गई है।

रोहित शर्मा और ईशान किशन ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। उनके आऊट होने के बाद टिम डेविड, कप्तान हार्दिक पांड्या और शेफर्ड ने अच्छी तरह से जिम्मेदारी संभाली।

दिल्ली के लिए पृथ्वी शॉ और अभिषेक पोरेल ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की सांझेदारी करके दिल्ली को शुरुआती झटके से उबारा। ट्रिस्टन स्टब्स ने 27 गेंद पर तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 71 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन बड़े लक्ष्य के दबाव में अन्य बल्लेबाज नहीं चल पाए।



डेविड वार्नर का विकेट लेने के बाद रोमारियो शेफर्ड को बधाई देते मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी।

## आखिरकार नहीं हुई हार्दिक की हूटिंग

**हार्दिक** पांड्या ने आखिरकार कुछ राहत की सांस ली क्योंकि मुंबई इंडियंस के कप्तान की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की।

यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए ईएसए (सभी के लिए शिक्षा और खेल) दिवस पर खेला जा रहा है जिससे स्टैंड पर कई गैर-सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे और स्टैंड पर सिर्फ घरेलू टीम को 'चीयर' करने के लिए शोर सुनाई दे रहा था। हार्दिक पांड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था।



### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित ब. अक्षर | 49 | 27 | 6/3 |
| किशन क. एंड ब. अक्षर | 42 | 23 | 4/2 |
| सूर्यकुमार क. (स्थानापन्न) ब. नोर्त्जे | 00 | 02 | 0/0 |
| हार्दिक क. (स्थानापन्न) ब. नोर्त्जे | 39 | 33 | 3/1 |
| तिलक क. अक्षर ब. खलील | 06 | 05 | 1/0 |
| डेविड (नाबाद) | 45 | 21 | 2/4 |
| शेफर्ड (नाबाद) | 39 | 10 | 3/4 |
| **अतिरिक्त** | 14 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **234/5** | | |

**विकेट पतन** : 1-80, 2-81, 3-111, 4-121, 5-181.
**गेंदबाजी :** खलील 4-0-39-1, ईशांत 3-0-40-0, रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर 4-0-35-2, ललित 1-0-15-0, नोर्त्जे 4-0-65-2

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी ब. बुमराह | 66 | 40 | 8/3 |
| वार्नर क. हार्दिक ब. शेफर्ड | 10 | 08 | 1/1 |
| परोल क. वार्नर ब. बुमराह | 41 | 31 | 5/0 |
| स्टब्स (नाबाद) | 71 | 25 | 3/7 |
| पंत क. हार्दिक ब. कोएत्जी | 01 | 03 | 0/0 |
| अक्षर (रन आऊट) | 08 | 07 | 1/0 |
| ललित क. किशन ब. कोएत्जी | 03 | 04 | 0/0 |
| कुशाग्रा क. तिलक ब. कोएत्जी | 00 | 01 | 0/0 |
| रिचर्डसन क. रोहित ब. कोएत्जी | 02 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 03 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **205**/8 | | |

**विकेट पतन** : 1-22, 2-110, 3-144, 4-153, 5-194, 6-203, 7-203, 8-205.
**गेंदबाजी** : कोएत्जी 4-0-34-4, बुमराह4-0-22-2, मधवाल 4-0-45-0, शेफर्ड 4-0-54-1, नबी 2-0-17-0, चावला 2-0-32-0.

## घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**एजेंसी, चेन्नई**

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपर किंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपर किंग्स को पॉवरप्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं।

मौजूदा टूर्नामेंट में सुपर किंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया।

तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए जिससे सुपर किंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा।

## आरसीबी के बल्लेबाज 'फॉर्म' को लेकर जूझ रहे : कोच एंडी फ्लावर

**जयपुर।** मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपनी टीम की पांच मैच में चौथी हार के बाद कहा कि विराट कोहली की शानदार फॉर्म के बावजूद रॉयल चैलेंजर बेंगलुर (आरसीबी) के बल्लेबाज 'फॉर्म और आत्मविश्वास' को लेकर जूझ रहे हैं। कोहली (113) के शानदार शतक के बावजूद आरसीबी तीन विकेट पर 183 रन ही बना सका जिसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने जोस बटलर की नाबाद 100 रन की पारी की बदौलत जीत दर्ज की। फ्लावर ने कहा, ''हमने पांच में से एक मैच जीता है और कोई भी टीम ऐसी स्थिति में नहीं होना चाहती है। हां, हमारी बल्लेबाजी में कुछ समस्याएं हैं।''



**कैंडिडेट्स शतरंज**

## आर. प्रज्ञानंदा ने विदित को हराया



**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर.प्रज्ञानन्दा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानन्दा की बड़ी बहन आर. वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की। महिला वर्ग में सिर्फ इसी मुकाबले का नतीजा निकला। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना से ड्रॉ खेला।

हिकारू नाकामूरा को अजरबेजान के निजात अबासोव से ड्रॉ खेलने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।महिला वर्ग में भारत की कोनेरू हंपी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए चीन की टैन झोंगयी को बराबरी पर रोका। चीन की ही टिंगजी लेइ ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना से अंक बांटे। रूस की कैटरीना लेगनो और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक की बाजी भी बराबरी पर छूटी।

## एथलेटिक बिलबाओ ने जीता कोपा डेल रे खिताब

**सेविले।** एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूटआउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूटआउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा। इससे पहले नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।

## समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए जहाज आईएनएस शारदा सम्मानित

**नई दिल्ली।** कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने के लिए आईएनएस शारदा को 'ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया। यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज




ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसमें 11 ईरानी और 8 पाकिस्तानी नागरिक थे। इस जहाज को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था।भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस शारदा को अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त कराने का जिम्मा सौंपा गया था। भारतीय जहाज ने रातभर गोपनीय खोज जारी रखने के बाद एक फरवरी की रात में ईरानी जहाज को रोक लिया और दो फरवरी को सुबह हेलिकॉप्टर और उसके बाद प्रहार टीम को उतारा गया।

## चेन्नई में चुनाव अधिकारियों ने तीन लोगों से जब्त किए 4 करोड़

**चेन्नई।** पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने रविवार को बताया कि फ्लाइंग स्क्वाड की एक टीम ने तीन लोगों से 4 करोड़ रुपए जब्त किए हैं, जो चुनावी राज्य तमिलनाडु में तिरुनेलवेली जा रहे थे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने कहा कि आयकर विभाग इस मामले की विस्तृत जांच शुरू करेगा। तीनों व्यक्ति यहां एग्मोर से तिरुनेलवेली जाने वाली ट्रेन में चढ़े थे और अधिकारियों की टीम ने उन्हें कल देर रात पास के तांबरम में रोका और उनके पास से 4 करोड़ रुपए बरामद किए। उनके पास इतनी नकदी ले जाने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। उन पर भाजपा के तिरुनेलवेली लोकसभा उम्मीदवार नैनार नागेंद्रन के समर्थक होने का संदेह है।

## कृति सेनन बोलीं-बॉलीवुड में न तो एकता है और न ही समर्थन

**एजेंसी, मुंबई**

एक्ट्रेस कृति सेनन ने अब तक कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन अब वह अपने एक बयान की वजह से सुर्खियों में हैं। एक इंटरव्यू के दौरान कृति ने इस बात पर अफसोस जाहिर किया कि बॉलीवुड में कभी कोई किसी का सपोर्ट नहीं करता।

एक इंटरव्यू के दौरान कृति ने कहा कि बॉलीवुड में चीजें पहले से बेहतर हैं, लेकिन उन्हें और बेहतर करने की जरूरत है। अगर हम एक-दूसरे का समर्थन करना शुरू कर दें तो हम निश्चित रूप से कुछ अलग कर सकते हैं। एक-दूसरे की सराहना करना भी जरूरी है, लेकिन मुझे यहां ऐसा कुछ भी नहीं दिख रहा है। मुझे इस बात पर भी संदेह है कि अगर कोई वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो लोग वास्तव में उसकी जय-जयकार कर रहे हैं या नहीं। फिल्म फ्लॉप होने पर अक्सर एक्ट्रेस को दोषी ठहराए जाने के सवाल का जवाब देते हुए कृति ने कहा कि मैंने बहुत बुरे कमेंट्स सुने हैं, लेकिन किसी फिल्म का फ्लॉप होना किसी एक शख्स पर नहीं, बल्कि पूरी टीम पर निर्भर करता है। सारा दोष महिलाओं को ही दिया जाता है। ऐसा सिर्फ बॉलीवुड में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी है।



## फ्लोरिडा के बार में हुई गोलीबारी, दो की मौत

**एजेंसी, डोराल (अमेरिका)**

अमेरिका के मियामी में शनिवार तड़के एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य जख्मी हो गए। जांचकर्ताओं ने बताया कि फ्लोरिडा के डोराल के मार्टिनी बार में तड़के करीब साढ़े तीन बजे कुछ लोगों के बीच झगड़ा हो गया।



'मियामी-डाडे पुलिस डिटेक्टिव' अल्वारो जबलेटा ने कहा कि जब एक सुरक्षाकर्मी ने दखल दिया तो एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकाली और सुरक्षाकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। वहां सुरक्षा में तैनात दो पुलिस अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की जिसमें एक बंदूकधारी मारा गया। डोराल के पुलिस प्रमुख एडविन लोपेज ने पत्रकारों को बताया कि गोलीबारी में एक अधिकारी की जांघ पर गोली लगी। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में छह राहगीर भी जख्मी हो गए, जिनमें चार व्यक्ति और दो महिलाएं शामिल हैं। जख्मी पुलिस अधिकारी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## अग्निबाण रॉकेट लॉन्चिंग की तीसरी कोशिश भी नाकाम

**चेन्नई।** अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने अग्निबाण रॉकेट के प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। यह प्रक्षेपण उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले रद्द किया गया। इसके पीछे अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीक खामियों का हवाला दिया है।

बता दें कि अग्निबाण एक सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट है और 22 मार्च से अब तक इसके परीक्षण का यह तीसरा प्रयास था। यह परीक्षण उड़ान श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अग्निकुल लॉन्च पैड पर आयोजित होने वाला था। इससे पहले शनिवार सुबह 7.45 बजे भी प्रक्षेपण की कोशिश की गई थी। यह दूसरा प्रयास था और यह भी सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद रविवार को सुबह 5.30 बजे लॉन्चिंग का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे भी सुबह 7.45 बजे के लिए टाल दिया गया। आईआईटी चेन्नई इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप का कहना है कि अग्निबाण के प्रक्षेपण को उड़ान के 92 सेकंड पर रद्द कर दिया गया।

बता दें कि स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने नवंबर 2022 में विक्रम-एस सब-ऑर्बिटल रॉकेट को लॉन्च किया था। कंपनी का इरादा इसके बाद अग्निकुल को लॉन्च करने का था, जो कि भारत का दूसरा निजी रॉकेट है। कंपनी का कहना है कि अग्निबाण दो चरणों वाला प्रक्षेपण यान है जो लगभग 700 किमी की कक्षा में 300 किलोग्राम तक का पेलोड ले जा सकता है। इस रॉकेट में सेमी-क्रायोजेनिक इंजन लगा है। यह ऐसी तकनीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अभी तक अपने किसी भी रॉकेट में इस्तेमाल नहीं किया है।

## नया भारत अपने नागरिकों को सुरक्षा देना भी जानता है और सीमाओं की सुरक्षा करना भी : योगी

**एजेंसी, जयपुर**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि नया भारत अपने नागरिकों को सुरक्षा देना भी जानता है और अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना भी जानता है। साथ ही आदित्यनाथ ने प्रश्न किया कि क्या आतंकवादियों को मारा जाना सही नहीं है।

आदित्यनाथ ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचार पत्र 'द गार्जियन' की रिपोर्ट का जिक्र कर रहे थे जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियां 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति बढ़े दृष्टिकोण के तहत पाकिस्तान में लक्षित हत्याओं में शामिल थीं। राजस्थान के भरतपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''तीन दिन पहले ब्रिटेन के एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र ने कहा था कि पाक के अंदर 20 दुर्दांत आतंकवादी मारे गए हैं और यह संभव है कि भारत ने उन्हें मारा हो, जो लोग कल तक उन आतंकियों को पनाह देते थे वे अब एयर स्ट्राइक के डर से भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं कर रहे हैं।''

## मणिपुर में 24 हजार विस्थापित डालेंगे मतदाता राहत शिविरों से वोट

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में 11 महीनों से जारी संघर्ष, 50000 से अधिक लोगों के विस्थापित होने तथा कुछ लोगों में चुनाव विरोधी भावना होने के बीच निर्वाचन आयोग राज्य में लोकसभा चुनाव कराने के चुनौतीपूर्ण काम के लिए जुट गया है। राज्य में चुनाव सरगर्मियां फीकी नजर आ रही हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) प्रदीप कुमार झा ने कहा कि आगामी चुनाव में 24,500 से अधिक विस्थापित लोगों की पहचान पात्र मतदाता के रूप में की गई। उन्होंने कहा कि वे राहत शिविरों से मताधिकार का उपयोग कर सकें, इसके लिए उनकी खातिर विशेष व्यवस्था की गई है। झा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में कुल 2,955 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत की पहचान संवेदनशील या अति संवेदनशील के रूप में की गई है। हम 94 ऐसे विशेष मतदान केंद्र भी स्थापित कर रहे हैं जहां आंतरिक रूप से विस्थापित लोग (आईडीपी) मतदान कर सकें।

उन्होंने कहा कि इन मतदाताओं से सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने के लिए विशेष दलों का गठन किया गया है। हमने मतदाता जागरूकता गतिविधियां भी शुरू कर दी हैं।

## अडाणी समूह नवीकरणीय ऊर्जा, विनिर्माण क्षमता में करेगा 2.3 लाख करोड़ का निवेश

**एजेंसी, खावड़ा/अहमदाबाद**

अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर एवं पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। एजीईएल के पास फिलहाल 10,934 मेगावाट (10.93 गीगावाट) का परिचालन पोर्टफोलियो है।

एजीईएल 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रख रही है। इसमें से 30 गीगावाट क्षमता सिर्फ एक स्थान खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना से आएगी। एजीईएल के प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन ने कहा, 'हमने अभी खावड़ा में 2,000 मेगावाट (दो गीगावाट) क्षमता चालू की है और चालू वित्त वर्ष (2024-25) में चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट जोड़ने की योजना है।'

## मोदी समर्थक ने अंगुली काटकर मां काली को चढ़ाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक व्यक्ति ने पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए प्रार्थना करते हुए अंगुली काट कर मां काली को चढ़ा दी। यह मामला शनिवार को सामने आया। अरुण वर्नेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े समर्थक हैं। उन्होंने अपने आवास पर पीएम मोदी का मंदिर भी बनवाया है। अंगुली काटने के बाद उन्होंने घर की दीवारों पर खून से लिखा मां काली, मोदी बाबा की रक्षा करो।

पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। मीडिया से बात करते हुए अरुण वर्नेकर ने कहा कि पीएम मोदी के केंद्र में आने के बाद से चीन और पाकिस्तान के कारण होने वाली परेशानियां खत्म हो गई हैं। पहले कश्मीर से आतंकवादी गतिविधियों और सैनिकों की मौत की खबरें आती थीं। अब क्षेत्र शांतिपूर्ण है। देश के विकास के लिए एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की जरूरत है।

**गुस्सा** चुनाव की मांग को लेकर नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन तेज

## हमास के खिलाफ इसराइल युद्ध के 6 माह पूरे

**एजेंसी, तेल अवीव**

गाजा में हमास के खिलाफ छह माह से चल रहे इजराइल युद्ध के बीच शनिवार को बड़ी संख्या में इजराइल के नागरिकों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नेतन्याहू के इस्तीफे और देश में जल्द चुनाव की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने हमास की तरफ से बंधक बनाए लोगों की रिहाई का आह्वान किया। प्रदर्शनकारी रविवार को फिर सड़कों पर उतरेंगे और येरुशलम में रैली निकालने योजना बनाई गई है।



फाइल फोटो

गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध रविवार को सातवें महीने में प्रवेश कर गया। इसके साथ ही नेतन्याहू सरकार का विरोध तेज हो रहा है और एक बार फिर बड़ी संख्या में लोगों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अब जल्द चुनाव की मांग कर रहे हैं। इस मांग को लेकर राजधानी सहित कई दूसरे शहरों में रैलियां आयोजित कर नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी की। ऐसी ही एक रैली में इजराइल के विपक्षी नेता येर लैपिड ने हिस्सा

### आज येरूशलम में रैली

लिया और प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जबतक हम उन्हें घर नहीं भेजेंगे, वे इस देश को आगे नहीं बढ़ने देंगे।

इजराइल के आंकड़ों के अनुसार, हमास के हमले में दक्षिणी इजराइल में 1,170 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकांश आम नागरिक थे, जबकि हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमास के खिलाफ इजराइल के जवाबी हमले में गाजा में कम से कम 33,137 लोग मारे गए हैं।